# देशबन्धु

वर्ष – 34 । अंक – 305 । भोपाल, शनिवार 4 नवम्बर 2023 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 3.00 रुपए







रीवा जिले की चुनावी सभाओं में नड्डा ने चुनावी सभाओं में साधा निशाना, कहा-

## कांग्रेस ने लड़ने और घोटालों के सिवाय कुछ नहीं किया

**रीवा/भोपाल, देशबन्धु।** भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा है कि जहां भी कांग्रेस की सरकारें रही हैं, उन्होंने आपस में लड़ने, बहानेबाजी करने और घोटालों के सिवाय कुछ नहीं किया। उन्होंने कहा कि जो कमलनाथ 15 महीनों की सरकार में मुख्यमंत्री रहे, उनके रिश्तेदारों के करोड़ों रुपए के घोटाले पकड़े गए या नहीं? उनके ओएसडी के घर से करोड़ों रुपये बरामद हुए या नहीं? मतलब साफ है, जहां कमल खिलता है, वहां विकास होता है। जहां कांग्रेस आती है वहां घोटाला होता है। इसलिए आप सभी विकास के लिए भारतीय जनता पार्टी को अपना आशीर्वाद दें। श्री नड्डा ने रीवा, सिरमौर और त्यौथर में आयोजित सभाओं को संबोधित करते हुए यह बात कही। इन सभाओं को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा और मंत्री एवं रीवा से पार्टी प्रत्याशी राजेंद्र शुक्ल सहित कई नेताओं ने संबोधित किया।



श्री नड्डा ने कहा कि आने वाला चुनाव जीत-हार का चुनाव नहीं है। ये विधायक बनाने का चुनाव भी नहीं है। ये आपके हितों का चुनाव है। इस चुनाव में आपको इस बात का निर्णय करना है कि अगले पांच सालों तक कौन आपके हितों की रक्षा कर सकता है। इसलिए ये देखकर वोट मत कीजिए कि कौन आपकी जाति का है, आपके इलाके का है, आपकी भाषा बोलता है या आपका रिश्तेदार है। आपको अपने वोट का फैसला इस आधार पर करना है कि पांच सालों तक कौन सा व्यक्ति और कौन सी पार्टी आपके हितों की रक्षा और विकास कर सकते हैं। श्री नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार गांव, गरीब, पीड़ित, वंचित, शोषित, पिछड़े, युवा और महिला हर वर्ग के हितों के बारे में सोचती है और सभी को ताकत दे रही है। श्री नड्डा ने कहा कि मैं मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान को बधाई देता हूं, जिनके कार्यकाल में प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय 10 गुना बढ़ी है। मध्यप्रदेश ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

कमलनाथ, बघेल और गहलोत पर किया सीधा हमला, बोले-

### दिल्ली दरवार में पैसा भेजते वाले यह नेता

श्री नड्डा ने कांग्रेस नेता कमलनाथ, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर सीधा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि यह नेता दिल्ली दरवार (कांग्रेस आलाकमान) को पैसा भेजने वाले कलेक्टर हैं। उन्होंने कहा कि आपने जब कांग्रेस को चुना था, तो उसने घोटालों के सिवा क्या किया? कोयला घोटाला, अगस्ता वेस्टलैंड घोटाला, कॉमनवेल्थ घोटाला, 2-जी घोटाला, आदर्श हाउसिंग सोसाइटी घोटाला ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

मुख्यमंत्री ने चुनावी सभाओं को किया सम्बोधित, बोले-

## गठबंधन तो बिखर गया अब कांग्रेस पार्टी की बारी

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि इंडी गठबंधन भी पूरी तरह बिखर गया है। अब तो नीतीश कुमार ने भी कह दिया है कि कांग्रेस दूसरी पार्टियों की चिंता नहीं करती है। कांग्रेस में केवल परिवारों की ही चिंता होती है। गठबंधन तो बिखर गया है। अब कांग्रेस पार्टी बिखर रही है और अब सफाई देनी पड़ रही है हम साथ-साथ हैं।

श्री चौहान ने खरगापुर, बिजावर, पथरिया, हटा, मुड़वारा, पनागर और जबलपुर की 4 सीटों पर भाजपा उम्मीदवारों के समर्थन में चुनावी सभाओं को संबोधित किया। वहीं जबलपुर में रोड शो करके कार्यकर्ता सम्मेलन में भी शामिल हुए। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कांग्रेस और कमलनाथ पर जमकर हमला बोला। उन्होंने सभा में कमलनाथ के सवा साल में किए गए पापों को एक-एक कर गिनाया और कहा कि कमलनाथ जवाब दें कि, उन्होंने प्रदेश की जनता के हित में चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं को क्यों बंद किया?

उन्होंने ने कहा कि कांग्रेस ने प्रदेश को तबाह कर दिया था लेकिन देश, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चौमुखी विकास कर रहा है, और डबल इंजन की सरकार में मध्यप्रदेश में भी तेज़ गति से विकास की गंगा बह रही है। श्री चौहान ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि सवा साल कांग्रेस ने क्राइम, कमीशन और करप्शन की ही सरकार चलाई। और इसलिए कांग्रेस की सरकार उनके ही पाप के बोझ से ही गिर गई।



मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि सोनिया गांधी अपने बेटा-बेटी को स्थापित करने में जुटी हुई हैं। कमलनाथ और दिग्विजय सिंह भी परंपरा निभाते हुए अपने-अपने बेटों को स्थापित करने में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि कमलनाथ के बेटे नकुलनाथ तो खुद ही छिंदवाड़ा के टिकट बाँट देते हैं, और उसके बाद कांग्रेस डिक्लियर करती है।

श्री चौहान ने आरोप लगाया कि हम हर खेत में पानी पहुंचाएंगे। मैं प्रधानमंत्री जी को केन और बेतवा योजना मंजूर करने पर धन्यवाद देता हूं। अब 20 लाख हेक्टेयर में पानी आएगा। उन्होंने जनसमुदाय से पूछा बताओ कांग्रेस ने कभी पानी दिया था क्या..? उन्होंने कहा कि जिस कांग्रेस में ही पानी नहीं बचा वो जनता को क्या पानी देंगे।

### कमलनाथ, दिग्विजय को बताया श्याम-छेनू की जोड़ी

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता तो कमलनाथ, दिग्विजय को जय-वीरू की जोड़ी बता रहे हैं। अब यह जोड़ी जय-वीरू की नहीं रही बल्कि श्याम-छेनू की जोड़ी है। दरअसल एक फिल्म आई थी 'मेरे अपने' जिसमें श्याम और छेनू की जोड़ी थी और दोनों अपने-अपने मोहल्ले में कब्जे के लिए लड़ते थे, वैसे ही ये आपस में लड़ रहें हैं।

मंदसौर की चुनावी सभा में पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा-

## किसान आंदोलन में दर्ज मुकदमे वापस लिए जाएंगे

**भोपाल, देशबन्धु।** पूर्व मुख्यमंत्री और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने कहा कि कांग्रेस की सरकार आने पर नौजवानों को रोजगार, सौ यूनिट बिजली मुफ्त, किसानों को 5 हार्स पावर बिजली मुफ्त देने का काम करेंगे और 26 सौ रुपये गेहूं, 25 सौ रुपये धान के लिए समर्थन मूल्य देंगे। उन्होंने कहा कि मंदसौर किसान आंदोलन के समय पर हुए मुकदमे वापस लेने का काम कांग्रेस सरकार करेगी।



आज मंदसौर में जनसभा को संबोधित करते हुए ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि मंदसौर हमारी संस्कृति और सभ्यता का प्रतीक है। उन्होंने नौजवानों से कहा कि हमारे देश की संस्कृति जोड़ने की संस्कृति है और आप इस संस्कृति की रक्षक हैं। उन्होंने कहा कि इसलिए मैं नौजवानों पर जोर देते हुए कहता हूं कि आप इस प्रदेश के भविष्य के रक्षक है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी चुनाव के अपने-अपने मायने होते हैं, मैंनें अपने जीवन में कई चुनाव जीते हैं और लड़े हैं, लेकिन प्रदेश के भविष्य के लिए कोई चुनाव हो रहा हो ये मैं पहली बार देख रहा हूं।

उन्होंने 18 साल में शिवराज सिंह चौहान की सरकार में केवल घोटालों का ही विकास हुआ प्रदेश का नहीं। आज प्रदेश का प्रत्येक नागरिक भ्रष्टाचार का शिकार है और पीड़ित है। जो नौजवान खड़े यहां हुए हैं वह बेरोजगार हैं, किसान परेशान हैं। मैं आपको बताना चाहता हूं कि प्रदेश के नौजवान और उनका भविष्य हमारे लिए सबसे बड़ी चुनौती है। कमलनाथ ने कहा कि भाजपा सरकार ने प्रदेश को पूरे तरीके से चौपट कर रखा है, भाजपा सरकार ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

दिल्ली के रामलीला मैदान में हुई चेतावनी रैली में भरी हुंकार

## पुरानी पेंशन बहाली को कर्मचारी लामबंद



**नई दिल्ली, देशबन्धु।** पुरानी पेंशन बहाली सहित कई दूसरी मांगों को लेकर शुक्रवार को दिल्ली के रामलीला मैदान में सरकारी कर्मियों ने चेतावनी रैली आयोजित की है। इससे पहले ओपीएस की मांग पर बड़ी दो रैलियां हो चुकी हैं। कॉन्फेडरेशन ऑफ सेंट्रल गवर्नमेंट एंप्लाइज एंड वर्कर्स के बैनर तले आयोजित हुई इस रैली में ऑल इंडिया स्टेट गवर्नमेंट एंप्लाइज फेडरेशन सहित करीब 50 कर्मचारी संगठनों हिस्सा लिया। कर्मियों का कहना था कि केंद्र सरकार को ओपीएस सहित दूसरी मांगों पर सकारात्मक विचार करना होगा। अगर केंद्र सरकार, एनपीएस की समाप्ति और ओपीएस की बहाली जैसी अन्य मागें नहीं मानती है, तो कर्मचारी, अनिश्चितकालीन हड़ताल जैसा कठोर कदम भी उठा सकते हैं।

कॉन्फेडरेशन ऑफ सेंट्रल गवर्नमेंट एंप्लाइज एंड वर्कर्स के महासचिव एसबी यादव ने कहा कि केंद्र सरकार में रिक्त पदों को नियमित भर्ती के जरिए भरना, निजीकरण पर रोक, आठवें वेतन आयोग का गठन और कोरोनाकाल में रोके गए 18 महीने के डीए का एरियर जारी करना, ये बातें भी कर्मचारियों की मुख्य मांगों में शामिल हैं। सरकारी कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर पिछले साल से ही चरणबद्ध तरीके से प्रदर्शन किए जा रहे हैं। दिसंबर 2022 को दिल्ली के तालकटोरा इंडोर स्टेडियम में कर्मियों के ज्वाइंट नेशनल कन्वेंशन के घोषणा पत्र के मुताबिक, कर्मचारियों की मुहिम आगे बढ़ाई जा रही है। राज्यों में भी कर्मियों की मांगों के लिए सम्मेलन/सेमिनार और प्रदर्शन आयोजित किए गए हैं। अब इस कड़ी में दिल्ली के रामलीला मैदान में रैली आयोजित की गई है। इस रैली में देश के विभिन्न हिस्सों से सरकारी कर्मियों ने हिस्सा लिया।

### रैली में 50 कर्मचारी संगठनों ने लिया हिस्सा

### 10 दिसम्बर को होगी चौथी रैली

दिल्ली का रामलीला मैदान, पुरानी पेंशन के लिए सरकारी कर्मियों की लड़ाई का गवाह बन रहा है। तीन बड़ी रैलियों के बाद 10 दिसम्बर को ऑल इंडिया एनपीएस एंप्लाइज फेडरेशन द्वारा पेंशन जयघोष महारैली की जाएगी। इस रैली की थीम नेशनल मिशन फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम भारत रखी गई है। ऑल इंडिया एनपीएस एंप्लाइज फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.मंजीत पटेल का कहना है कि अगर दस दिसंबर तक केंद्र सरकार, पुरानी पेंशन बहाल नहीं करती है तो उस रैली में अनिश्चितकालीन हड़ताल की घोषणा की जाएगी।




# आयोग का निर्णय: विस चुनाव में लगेंगे संविदा कर्मचारी

## नहीं बन सकेंगे पीठासीन अधिकारी

**भोपाल, देशबन्धु।** भारत निर्वाचन आयोग ने प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए कर्मचारियों की कमी की स्थिति को देखते हुए मध्य संविदा कर्मचारियों की सेवाएं चुनाव में लेने के निर्देश दे दिए हैं। आयोग ने कहा है कि इन कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जा सकती है , लेकिन किसी को पीठासीन अधिकारी नहीं बनाया जाएगा।

चुनाव आयोग की ओर से जारी आदेश में कहा है कि संविदा कर्मचारियों की ड्यूटी संबंधित जनपद द्वारा केवल इस स्थिति में लगाई जाएगी जब जनपद द्वारा यह प्रमाणित किया जाएगा कि मंडल के पूल से चुनाव के लिए मिलने वाले कर्मचारियों का पूरी तरह से उपयोग किया जा रहा है और अब चुनाव के लिए कर्मचारी उपलब्ध नहीं हैं जबकि निर्वाचन के लिए कर्मचारी की आवश्यकता है। आयोग ने कहा है कि जहां तक संभव हो संविदा कर्मचारियों को आरक्षित समूह में रखा जाएगा। इसके बाद भी अगर ड्यूटी लगाने की स्थिति बनती है तो इनकी ड्यूटी केवल मतदान अधिकारी दो और मतदान अधिकारी तीन के रूप में लगाई जा सकेगी। किसी भी परिस्थिति में इन कर्मचारियों को पीठासीन अधिकारी नहीं बनाया जाएगा। यह भी कहा गया है कि किसी भी दशा में किसी मतदान दल में एक से अधिक संविदा कर्मचारी को नहीं लगाया जा सकेगा।

गौरतलब है कि पूर्व में भारत निर्वाचन आयोग ने विधानसभा चुनाव के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी लगाए जाने को लेकर दिए निर्देश में साफ तौर पर संविदा कर्मचारियों की ड्यूटी लगाए जाने से इनकार किया था। लेकिन प्रदेश में कर्मचारियों की कमी की स्थिति देखते हुए कलेक्टरों द्वारा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को पत्र लिखकर चुनाव कार्य के लिए संविदा कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने के लिए कहा गया था। इसके बाद मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने चुनाव आयोग को पत्र लिखकर संविदा कर्मचारियों की ड्यूटी चुनाव में लगाए जाने के लिए अनुमति मांगी थी।

## चुनाव की ककहरा सीखेंगे भोपाल के 9 हजार कर्मचारी

### दो केन्द्रों पर 6 नवंबर से 3 दिन चलेगा प्रशिक्षण

### डॉक मत पत्र भी डाले जाएंगे




**भोपाल, देशबन्धु।** भोपाल के कुल 9018 कर्मचारियों को 6 से 8 नवंबर तक चुनाव का दूसरा प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह कर्मचारी दो केन्द्रों पर ईवीएम, मॉक पोल, वोटिंग, मतदान सामग्री लेने से लेकर जमा कराने तक की प्रक्रिया सीखेंगे। प्रशिक्षण के दौरान ही वे डाक मत पत्र से अपना मतदान करेंगे।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) ऋतुराज ने बताया कि 6 नवंबर को मोतीलाल विज्ञान कॉलेज और महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज में प्रशिक्षण की शुरुआत होगी। 105 मास्टर ट्रेनर्स इन कर्मचारियों को प्रशिक्षण देंगे। कर्मचारियों को सुबह 8 से शाम 7 बजे तक दो सत्रों में प्रशिक्षण मिलेगा। प्रत्येक सत्र में 9 सौ-9 सौ कर्मचारियों को चुनाव से जुड़ी हर जानकारी दी जाएगी। पी-2 और पी-3 यानी मतदान कराने वाले कर्मचारियों के लिए यह अंतिम प्रशिक्षण होगा। इसके बाद उन्हें प्रशिक्षण नहीं मिलेगा। इसलिए उन्हें चुनाव आयोग की पुस्तिका भी दी जाएगी। वहीं पीओ यानी पीठासीन अधिकारी और पी-1 यानी मतदान अधिकारी को एक बार फिर 14 नवंबर को अंतिम प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान ही कर्मचारियों को यह पता चल जाएगा कि उनकी ड्यूटी किस विधानसभा क्षेत्र में लगेगी। हालांकि, मतदान केंद्र के बारे में उन्हें बाद में ही पता चल सकेगा। इससे पहले शुक्रवार को जिला पंचायत में कलेक्टर आशीष सिंह की मौजूदगी में सभी मास्टर ट्रेनर्स की बैठक भी की गई। इस बैठक में उन्हें चुनाव आयोग की पुस्तिका दी गई और एक-एक कर चर्चा भी की। कलेक्टर ने सभी से कहा कि प्रशिक्षण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। यह पूरी तरह से त्रुटि रहित हो। इस बैठक में सीईओ ऋतुराज, एडिशनल सीईओ डॉ. विनोद यादव, उप जिला निर्वाचन अधिकारी रविशंकर राय, सहायक नोडल अधिकारी संदीप श्रीवास्तव, डॉ. आरके शर्मा भी मौजूद थे।

### 10 फीसदी कर्मचारी आरक्षित रहेंगे

जिले में कुल 2049 मतदान केंद्र हैं। प्रत्येक केंद्र पर चार अधिकारी-कर्मचारी (पीओ, पी-1, पी-2 और पी-3) की ड्यूटी लगेगी। इस हिसाब से कुल 8 हजार 196 अधिकारी-कर्मचारी है। इनके अलावा 10 फीसदी कर्मचारी आरक्षित तौर पर रहेंगे। ताकि, जरूरत पड़ने पर उनकी ड्यूटी लगाई जा सके।

## रात में बनी रहेगी गुलाबी ठंड, दिन में धूप कायम

**भोपाल, देशबन्धु।** वर्तमान में कोई प्रभावी मौसमी सिस्टम सक्रिय नहीं है। हवाओं का रुख बार-बार बदल रहा है। इस वजह से जहां रात के समय तो गुलाबी ठंड बरकरार है, वहीं दिन के समयं धूप में तल्खी बनी हुई है। उधर, शुक्रवार को लगभग 16 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से उत्तर-पूर्वी हवाएं चलीं। इससे कई शहरों में दिन के तापमान में दो डिग्री सेल्सियस से अधिक तक की कमी दर्ज की गई। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक मौसम का इस तरह मौसम का मिजाज अभी चार-पांच दिन बना रह सकता है।

मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ मौसम विज्ञानी अशफाक हुसैन ने बताया कि वर्तमान में कोई प्रभावी मौसम प्रणाली सक्रिय नहीं है। हवा का रुख कभी दक्षिणी तो कभी पूर्वी हो रहा है। इस वजह से प्रदेश में सभी शहरों में दिन का तापमान सामान्य से कुछ अधिक बना हुआ है। इससे धूप में तल्खी महसूस हो रही है। हालांकि, रात के समय हवा का रुख बीच-बीच में पूर्वी, उत्तर-पूर्वी होने लगता है। इससे रात का तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से कम बना हुआ है और गुलाबी ठंड का अहसास बरकरार है। गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात प्रदेश में सबसे कम 14.4 डिग्री सेल्सियस तापमान राजगढ़ में दर्ज किया गया।

मौसम विज्ञान ने बताया कि आमतौर पर ठंड के मौसम में प्रभावी पश्चिमी विक्षोभ के उत्तर भारत में सक्रिय होने से वहां के पहाड़ों पर बर्फबारी होती है और मैदानी इलाकों में वर्षा होती है। उसके बाद उत्तर की तरफ से हवाएं आने पर प्रदेश में ठंड बढ़ने लगती है, लेकिन इस बार अभी तक कोई तीव्र आवृति का पश्चिमी विक्षोभ उत्तर भारत में नहीं आया है। इस वजह से अपेक्षाकृत ठंड की शुरुआत नहीं हुई है।

## निफ्ट ने दी नई सौगात, : पढ़ाई के साथ पसंद का सिनेमा देख सकेंगे फैशन के विद्यार्थी



**भोपाल, देशबन्धु।** विद्यार्थियों के लिए पढ़ाई के साथ-साथ मनोरंजन भी जरूरी है। इसी को देखते हुए नेशनल इंस्टीट्यूट आफ फैशन टेक्नोलाजी (निफ्ट) में डिजिटल स्क्रीनिंग की व्यवस्था की गई है, जहां विद्यार्थी पढ़ाई के साथ-साथ अपने पंसद के सिनेमा का भी आनंद ले सकेंगे। लेकिन यह सुविधा उन्हें सप्ताह में एक बार मिलेगी। इस स्क्रीनिंग की व्यवस्था निफ्ट के सभागार में की गई है। इसका उद्घाटन डायरेक्टर लेफ्टिनेंट कर्नल आशीष अग्रवाल ने किया।

निफ्ट के छात्र विकास और गतिविधि समन्वयक डा. प्रभात कुमार ने बताया कि हमारा परिसर शहर से दूर होने के कारण सिनेमा देखने जाने वाले विद्यार्थियों का बहुत वक्त और पैसा बर्बाद होता है। इसीलिए सिनेमाघर को निफ्ट के विद्यार्थियों के लिए कालेज में ही बनाने का फैसला किया, ताकि पढ़ाई के साथ थोड़ा सा समय मनोरंजन भी किया जा सके। इस व्यवस्था के तहत विद्यार्थी मात्र 200 रुपये देकर महिने में चार फिल्मों को देख सकेंगे। इस स्क्रीनिंग की पहली फिल्म मिशन रानीगंज द ग्रेट भारत रेस्क्यू है जो कि सच्ची घटनाओं पर आधारित है, जिसके मुख्य अभिनेता अक्षय कुमार हैं। डॉ. कुमार ने बताया कि शुरुआती दिनों में इस डिजिटल सिनेमा की स्क्रीनिंग मल्टीपरपज हाल में ही की जा रही है, लेकिन विद्यार्थियों की रुचि को देखते हुए डिजिटल सिनेमा स्क्रीनिंग को सभागार में भी किया जा सकता है। निफ्ट की ओर से विद्यार्थियों को सिनेमाघर जैसा का पूरा आनंद देने के लिए चाय-नाश्ते की भी व्यवस्था की गई है।

## डंपर की टक्कर से एक युवक की मौत, दूसरे की हालत गंभीर

**भोपाल, देशबन्धु।** कटारा हिल्स थाना इलाके में गुरुवार रात तेज रफ्तार डंपर ने मोटर साइकिल सवार दो लोगों को अपनी चपेट में लिया। इस हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गया।

कटारा हिल्स थाना पुलिस के मुताबिक 37 वर्षीय संजू नाथ पुत्र प्रभुनाथ श्यामपुर दोराहा, जिला सीहोर का रहने वाला था। गुरुवार रात करीब साढ़े आठ बजे वह अपने दोस्त सतीश नाथ के साथ बाइक से भोपाल से श्यामपुर की ओर जा रहा था। तभी 11 मील बायपास रोड पर उनकी बाइक को सामने से तेज रफ्तार से आ रहे डंपर ने टक्कर मार दी। इस हादसे में संजू नाथ की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी सतीश गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना की खबर लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची और संजू के शव को पोस्टमार्टम के लिए एम्स भेजकर सतीश को उपचार के लिए भर्ती कराया है। उसकी हालत भी नाजुक बनी हुई है। पुलिस के मुताबिक हादसे के बाद चालक डंपर को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। लिहाजा डंपर जब्त कर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

### महिला ने फांसी लगाई

उधर, बिलखिरिया थाना इलाके में एक महिला ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस के मुताबिक 37 वर्षीय पार्वती बाई पत्नी महेंद्र पीरिया मोहल्ला में रहती थी। गुरुवार शाम उसने अपने घर में फांसी लगा ली। घटना स्थल से कोई पत्र नहीं मिलने से फिलहाल खुदकुशी की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। हालांकि शुरुआती जांच में पता चला है कि पारिवारिक विवाद के चलते महिला ने यह कदम उठाया है। फिलहाल मर्ग दर्ज विवेचना की जा रही है।

## आज निकाली जाएगी मतदाता जागरुकता रैली

**भोपाल, देशबन्धु।** रामकृष्ण धर्मार्थ फाउंडेशन (आरकेडीएफ) विश्वविद्यालय द्वारा 4 नवंबर को शहर में मतदाता जागरूकता रैली निकाली जाएगी। इस रैली में आरकेडीएफ समूह के सभी विश्वविद्यालय अपने कर्मचारियों, अधिकारियों, शिक्षकों और छात्रों के साथ 5 हज़ार की संख्या में शामिल हो रहे हैं। कुलपति प्रो.विजय कुमार अग्रवाल बताया कि रैली का शुभारंभ आरकेडीएफ गांधीनगर परिसर से किया जाएगा और शहर के विभिन्न क्षेत्रों से घूमते हुए इसका समापन 11 मील चौराहे पर होगा। विश्वविद्यालय द्वारा यह आयोजन निर्वाचन कार्यालय और जिला प्रशासन के सहयोग से किया जा रहा है। प्रात: श11 बजे शुरू होने वाली इस रैली में आरकेडीएफ समूह के सभी विश्वविद्यालयों के कुलपति, कुल सचिव और वरिष्ठ अधिकारी शामिल रहेंगे जो लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करेंगे और मताधिकार का प्रयोग करने के लिए आग्रह करेंगे।

## एलएनसीटी विवि कबड्डी टीम प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए इंदौर रवाना



**भोपाल, देशबन्धु।** अखिल भारतीय विश्वविद्यालय के तत्वाधान में देवी अहिल्याबाई विश्वविद्यालय इंदौर में आयोजित होने वाली बेस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी कबड्डी प्रतियोगिता के लिए एलएनसीटी विश्वविद्यालय कबड्डी टीम घोषित कर दी गई है। यह टीम प्रतियोगिता में भाग लेने इंदौर रवाना हो गई। इस टीम में मुकेश,(बीपीईएस) कप्तान, निखिल हावड़िया (एमपीईएस), आरजू अली अंसार (बीपीईएस), संजय भांडोड़ (बीपीईएस), वसीम (बीपीईएस), नैतिक विश्वकर्मा (बीपीईएस), कुलदीप मिश्रा (बीपीईएस) राहुल वर्मा (बीपीईएस), अभिनव यादव (बीटैक), रितिक बीएससी एग्रीकल्चर), सुमित (बीएससी एग्रीकल्चर), शुभम सिंह (बीकॉम ) शामिल है। एलएनसीटी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति जय नारायण चौकसे, प्रो चांसलर डॉ. अनुपम चौकसे , एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ. धर्मेंद्र गुप्ता, रजिस्ट्रार डॉ. अजीत सोनी, डीन एडमिनिस्ट्रेशन डॉ. अशोक राय, पंकज जैन ने सभी चयनित खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी।

## वन विहार में ठीक होगा बांधवगढ़ में घायल मिला बाघ

**भोपाल, देशबन्धु।** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में घायल अवस्था में मिले नर बाघ का भोपाल के वन विहार नेशनल पार्क में इलाज होगा। हड्डी टूटने की वजह से उसकी हालत बिगड़ गई थी। यहां उसे वन्यप्राणी चिकित्सकों की देखरेख में रखा गया है। बांधवगढ़ के पनपथा बफर की जगुआ बीट स्थित सरईहाहार में 2 नवंबर को नर बाघ घायल अवस्था में मिला था। इसके बाद उसे जबलपुर स्थित स्कूल ऑफ वाइल्ड लाइफ फॉरेंसिक एंड हेल्थ संस्थान में लाया गया था। यहां जांच में बाघ की हड्डी टूटी होना सामने आई थी। इसके बाद बाघ को शुक्रवार को वन विहार में लाया गया। यहां उसे वन्यप्राणी चिकित्सालय स्थित इंडोर वार्ड में रखा गया है। वन विहार की डायरेक्टर पद्मप्रिया बालकृष्णम ने बताया कि घायल बाघ की सतत निगरानी की जा रही है।

## आटो में सवार बदमाशों ने युवक को चाकू मारकर लूटा


**भोपाल, देशबन्धु।** झांसी से भोपाल एम्स में भर्ती अपने एक रिश्तेदार से मिलने आए युवक के साथ आटो में सवार कुछ बदमाशों ने लूटपाट कर दी। विरोध करने पर बदमाशों ने उसे चाकू मारकर घायल कर दिया। विधानसभा चुनाव के दौरान हुई इस वारदात ने पुलिस की सख्ती के दावे पर सवालिया निशान लगा दिया है। फिलहाल पुलिस सीसीटीवी की तस्वीरों को खंगालकर आरोपियों की पहचान करने की कोशिश कर रही है। छोला मंदिर थाना पुलिस के मुताबिक 24 वर्षीय विशाल नायक, झांसी का रहने वाला है। विशाल का रिश्तेदार भोपाल एम्स में इलाज के लिए भर्ती है। उससे मिलने के लिए विशाल सुबह चार बजे बस से नादरा बस स्टैंड पहुंचा था। बस से उतरने के बाद वह एम्स जाने के लिए साधन तलाश रहा था। उसने वहां खड़े ई-रिक्शा के चालक से एम्स चलने की बात की। रिक्शा में पहले से दो युवक बैठे हुए थे। चालक ने एम्स जाने के लिए हामी भर दी, लेकिन कहा कि पहले इन दो सवारियों को शिवनगर छोड़ेगा। विशाल को भोपाल की बस्तियों के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। इसलिए वह एम्स जाने के भरोसे में आटो में सवार हो गया। इसके बाद चालक आटो लेकर छोला मंदिर इलाके के कल्याण नगर पहुंचा। वहां सवारी बनकर बैठे दो युवकों में से एक ने चाकू निकालकर विशाल के गले पर अड़ा दिया। विरोध करने पर बदमाशों ने विशाल को चाकू मारकर घायल कर दिया और उसका पर्स और मोबाइल फोन छीन लिया। लूटपाट करने के बाद लुटरे ई-रिक्शा लेकर वहां से फरार हो गए। विशाल की शिकायत पर पुलिस ने तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ मारपीट कर लूट करने का अपराध दर्ज कर लिया है। पुलिस नादरा बस स्टैंड से लेकर कल्याण नगर तक मौजूद सीसीटीवी कैमरों की तस्वीरों से बदमाशों का हुलिया पता करने का प्रयास कर रही है।

## भोपाल हाट में हुआ खादी फैशन शो का आयोजन



**भोपाल, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा खादी एवं ग्रामोद्योग उत्पादों के प्रचार-प्रसार एवं विक्रय हेतु 8 नवम्बर तक भोपाल हाट में खादी महोत्सव 2023 का आयोजन किया जा रहा है । इस आयोजन के दौरान 3 नवम्बर को भोपाल हाट, परिसर में खादी फैशन शो का आयोजन किया गया है । इस आयोजन में युवा वर्ग द्वारा आधुनिक परिवेश में नवीनतम डिजायनों में तैयार खादी वस्त्रों का प्रदर्शन किया गया । इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आमजन विशेष कर युवा वर्ग को खादी के उपयोग के प्रति प्रोत्साहित करना है । इस खादी फैशन शो का आयोजन शहर के फैशन डिजायनर एफ. एम. शकील खान, कोरियोग्राफिक्स डी. रॉक के सहयोग से किया गया । इस खादी फैशन शो में शो स्टॉपर डॉ. रीनू यादव (मिसेस इंडिया इंटरनेशनल) द्वारा रेम्प पर 11 पुरुष एवं 8 महिला मार्डेल्स द्वारा अपनी प्रस्तुती दी।

## चेतना राष्ट्रीय नाट्य समारोह: खुली छत पर हुआ 2 नाटकों का मंचन



नाटक समीक्षा
● सुनील सक्सेना

*चेतना रंग समूह भोपाल की वरिष्ठ नाट्य संस्थाओं में से एक है। पिछले इक्कीस वर्षों से सक्रिय ये संस्था अपने अभिनव प्रयोगों के लिए जानी जाती है। सरकार आपके द्वार की तर्ज पर नाटक आपके द्वार की मुहिम इस संस्था के कर्ताधर्ता आशीष श्रीवास्तव ने प्रारंभ की है। आशीष वर्ष 2016 से भोपाल के नए विकसित उपनगर नीलबड़ में चेतना टैरेस टेरेस थियेटर नाट्य समारोह आयोजित कर रहे हैं। यहां नाटकों का मंचन खुली छत पर किया जाता है। स्टेज और दर्शक एक ही धरताल पर होते हैं। बेकड्राप में बड़ा ब्लेक कर्टन है । फ्रेम पर काला कपड़ा लगाकर साइड विंग्स तैयार की गई हैं। इन्हीं विंग्स की आड़ में कलाकार अपनी ड्रेस चेंज करते हैं । बेसिक लाइट्स पूरी तकनीकी व्यवस्था के साथ मौजूद है । यानी नाटक के मंचन हेतु आवश्यक बुनियादी सुविधा आशीष के टैरेस थियेटर्स पर उपलब्ध हैं। छत पर करीब साठ-सत्तर दर्शक आसानी से कुर्सी और जमीन पर बैठ सकते हैं । आसपास के घरों में रहनेवाले अपनी-अपनी छतों से नाटक का लुत्फ लेते हैं। कई लोग अपने घर की बालकनी से तो कुछ किचन की खिड़की से घर के काम निपटाते हुए नाटक देखते हैं। मंचन के दौरान जब कलाकारों को पड़ोस के घरों से आरही रोशनी डिस्टर्ब करती है, तो उसे व्यवस्थापकों के एक अनुरोध पर रहवासी नाटक का मंचन पूरा होने तक अपने घर की लाइट बंद कर देते हैं।*

*रंगमंच के प्रति स्थानीय लोगों की रूचि, यहां के बच्चों का उत्साह देखते ही बनता है । एक तरफ नाटक चल रहा होता है तो दूसरी ओर सड़क से गुजर रहे वाहनों की आवाज, हॉर्न सुनाई देते रहते हैं । लेकिन दर्शक नाटक देखने में तल्लीन रहते हैं । कोई रूकावट, कोई अड़चन नहीं आती । आमजन से जुड़ा, आम आदमी के लिए थियेटर की बेहतरीन मिसाल है चेतना टैरेस थियेटर। ये आशीष के रंगमंच के प्रति समर्पण और उनके प्रयासों का प्रतिफल है।*

*चेतना टैरेस नाट्य समारोह में प्रदेश की ही नहीं देश की नामी गिरामी नाट्य संस्थाएं अपनी प्रस्तुतियां दे चुकी हैं। हाल ही में रंगकर्मी स्वर्गीय रमेश अहीरे की स्मृति में चेतना राष्ट्रीय नाट्य समारोह का आयोजन हुआ। चार नाटक हुए । दो नाटक बीएचइएल के कल्चरल हॉल में और दो चेतना टैरेस थियेटर में । सर्दी के आगमन की दस्तक और खुशनुमा मौसम में चेतना टैरेस थियेटर में दो दिन दो नाटक लागी छूटे न निर्देशक भारती शर्मा सोनी और सूखे दरख़्त निर्देशक विवेक सावरीकर हुए । दोनों नाटक हाऊस फुल यानी छत फुल थे। बैठने को जगह नहीं थी तो लोग छत पर कोने में खड़े थे। कुछ मुंडेर पर तो कुछ सीढ़ियों पर बैठे थे। यह अद्भुत नजारा था।*



*दो पात्रीय नाटक लागी छूटे न में नाटक से जुड़ी समस्याएं, स्त्री पात्रों के लिए महिला कलाकारों का न मिल पाना, नाटककार, निर्देशक रंगमंडलियों की राजनीति, आपसी खींचातान को बखूबी प्रदर्शित किया है। भारती शर्मा सोनी के निर्देशन में कसावट इस स्तर की थी कि बच्चे की समझ के अनुसार नाटक का विषय जटिल था, परंतु वे पूरे नाटक में शांत थे।*

*सूखे दरख़्त नाटक में वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्गों की आपबीती की कहानी है । रंगमोहिनी संस्था इस नाटक के अब तक तीस प्रदर्शन कर चुकी है । विवेक सावरीकर और राजीव श्रीवास्तव जैसे अनुभवी और मंजे कलाकारों से सजी इस नाटक की टीम के हर अभिनेता-अभिनेत्री का काम आलादर्जे का था। लेकिन मंच लूटकर ले जाते हैं चौधरी का रोल कर रहे संतोष पणिक्कर । उनकी देह संरचना, वेशभूषा, लकवे के मरीज के मैनरिज्म, संवाद अदायगी कमाल की थी। संतोष के प्रभावशाली अभिनय से कुछ दृश्यों में तो दर्शकों की आंखें नम हो गईं। आशीष ने नीलबड़ में बच्चों के लिए टैरेस थियेटर की शुरूआत की थी। आज इस टैरस पर हर अभिनेता हर रंगमंडली अपनी प्रस्तुति देना चाहता है। चेतना टैरेस थियेटर ने इस इलाके में दर्शकों की फौज तो तैयार की ही है, रंगकर्मियों की भी नई पौध को तैयार किया है जिसके भविष्य में विकसित और पल्लवित होने की भरपूर संभावनाएं हैं। ये नाचीज़ भी समारोह के शुभारंभ अवसर आमंत्रित था। चेतना रंगसमूह को इस शानदार सफल आयोजन के लिए बधाई।*

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ... | पत्र नहीं; मित्र | संपर्क : deshbandhubpl1@yahoo.co.in

# देशबन्धु


वर्ष – 34 । अंक – 305 । भोपाल, शनिवार 4 नवम्बर 2023 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 3.00 रुपए

### प्रधानमंत्री ने वर्ल्ड फूड इंडिया का किया उद्घाटन

## खाद्य सुरक्षा को 21वीं सदी में भी चुनौती

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने खाद्य सुरक्षा को 21वीं सदी की चुनौती बताते हुए शुक्रवार को कहा कि सरकार की नीतियों और कार्यक्रमों से पिछले नौ साल में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के क्षेत्र में 50 हजार करोड़ रुपए का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आया है।

मोदी ने वर्ल्ड फूड इंडिया 2023 का उद्घाटन करते हुए कहा कि सरकार की खाद्य प्रसंस्करण और किसान संबंधी नीतियों के कारण इस क्षेत्र में विदेशी निवेश आया है। सरकार ने इस क्षेत्र में उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना को भी लागू किया है। उन्होंने कहा कि मत्स्यपालन और पशुपालन के क्षेत्र में भी दस हजार करोड़ रुपए के निवेश को बढ़ावा दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले नौ साल में प्रसंस्कृत खाद्य का निर्यात 150 प्रतिशत बढ़ा है। इस दौरान बड़े पैमाने पर प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों का निर्यात हुआ है। भारत मंडपम में बोलते हुए मोदी ने कहा



कि खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में महिलाओं में लीड करने की क्षमता है। तरह तरह के पकवान महिलाओं के कारण तैयार किए जाते हैं। आज स्वंग सहायता समूह से जुड़ी एक लाख महिलाओं के खाते में बीज पूंजी दिया गया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत इस मामले में विश्व में सातवें स्थान पर आ गया है। उन्होंने कहा कि समर्पित मेहनत और निर्यात नीति के कारण खाद्य क्षेत्र में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। एक सौ से अधिक जिले निर्यात हब बन गए हैं और वे विश्व बाजार से जुड़ गए हैं। पहले दो मेगा फूड पार्क थे जो अब बढ़ कर बीस से अधिक हो गए हैं। पहले 12 लाख टन प्रसंस्कृत खाद्य का उत्पादन होता था जो अब बढ़ कर 200 लाख टन हो गया है।

### भारत में सांस्कृतिक विविधता के साथ खाद्य विविधता भी

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में सांस्कृतिक विविधता के साथ खाद्य विविधता भी है । भारत के प्रति विश्व की जिज्ञासा बढ़ी है। हमारे लिए पूरी दुनिया बाजार है। उन्होंने खाद्य और फसल तैयारी पूर्व नुकसान को कम करने पर जोर दिया तथा इसके लिए तकनीक का उपयोग करने को कहा। प्रधानमंत्री ने कहा कि कुछ उत्पादों का देश से पहली बार निर्यात हो रहा है जिनमे सोया मिल्क , केला , सेब, मशरुम और शहद आदि शामिल हैं। उन्होंने कहा कि देश में शहरीकरण बढ़ रहा है जिससे प्रसंकृत खाद्य पदार्थों की मांग बढ़ रही है। इससे छोटे किसानों, उद्योगों और महिलाओं को बढ़ावा मिल रहा है। इससे किसान उत्पादक समूह को भी बढ़ावा मिल रहा है। कुल दस हजार किसान उत्पादक समूह को बनाया जाना है जिनमे से करीब सात हजार बन गए हैं।

### छपरा में गायत्री यज्ञ हवन में मची भगदड़

## 2 महिलाओं की मौत

**छपरा, देशबन्धु।** बिहार के छपरा में गायत्री यज्ञ हवन में शामिल होने के लिए धक्का-मुक्की के बाद मची भगदड़ से दो महिलाओं की मौत हो गई. हादसे की शिकार हुई दोनों महिलाएं औरंगाबाद जिले की रहने वाली थीं. भगदड़ में करीब पांच महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं।

जानकारी के मुताबिक, दरियापुर के मस्तीचक इलाके में हो रहे गायत्री महायज्ञ की हवन आहुति देने के लिए भारी भीड़ उमड़ी थी। सुबह यज्ञशाला के खुलते ही भीड़ अनियंत्रित हो गई। इस दौरान धक्कामुक्की होने लगी, जिससे दो महिलाएं जमीन पर गिर पड़ीं। महायज्ञ के पास मौजूद लोग जब महिलाओं को उठाने के लिए आगे बढ़े तो भगदड़ मच गई, जिससे जमीन पर गिरी महिलाएं दबी रह गईं। जब तक उन्हें बाहर निकाला जाता, उनकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। मृतक महिलाओं की पहचान औरंगाबाद जिले के दाउदनगर वार्ड-21 निवासी रामप्यारे की 60 वर्षीय पत्नी रामकली देवी और दाउदनगर के कनापक निवासी मोती रजक की 55 वर्षीय पत्नी पार्वती देवी के रूप में हुई, जबकि घायलों में औरंगाबाद क्षम बिगहा के रहने वाले रामराज की पत्नी माघी देवी, प्रकाश साह की पत्नी फूलकुमारी देवी, आरा के सियाडीह गांव निवासी सुरेश तिवारी की पत्नी गीता देवी, दरभंगा के पुदुन झा की पत्नी रामा देवी, विरेंद्र मिश्र की पत्नी बुच्ची देवी हैं.

छपरा में आयोजित इस महायज्ञ के व्यवस्थापकों ने दावा किया है कि यहां भारत का सबसे बड़ा गायत्री महायज्ञ आयोजित किया जा रहा है. यज्ञ में 251 हवन कुंड बनाए गए हैं. यज्ञ में शामिल होने के लिए पड़ोसी देश नेपाल से भी लोग पहुंचे हैं. चार दिन के अनुष्ठान का शक्रवार को अंतिम दिन था. घटना को लेकर सारण डीएम अमन समीर ने कहा कि दो महिलाओं का स्वास्थ्य खराब था. भीड़ में होने की वजह से वो गिर गईं और उन्हें ज्यादा चोट लग गई. मौके पर पुलिस बल को तैनात किया गया है।

### दिल्ली में प्रदूषण वाली इमरजेंसी

## पांचवीं तक के स्कूल बंद, गैर जरूरी निर्माण कार्यों पर लगी रोक

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में वायु प्रदूषण से हेल्थ इमरजेंसी जैसे हालात बन गए हैं। दिल्ली में हवा की गुणवत्ता बेहद खतरनाक स्थिति में पहुंच गई है। शुक्रवार को दिल्ली, नोएडा, गुरुग्राम समेत पूरे एनसीआर की एयर क्वालिटी गंभीर स्तर में दर्ज हुई। दिल्ली में कई जगह का एयर क्वालिटी इंडेक्स 500 के पास पहुंच चुका है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का मीटर 500 से ज्यादा एक्यूआई नहीं दिखाता है। नोएडा में भी एक्यूआई 400 से ज्यादा है। गुरुग्राम, गाजियाबाद और फरीदाबाद समेत पूरे एनसीआर में जहरीली हवा के चलते अंधेरा छाया है। एनसीआर गैस चैंबर बन गया है। ग्रेडेड ऐक्शन रिस्पांस प्लान का तीसरा स्टेज लागू कर दिया गया है। शुक्रवार की स्थिति को देखते हुए ग्रैप का चौथा स्टेज का भी लागू हो सकता है।

### 5 सालों में सबसे प्रदूषित शहर दिल्ली

शिक्षा निदेशालय ने कहा है कि शनिवार को प्री स्फल, प्री प्राइमरी और प्राइमरी स्कूल यानी नर्सरी से लेकर क्लास 5 तक के छात्रों के लिए स्कूल बंद रहेंगे। शिक्षा निदेशालय ने कहा है कि ऑनलाइन क्लासेज रखी जाएं। यातायात विभाग ने दिल्ली में पेट्रोल की बीएस-3 और डीजल की बीएस-4 इंजन वाली गाड़ियों के परिचालन पर अगले आदेश तक रोक लगा दी। यह पाबंदी कमर्शल वाहनों के साथ प्राइवेट गाड़ियों पर भी लागू होगी। दिल्ली ही नहीं, दूसरे राज्यों के रजिस्ट्रेशन नंबर वाली गाड़ियों पर भी यह पाबंदी लागू होगी। दिल्ली-एनसीआर में शुक्रवार को भी धुंध छाई रही। रेस्पाइरर की रिपोर्ट के मुताबिक दिल्ली बीते पांच सालों में सबसे प्रदूषित शहर रहा है।केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, दिल्ली में वायु गुणवत्ता गंभीर श्रेणी में पहुंच गई है। लोधी रोड इलाके में एक्यूआई 438, जहांगीरपुरी में 491, आरके पुरम इलाके में 486, आईटीओ में 451, नजफगढ़ में 472, आईजीआई एयरपोर्ट में 500, नरेला में 500 और आईजीआई एयरपोर्ट (टी-3) के आसपास 473 है दर्ज किया गया। वहीं नोएडा के सेक्टर-125 में एक्यूआई 400 पर बहुत खराब श्रेणी में पहुंच गया है। सेक्टर-62 में 483, सेक्टर-1 में 413 और सेक्टर-116 में 415 पर गंभीर श्रेणी में एक्यूआई रहा। दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण में वृद्धि के बीच वायु गुणवत्ता पैनल ने ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) के तीसरे चरण के तहत प्रतिबंधों को लागू करने का निर्देश दिया है। जिसमें गैर-जरूरी निर्माण और तोड़-फोड़ के काम पर रोक शामिल है। सीएक्यूएम की मीटिंग के बाद राजधानी में ग्रैप-3 को लागू करने का फैसला लिया गया।

## भाजपा की राजस्थान विस चुनाव में चौथी सूची जारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी ने राजस्थान में आगामी 25 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को अपने दो प्रत्याशियों की चौथी सूची जारी की। भाजपा की केन्द्रीय चुनाव समिति ने चौथी सूची में दो उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की उनमें टोडाभीम विधानसभा क्षेत्र से राम निवास मीणा और शिव से स्वरूप सिंह खारा को चुनाव मैदान में उतारा है। राजस्थान विधानसभा की 200 सीटों पर हो रहे इस चुनाव में भाजपा ने अब तक 184 उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतार चुकी है और अब केवल 16 सीटों पर अपने प्रत्याशियों के नामों का ऐलान करना शेष है। चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया सोमवार से जारी है और उम्मीदवारों के नामांकन करने की आखिरी तारीख छह नवंबर है।

### प्रधान न्यायाधीश ने वकीलों को लगाई फटकार

## तारीख पे तारीख वाली अदालत नहीं बनेगा सुप्रीम कोर्ट

### प्रतिदिन टाले जाते हैं 154 मामले

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने शुक्रवार को वकीलों को फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट को तारीख पे तारीख अदालत बनने नहीं दिया जा सकता है। उन्होंने बार से अपील की है कि मामलों को बहुत जरूरत पर पड़ने पर ही स्थगित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन 154 मामले टाले जाते हैं।

दिन की कार्यवाही शुरू होते ही प्रधान न्यायाधीश ने वकीलों द्वारा नए मामलों में स्थगन की मांग का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि पिछले दो महीनों के अंदर 3,688 मामलों में स्थगन पर्ची दाखिल की गई हैं। जब तक बहुत जरूरी न हो, कृपया स्थगन पर्ची दाखिल न करें। न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा और प्रधान न्यायाधीश वाली पीठ ने कहा कि हम नहीं चाहते कि यह अदालत तारीख-पे-तारीख अदालत बने। गौरतलब है, बॉलीवुड फिल्म दामिनी में सनी देओल का मशहूर डायलॉग तारीख-पे-तारीख था, जिसमें अभिनेता ने अदालतों में लंबित होते मामलों पर अफसोस जताया था। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि नए मामलों को अब सूचीबद्ध करने में समय नहीं लगता है, लेकिन



जब वह सुनवाई के लिए आते हैं तो वकील लंबित करने की मांग करते हैं। उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया बाहरी दुनिया को बहुत बुरा उदाहरण देती है। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि बार के सदस्यों से मेरा एक अनुरोध है कि आज के लिए 178 स्थगन पर्चियां आई हैं और मैं स्थगन पर्चियों पर नजर रख रहा हूं और मुझे कुछ आंकड़े मिले हैं। बार के सदस्यों द्वारा सितंबर से अक्तूबर तक औसतन प्रतिदिन 150 स्थगन पत्र दिए गए। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि इन दो महीनों के दौरान 3688 स्थगन पर्चियां मांगी गई हैं। मेरा मानना है कि यह मामले को दाखिल करने से लेकर लिस्टिंग तक की प्रक्रिया में तेजी लाने के उद्देश्य को विफल कर देगा।'

### राघव चड्डा बिना शर्त माफी मांगें : सुप्रीम कोर्ट


**नई दिल्ली, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी सांसद राघव चड्ढा के सस्पेंशन केस में सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार 3 नवम्बर को सुनवाई हुई। कोर्ट ने चड्ढा को राज्यसभा से उनके सस्पेंशन के मद्देनजर राज्यसभा सभापति से मिलने और बिना शर्त माफी मांगने का सुझाव दिया। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि उपराष्ट्रपति (राज्यसभा सभापति) पूरे मामले पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करके आगे कदम उठा सकते हैं। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी से दिवाली की छुट्टियों के बाद इस मामले की सुनवाई करने को कहा। आप नेता पर दिल्ली सर्विस बिल पर 5 फर्जी साइन कराने का आरोप है। इसके चलते राघव को संसद के मानसून सत्र के आखिरी दिन 11 अगस्त को राज्यसभा से निलंबित कर दिया गया था।



# अभिमत

**सोशल मीडिया के मामले में कांग्रेस जिस तरह फ्रंट लाइन पर खेल रही है, उसके पीछे की पूरी रणनीति समझने में बीजेपी ने देर कर दी। कांग्रेस ने जिस पटकथा लेखक सह डाइरेक्टर, प्रोड्यूसर को ढूंढ निकाला है, उसके समक्ष प्रशांत किशोर जैसों की दुकान ठंडी हो चुकी है। 2023-24 का नया अवतार है, जिसे बीजेपी के गर्भनाल से काट ले आये कांग्रेस के खेवनहार। राहुल को ग़रीबों, मजलूमों का मसीहा बनाने वाले सुनील कनुगोलू के नाम से इस देश का आम मतदाता अपरिचित है।**

## राहुल तेरे रूप अनेक की स्क्रिप्ट किसने लिखी?



पुष्परंजन

राहुल गांधी एक पत्रकार के रूप में अवतरित होकर सत्यपाल मलिक का इंटरव्यू कर रहे हैं। कभी मोटर मैकेनिकों के साथ उनके वर्कशाप में, तो कभी ट्रक ड्राइवर के साथ। डिनर की मेज पर गरीब-गुरबों, सब्जी उगाने वाले किसान के साथ खाना खाते देखिये राहुल को। कुली का बोझ उठाते हुए, या फिर खेतों में रोपनी करते हुए। राहुल तेरे रूप अनेक का निर्माण करने में कौन सा ग्रुप लगा हुआ है? कौन है, वो स्क्रिप्ट राइटर, डायरेक्टर, प्रोड्यूसर? पांच राज्यों के इस चुनाव में राहुल एक प्रयोगशाला से निकले मॉडल की तरह इस्तेमाल हो रहे हैं, जो नीतीश कुमार जैसे नेता तक को हसद और हसरत का सबब दे गया।

नीतीश बाबू की अंतड़ी की थाह लगे न लगे, मगर बारात में फूफा या जीजा जैसे रूठ जाते हैं, वैसा रिएक्शन देने से खुद को रोक नहीं पाये। नीतीश कुमार की बातों को मानकर राहुल को चाहिए कि पांच राज्यों के चुनाव को बीच में छोड़कर इंडिया गठबंधन के पथरीले मार्ग को प्रशस्त करने में लग जाएं। यह भी एक प्रहसन ही होता। गठबंधन के महत्वाकांक्षी नेताओं की पार्टियां चुनाव मैदान में अलग-अलग खेल रही हैं, उससे नीतीश कुमार को कष्ट नहीं है। कोई पत्रकार उन्हीं से सवाल पूछ लेता कि इंडिया गठबंधन को ऑर्डिनेट करने के काम से आप क्यों पीछे हट गये नीतीश बाबू?

चुनावी मौसम में सर्वे को सट्टे के कारोबार से कम मत समझिए। इसके कारोबारियों ने हवा का रूख समझने के लिए, दिल्ली ही नहीं, देश के मेट्रो शहरों में जिस पैमाने पर छात्रों को हायर किया है, उसे समझना हो तो विश्वविद्यालयों, शिक्षण संस्थानों में जाइये। चुनाव तक सर्वे करने के वास्ते छात्र 50 हज़ार से लाख रुपये महीने के पगार पर इंगेज हैं, तो उन्हें फिलहाल नौकरी की चिंता किसलिए?

पांच राज्यों के इस चुनाव में मीडिया में जिस तरह का घमासान मचा हुआ है, वह अभूतपूर्व है। दुनिया के मुख़्तलिफ़ हिस्सों से तुलना करें, तो सबसे अधिक यूट्यूब देखने वाले भारत में हैं, और उसी अनुपात में सर्वाधिक यूट्यूबर्स भी उग आये हैं। स्टेटिस्का द्वारा दी जानकारी के अनुसार, भारत में 46 करोड़ 20 लाख यूट्यूब के दर्शक हैं। उसके मुकाबले केवल 6 करोड़ 56 लाख दर्शक टेलीविज़न के हैं। यही वजह है कि सेटेलाइट चैनल सफेद हाथी बन चुके हैं। वहां दर्शकों का टोटा पड़ चुका है। आज की तारीख़ में बीजेपी के रहमोकरम पर पलने वाला मीडिया पब्लिक ओपिनियन जेनरेट नहीं कर पा रहा है।

**दुनिया में सबसे अधिक यूट्यूब देखने वाले भारत में हैं। उसी अनुपात में सर्वाधिक यूट्यूबर्स भी उग आये हैं। स्टैटिस्का द्वारा दी जानकारी के अनुसार, भारत में 46 करोड़ 20 लाख यूट्यूब के दर्शक हैं। उसके मुकाबले केवल 6 करोड़ 56 लाख दर्शक टेलीविज़न के हैं। यही वजह है कि सेटेलाइट चैनल सफेद हाथी बन चुके हैं। वहां दर्शकों का टोटा पड़ चुका है।**

भारत के मुक़ाबले आधे से भी कम 23 करोड़ 90 लाख लोग अमेरिका में यूट्यूब देखते हैं। तीसरे नंबर पर ब्राज़ील 144 मिलियन, मैक्सिको 83.1 मिलियन, जापान 78.6 मिलियन, पाकिस्तान 71.7 मिलियन, जर्मनी 67.8, वियतनाम 63 मिलियन, फिलिपींस 58.1 और तुर्की 57.5 मिलियन यूट्यूब के दर्शक हैं। यही वजह है कि इन दिनों यूट्यूब पत्रकारिता का धमाल मचा हुआ है। सेटेलाइट चैनल्स इस रेस में पीछे चल रहे हैं। देश की हर बड़ी पार्टियां यूट्यूबर्स को लुभाने, उन्हें अपने आइने में उतारने और गाइडलाइंस देने के लिए युद्ध स्तर पर बैठकें कर रही हैं। यह भी चुनाव रणनीति का हिस्सा है, जिसमें इंडिया गठबंधन की तमाम पार्टियों में से कांग्रेस का ग्राफ सबसे ऊपर है।

सोशल मीडिया के मामले में कांग्रेस जिस तरह फ्रंट लाइन पर खेल रही है, उसके पीछे की पूरी रणनीति समझने में बीजेपी ने देर कर दी। कांग्रेस ने जिस पटकथा लेखक सह डाइरेक्टर, प्रोड्यूसर को ढूंढ निकाला है, उसके समक्ष प्रशांत किशोर जैसों की दुकान ठंडी हो चुकी है। 2023-24 का नया अवतार है, जिसे बीजेपी के गर्भनाल से काट ले आये कांग्रेस के खेवनहार। राहुल को ग़रीबों, मजलूमों का मसीहा बनाने वाले सुनील कनुगोलू के नाम से इस देश का आम मतदाता अपरिचित है। कर्नाटक के बल्लारी में जन्मे तेलुगु भाषी कनुगोलू ने न्यूयॉर्क विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर की डिग्री पूरी करने से पहले अपने जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा चेन्नई में बिताया है। सुनील कनुगोलू अब बेंगलुरु में रहते हैं, जहां वह पिछले एक दशक से राजनीतिक रणनीतिकार के रूप में एक सफल करियर बना रहे हैं।

चुनावी रणनीति के नये अवतार सुनील कनुगोलू को मार्च 2023 में कांग्रेस द्वारा नियुक्त किया गया था। बताते हैं कि सोनिया गांधी ने सुनील कनुगोलू को पार्टी के 2024 लोकसभा चुनाव टास्क फोर्स का सदस्य नामित किया था। इस रणनीतिकार की कोई ऑनलाइन उपस्थिति नहीं है। हाल के वर्षों तक कनुगोलू ने तमिलनाडु में डीएमके और एआईएडीएमके के साथ काम किया है। कहना कठिन है कि प्रशांत किशोर सुनील कनुगोलू के गुरू रहे हैं, मगर 2014 में वो प्रशांत किशोर की टीम में थे। सुनील कनुगोलू ने 2014 में नरेंद्र मोदी के चुनाव अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। बाद में भाजपा के एसोसिएशन ऑफ बिलियन माइंड्स (एबीएम) के प्रमुख के रूप में कार्य किया था।

उन्होंने फरवरी 2018 तक अमित शाह के साथ मिलकर काम किया और उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, गुजरात, कर्नाटक में भाजपा के चुनाव अभियानों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिनमें से सभी में भाजपा विजयी हुई। सुनील कनुगोलू ने 2016 के विधानसभा चुनावों के लिए, एमके स्टालिन और उनकी डीएमके के लिए भी काम किया। 2019 में लोकसभा चुनाव में तमिलनाडु की 39 सीटों में से 38 पर डीएमके को फतह दिलाने में सुनील कनुगोलू की रणनीति काम कर गई। मगर, 6 अप्रैल 2021 के विधानसभा चुनाव में सुनील कनुगोलू डीएमके से अलग हो गए, क्योंकि स्टालिन चाहते थे कि वह प्रशांत किशोर के साथ मिलकर काम करें।

यह जानना दिलचस्प है कि सुनील कनुगोलू ने 2022 में थोड़े समय के लिए टीडीपी के लिए भी काम किया था। उन्हें अप्रैल 2022 में टीडीपी का रणनीतिकार बनाया गया। उसी वर्ष सितंबर में कनुगोलू ने टीडीपी के साथ काम करने से मना कर दिया। उन दिनों कांग्रेस के लोग इस रणनीतिकार पर नज़र गड़ाये बैठे थे। कनुगोलू को लाने में कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल की बड़ी भूमिका रही थी।

बहुत बाद में यह राज खुला कि सुनील कनुगोलू अरसे से केसी वेणुगोपाल के क़रीबी रहे हैं। कम लोग जानते हैं कि आज की तारीख में यह शख़्स कांग्रेस उम्मीदवारों के चयन में प्रभावशाली रहा है। कुछ को छोड़कर, कांग्रेस उम्मीदवारों को मुख्य रूप से सुनील कनुगोलू की टीम द्वारा किए गए सर्वेक्षणों के आधार पर चुना गया है। प्रत्याशी चुनने का यह प्रयोग कर्नाटक चुनाव में सफल हुआ, चुनांचे इसे पांच राज्यों में आज़माने की हरी झंडी दे दी गई थी।

मई 2023 में, कनुगोलू को कांग्रेस आलाकमान ने 'टास्क फोर्स 2024' के सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया। यह कांग्रेस द्वारा उदयपुर में अपनाए गए नव संकल्प घोषणा को क्रियान्वित करने के लिए बनाई गई एक टीम थी। कनुगोलू के अलावा टीम में पी.चिदंबरम, मुकुल वासनिक, जयराम रमेश, केसी वेणुगोपाल, अजय माकन, प्रियंका गांधी वाड्रा और रणदीप सिंह सुरजेवाला जैसे प्रमुख नेता शामिल थे।

कनुगोलू को राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा की योजना बनाने का भी श्रेय दिया गया है। माना जाता है कि यह यात्रा देश की सबसे पुरानी पार्टी द्वारा उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम था, जिससे चुनाव परिणामों पर असर दिखने लगा था। 14 राज्यों में फैली यह 4,080 किलोमीटर की यात्रा 7 सितंबर, 2022 को शुरू हुई और 30 जनवरी, 2023 को समाप्त हुई। जीवन के सभी क्षेत्रों के लोगों से जुड़ने के उद्देश्य से इस यात्रा ने कांग्रेस की ज़मीनी पहुंच को काफी बढ़ावा दिया। एक तरह से भारत जोड़ो यात्रा राहुल गांधी के राजनीतिक कॅरियर की रिलांचिंग थी, जिसका श्रेय सेफोलॉजिस्ट कनुगोलू को देते हैं। कर्नाटक विधानसभा चुनाव से पहले जिस तरह से गहन सर्वे किया था, वह देश की सर्वे एजेंसियों के लिए नया प्रतिमान गढ़ गया।

कायदे से देखा जाए तो चुनावी रणनीति के बाज़ार में कनुगोलू इस समय टॉप पर चल रहे हैं। प्रशांत किशोर क्या अब सिर्फ़ इतिहास बनकर रह जाएंगे? यह भी एक सवाल राजनीतिक विश्लेषकों के समक्ष है। प्रशांत किशोर सर्वे से लेकर चुनावी रणनीति के कारोबार में रहे न रहें, यह काम निर्बाध गति से चलता रहेगा। ठीक से देखा जाए तो 2019 से भारत में सर्वे का कारोबार कई गुणा बढ़ता गया है। 2023-24 तो आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का वो कालखंड है, जहां सर्वे सटीक होने की संभावना बढ़ चली है।

याद रखें कि अपने देश में सर्वे के धंधे को चलाये रखने वाली लॉबी इतनी ताक़तवर है कि 2014 के चुनाव में निर्वाचन आयोग को नीचे झुकने पर विवश कर दिया था। 5 मार्च 2014 को चुनाव आयोग ने आचार संहिता लागू करते समय आदेश दिया था कि मतगणना के बाद ही किसी तरह के सर्वे, एक्ज़िट पोल दिखाये जाएं। इसपर खूब हो हल्ला मचा, और अंततः चुनाव आयोग को यह आदेश वापिस लेते हुए यह तय करना पड़ा कि 12 मई 2014 को शाम 6.30 तक आखिरी वोट पड़ जाने के बाद एक्ज़िट पोल दिखा सकते हैं।

2014 के आम चुनाव के बाद से सत्ता समर्थक कितने नेताओं और उनके संरक्षण में धंधा चलाने वालों ने सर्वे कंपनियां खोली हैं, थिंक टैंक का काम आरंभ किया है, इन सबके वास्ते देश का काला धन और विदेश से चोरी-छिपे पैसे की किस तरह से उगाही हो रही है, उसकी ठीक से पड़ताल हो, तो रोचक क़िस्से सामने आएंगे। इस समय सत्ता के गलियारों में ही नहीं, इंडिया को चुनावी मैदान में फतह दिलाने के वास्ते अलग-अलग सोशल ग्रुप मीडिया को फ्रंट लाइन पर खड़ा कर लंबा खेल रहे हैं। किसी ज़माने में मीडिया हाउस के मैनेजरों ने संपादक जैसी संस्था को हाईजैक कर लिया था, अब उस जगह को इवेंट मैनेजरों और राजनीति को रिमोट कंट्रोल से चलाने वाले महानुभावों ने कब्ज़ा कर लिया है। एडीटर्स बेचारे करें भी क्या? उनके ज्ञान के आगे नतमस्तक हैं!

pushpr1@rediffmail.com

## केरल के लाड़ले सपूत अच्युतानंदन को सौ साल के होने पर ढेर सारे लाल सलाम

● एल एस हरदेनिया



वे केरल के चमकदार सूर्य हैं, उसके सामाजिक-राजनीतिक वायुमंडल में सदियों के बाद आकाश में चमकने वाला ऐसा तारा देखने को मिला है। इन शब्दों के साथ इंडियन एक्सप्रेस ने यह सूचित किया है कि केरल के लाडले सपूत वेलिक्ककतु शंकर अच्युतानंदन 100 वर्ष के हो गए हैं। हृदयाघात के बाद पांच साल पहले उन्होंने केरल की राजनीति से सन्यास ले लिया है परंतु केरल के लाखों निवासियों की नजरों में आज भी पूरी तरह फिट हैं। अपनी जोरदार वाणी और गतिविधियों से उन्होंने केरल की राजनीति और सीपीएम समेत सभी राजनैतिक दलों को चौकन्ना रखा है। वे 2006 से 2011 तक केरल के मुख्यमंत्री रहे और 1991 से 1996 तक और फिर दुबारा 2011 से 2016 तक केरल विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता रहे।

सन् 2016 के विधानसभा चुनाव में वामपंथी मोर्चे ने उनके नेतृत्व में चुनाव लड़ा और जीता भी। उस समय वे 93 वर्ष के थे लेकिन शारीरिक और मानसिक रूप से पूरी तरह फिट थे। उनकी शारीरिक स्थिति को देखते हुए उन्हें केरल का फिडिल केस्ट्रो कहा जाता था। उन्हें 2016 से 2021 तक प्रशासनिक सुधार आयोग का अध्यक्ष बनाया गया। इस समय तक सीपीएम का नेतृत्व पिनाराई विजयन के हाथों में चला गया था। वर्ष 1923 में एक पिछड़ी जाति के परिवार में अच्युतानंदन का जन्म हुआ। उन्होंने 11 वर्ष की आयु में अपने माता-पिता को खो दिया। 12 वर्ष की आयु में उन्होंने स्कूल छोड़ दिया और अपने भाई की टेलरिंग के काम में उनकी मदद करना प्रारंभ कर दिया। उस समय अनेक कम्युनिस्टों की तरह वे भी 15 वर्ष की आयु में कांग्रेस में भर्ती हो गए। परंतु दो वर्ष के बाद वे सीपीआई में शामिल हो गए और मछुआरों, और नारियल तोड़ने वालों के बीच काम करने लगे।

इस दौरान अपनी भाषण कला के कारण वे मजदूरों में लोकप्रिय हो गए। अपनी कार्यक्षमता के कारण सीपीआई में उन्हें एक के बाद एक जिम्मेदारियां मिलने लगीं। सन् 1957 में वे राज्य सचिवालय के सदस्य बन गए। यह वह वर्ष था जब सीपीआई के हाथ में केरल की सत्ता आ गई। सन् 1964 में वे सीपीआई के 32 प्रमुख सदस्यों में से थे जिन्होंने सीपीआई छोड़कर सीपीएम की स्थापना की। जिन 32 सदस्यों ने सीपीएम की स्थापना की थी, उनमें से अच्युतानंदन समेत दो सदस्य ही अब जीवित हैं। वे पहली बार 1967 में विधानसभा के लिए चुने गए और सन् 1991 से 1996 तक केरल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रहे और अंततः 2006 से 2011 तक केरल के मुख्यमंत्री रहे। 2011 से 2016 तक वे दुबारा नेता प्रतिपक्ष रहे।

इन पंक्तियों के लेखक को उनसे मिलने का सौभाग्य मिला। जब मैं उनसे मिला उस समय वे प्रतिपक्ष के नेता थे। उनके बंगले में बहुत ही सादा फर्नीचर था। मेरी उनसे लंबी बातचीत हुई। बातचीत के दौरान मैंने उनसे कहा कि क्या वे मुझे कॉफी नहीं पिलाएंगे। उनका उत्तर था 'नहीं'। उन्होंने कहा कि यदि मैं प्रत्येक आगंतुक को कॉफी पिलाता रहूंगा तो मेरा दिवाला निकल जाएगा। आखिर मुझे अपने वेतन से ही अपना खर्च चलाना पड़ता है। वेतन का एक हिस्सा मुझे पार्टी को देना पड़ता है। मुझे उनके स्टाफ ने बताया कि वे वर्षों से फर्श पर ही सोते हैं। वे सादगी के भरपूर प्रतीक हैं और इसलिए भी केरल में भारी लोकप्रिय हैं।

## वैश्विक भूख सूचकांक 2023 में भारत की बेहद खराब स्थिति एक बड़ी चिंता का विषय

■ डॉ अरुण मित्रा

चिंता की बात यह है कि वैश्विक भूख सूचकांक 2023 में भारत का स्कोर 28.7 है और यह देश सर्वेक्षण किये गये125 देशों में 111वें स्थान पर है। इसकी तुलना में, हमारे पड़ोसियों का प्रदर्शन बेहतर है, जिसमें श्रीलंका 60वें, नेपाल 69वें, बांग्लादेश 81वें और पाकिस्तान 102वें स्थान पर है। 20.0-34.9 के बीच का (जीएचआई) स्कोर गंभीर माना जाता है, जबकि9.9 या उससे कम को सबसे कम भूखमरी, 10.0-19.9 मध्यम भुखमरी, 35.0-49.9 चिंताजनक, और 50.0 या अधिक को बेहद चिंताजनक। हम भुखमरी के गंभीर स्तर पर हैं, यह वास्तविक चिंता का कारण है।

जीएचआई स्कोर चार घटक संकेतकों पर आधारित हैं – अल्पपोषण यानी अपर्याप्त कैलोरी सेवन; उम्र के हिसाब से कम ऊंचाई वाले बच्चों की संख्या(स्टंटिंग के शिकार बच्चों); बच्चों का अपनी कद के हिसाब से वजन कम या कमजोर(वेस्टिंग का शिकार) होना; और बाल मृत्यु दर में उन बच्चों की संख्या जो अपने पांचवें जन्मदिन से पहले ही मर जाते हैं।

राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस) 2019-21 से पता चलता है कि भारत ने अपनी आबादी के बीच स्वास्थ्य और पोषण की स्थिति में कोई महत्वपूर्ण सुधार नहीं देखा है। 7.7 प्रश बच्चे गंभीर रूप से कमज़ोर हैं, 19.3 प्रश बच्चे कमज़ोर हैं, और 35.5प्रश बच्चे बौने हैं। इसलिए यह प्राथमिक महत्व का है कि हमारे नागरिकों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए अल्प पोषण के मुद्दे का समाधान किया जाये। इसके लिए नीतिगत सुधार, पोषण कार्यक्रमों के प्रभावी कार्यान्वयन और निर्बाध खाद्य वितरण प्रणाली सुनिश्चित करके असमानता को कम करने के कदम उठाने की आवश्यकता है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 को प्रभावी ढंग से लागू किया जाए।

> **गरीबी कुपोषण का कारण बनती है, जो बदले में गरीबी को बढ़ाती है। इसलिए यह उचित है कि गरीबी उन्मूलन, पर्याप्त मजदूरी और नागरिकों के लिए गुणवत्तापूर्ण भोजन की आवश्यकता को पूरा करने के लिए आजीविका के साधन सुनिश्चित करने के माध्यम से लोगों की क्रय क्षमता बढ़ाई जाये।**

एक सक्रिय भारतीय वयस्क को प्रतिदिन 2800 – 3200 कैलोरी की आवश्यकता होती है जबकि शारीरिक श्रम करने वाले व्यक्ति को प्रति दिन 3700 से अधिक कैलोरी की आवश्यकता होगी। इसलिए शारीरिक श्रम करने वाले को अधिक मात्रा में भोजन की आवश्यकता होती है।

संतुलित पौष्टिक आहार का अर्थ है पर्याप्त मात्रा में प्रोटीन, वसा, कार्बोहाइड्रेट और विटामिन और खनिज के रूप में सूक्ष्म पोषक तत्व शरीर में जाना। ईएटी-लैंसेट आयोग द्वारा सुझाए गए प्लैनेटरी हेल्थ डाइट के अनुसार दैनिक भोजन में मूंगफली और अन्य दाने: 50 ग्राम, फलियां (दालें, दाल, बीन्स): 75 ग्राम, मछली: 28 ग्राम, अंडे: 13 शामिल होने चाहिए। ग्राम/दिन (प्रति सप्ताह 1 अंडा), मांस: 14 ग्राम / चिकन: 29 ग्राम, कार्बोहाइड्रेट: साबुत अनाज की रोटी और चावल, 232 ग्राम, कार्बोहाइड्रेट: 50 ग्राम स्टार्चयुक्त सब्जियां जैसे आलू और रतालू, डेयरी: 250 ग्राम, सब्जियां: 300 ग्राम बिना स्टार्च वाली सब्जियां और 200 ग्राम फल, अन्य: 31 ग्राम चीनी और खाना पकाने का तेल: 50 ग्राम। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद ने भी भारतीयों के लिए इसी तरह के दिशानिर्देश जारी किये हैं।

वर्तमान बाजार मूल्य पर इस भोजन की लागत प्रति व्यक्ति लगभग 200/- रुपये प्रतिदिन आती है। इसका मतलब यह है कि पांच सदस्यों वाले एक परिवार को प्रतिदिन 1000 रुपये या प्रति माह 30000 रुपये केवल भोजन पर खर्च करना होगा।

विश्व में खाद्य सुरक्षा और पोषण की स्थिति (एसओएफआई) 2023 रिपोर्ट के अनुसार, जो संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन (एफएओ), कृषि विकास के लिए अंतरराष्ट्रीय कोष (आईएफएडी), संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ), विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) और विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, 2021 में 74प्रश भारतीय आबादी स्वस्थ आहार का खर्च उठाने में सक्षम नहीं थी, जो कि विचार किये गये देशों में चौथी सबसे बड़ी हिस्सेदारी है। इसका मतलब यह है कि भारत में 100 करोड़ से अधिक लोग अपर्याप्त पोषण वाला भोजन खाने को बाध्य हैं। यह सर्वविदित है कि गरीबी कुपोषण का कारण बनती है, जो बदले में गरीबी को बढ़ाती है।

इसलिए यह उचित है कि गरीबी उन्मूलन, पर्याप्त मजदूरी और नागरिकों के लिए गुणवत्तापूर्ण भोजन की आवश्यकता को पूरा करने के लिए आजीविका के साधन सुनिश्चित करने के माध्यम से लोगों की क्रय क्षमता बढ़ाई जाये।

5 किलो अनाज और एक किलो दाल और थोड़ा सा तेल देने की सरकार की योजना विटामिन और खनिज जैसे आवश्यक सूक्ष्म पोषक तत्वों को पूरा नहीं करती है जो शारीरिक और मानसिक विकास के लिए आवश्यक हैं। लोग इतने भोजन से भी संतुष्ट हैं यह देश के लिए शर्म की बात है। यह गरीबी के स्तर की ओर इशारा करता है कि जो भोजन बमुश्किल निर्वाह के लिए पर्याप्त है वह लोगों के लिए एक बड़ी राहत है।

ऑक्सफैम की असमानता रिपोर्ट को उद्धृत करना उचित होगा: 'भारत की शीर्ष 10प्रश आबादी के पास कुल राष्ट्रीय संपत्ति का 77प्रश हिस्सा है। 2017 में उत्पन्न संपत्ति का 73प्रश सबसे अमीर 1प्रश के पास चला गया, जबकि 67 करोड़ भारतीय, जो आबादी का सबसे गरीब आधा हिस्सा हैं, उनकी संपत्ति में केवल 1 प्रश की वृद्धि देखी गई। भारत में 119अरबपति हैं। उनकी संख्या 2000 में केवल 9 से बढ़कर 2017 में 101 हो गई है। 2018 और 2022 के बीच, भारत में हर दिन 70नये करोड़पति पैदा होने का अनुमान है। यह इसके विपरीत है कि कई आम भारतीय अपनी ज़रूरत की स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंचने में सक्षम नहीं हैं। उनमें से 630 लाख हर साल स्वास्थ्य देखभाल की लागत के कारण गरीबी में धकेल दिये जाते हैं- अर्थात लगभग हर सेकंड दो लोग। ग्रामीण भारत में न्यूनतम वेतन पाने वाले एक कर्मचारी को एक अग्रणी भारतीय परिधान कंपनी में सबसे अधिक वेतन पाने वाला कार्यकारी एक साल में जितना कमाता है उतना कमाने में 941 साल लगेंगे।'

इसके अलावा, ऑक्सफैम रिपोर्ट में कहा गया है: 'हालांकि भारत सरकार अपने सबसे धनी नागरिकों पर बमुश्किल कर लगाती है, जबकि सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा पर दुनिया में सबसे कम खर्च करती है। एक अच्छी तरह से वित्त पोषित स्वास्थ्य सेवा के स्थान पर, इसने एक तेजी से शक्तिशाली वाणिज्यिक स्वास्थ्य क्षेत्र को बढ़ावा दिया है।'

इसमें कहा गया है: 'परिणामस्वरूप, अच्छी स्वास्थ्य सेवा केवल उन लोगों के लिए उपलब्ध है जिनके पास इसके लिए भुगतान करने हेतु पैसे हैं, अन्य के लिए यह एक विलासिता है। जबकि देश चिकित्सा पर्यटन के लिए एक शीर्ष गंतव्य है, सबसे गरीब भारतीय राज्यों में शिशु मृत्यु दर उप-सहारा अफ्रीका की तुलना में अधिक है। वैश्विक मातृ मृत्यु में 17प्रश और पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों में 21प्रश मृत्यु भारत में होती है।

विभिन्न श्रमिक संगठनों ने कैलोरी आवश्यकताओं के सिद्धांत के आधार पर न्यूनतम वेतन 26000/- रुपये प्रति माह तय करने की मांग की है। अत्यंत निराशा की बात है कि सरकार ने न्यूनतम वेतन 178/- रुपये प्रतिदिन की घोषणा की। यह आंतरिक श्रम मंत्रालय समिति की प्रतिदिन 375/- रुपये की सिफारिश के बावजूद है।

इस संदर्भ में, केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने हैदराबाद में 'भारत में महिलाओं की भविष्य की भूमिका' विषय पर फिक्की के एक कार्यक्रम में ग्लोबल हंगर इंडेक्स के बारे में जिस तरह से बात की, वह उनके अहंकार और गरीबों के प्रति असंवेदनशीलता का प्रतिबिंब है। यह जानना महत्वपूर्ण है कि भूख सूचकांक की गणना की पद्धति पर किसी अन्य देश ने आपत्ति नहीं जताई है। यह दुख की बात है कि इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर पॉपुलेशन साइंसेज (आईआईपीएस) के वरिष्ठ प्रोफेसर और निदेशक प्रोफेसर केएस जेम्स, जिन्होंने राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण 5 (2019 – 2021) आयोजित किया था और गर्भवती महिलाओं और बच्चों में एनीमिया में वृद्धि की सूचना दी थी। इस तथ्य को रिपोर्ट में लाने पर उनको निलंबित कर दिया गया क्योंकि यह सरकार के हित के खिलाफ है।

हमारी सरकार की 5 खरब अर्थव्यवस्था बनने की आकांक्षा उसके खोखले दावों की पोल खोलती है। रिपोर्ट की आलोचना करने के बजाय सरकार को इस गड़बड़ी को दूर करने के लिए उठाये जाने वाले कदमों के बारे में बात करनी चाहिए थी।

## देश में बेरोजगारी की असली तस्वीर क्या है?

किसी देश की अर्थव्यवस्था को प्रभावित करने वाले तीन सबसे महत्वपूर्ण मेक्रो इकॉनॉमिक घटक हैं- विदेशी विनिमय दर, मुद्रास्फीति दर और बेरोजगारी दर। पहले घटक विदेशी विनिमय दर के प्रबंधन के लिए भारतीय रिजर्व बैंक जिम्मेदार है जो हर कार्य दिवस पर पहले इसे सटीक और आधिकारिक रूप से रिपोर्ट करता है। दूसरे घटक मुद्रास्फीति दर की रिपोर्ट सरकार के सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) द्वारा हर महीने दी जाती है। इसकी आधिकारिक घोषणा एक महीने के अंतराल के साथ आती है। यानी नवंबर के महीने में आपको पता चल जाता है कि अक्टूबर में महंगाई दर क्या रही। सटीक या पर्याप्त प्रतिनिधि नहीं होने के कारण आधिकारिक मुद्रास्फीति दर की आलोचना की जा सकती है। यह वस्तुओं की एक टोकरी पर औसत कीमतों के उतार-चढ़ाव पर आधारित है। इसलिए आलोचना वैध और अपरिहार्य है। फिर भी, मुद्रास्फीति की इस संख्या का उपयोग व्यापक रूप से ब्याज दरों, सरकारी कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ते में वृद्धि और विभिन्न अनुबंधों में लागत वृद्धि खंड निर्धारित करने के लिए किया जाता है। महंगाई दर को कम और स्थिर रखना आरबीआई का काम है परन्तु आरबीआई सरकार की खर्च करने की प्रवृत्ति के कारण राजकोषीय बोझ से दबा है। इस महीने जब हम चुनावी मूड में आ रहे हैं तब राजनीतिक दल मुफ्त उपहारों का वादा कर रहे हैं जो राजकोष पर और बोझ डालेंगे तथा मुद्रास्फीति को बढ़ाएंगे। न तो आरबीआई और न ही सरकार इस उच्च मुद्रास्फीति का दोष अपने सिर पर लेगी।



डॉ.अजीत रानाडे

> **कृषि में आजीविका अनिश्चित, कम भुगतान और कम उत्पादकता वाली है। निर्माण या होटल और रेस्तरां की तुलना में विनिर्माण में रोजगार का हिस्सा स्थिर या गिर रहा है अथवा और भी कम है। चूंकि रोजगार में वृद्धि अनिवार्य और तत्काल आवश्यकता है इसलिए हमें एक ऐसे सटीक 'थर्मामीटर' की आवश्यकता है जो अर्थव्यवस्था में रोजगार और बेरोजगारी का एक विश्वसनीय सूचक हो।**

तीसरा मेक्रो इकॉनॉमिक वैरिएबल बेरोजगारी की दर है जिसके बारे में हमारे पास स्पष्ट तस्वीर नहीं है। आखिर बेरोजगारी की सही तस्वीर के इर्द-गिर्द यह कोहरा क्यों छाया हुआ है? सबसे पहली बात यह है कि कृषि क्षेत्र में आधे कार्य बल को उद्यमी या स्व-नियोजित के रूप में देखा जाता है। अनुमान है कि कृषि उत्पादन का चालीस प्रतिशत हिस्सा भूमिहीन श्रमिकों या छोटे किसानों द्वारा उत्पादित किया जाता है जो अन्य खेतों पर मजदूरों के रूप में काम करते हैं। इन श्रमिकों के पास मौसमी रोजगार है लेकिन उनके पास कोई लिखित अनुबंध नहीं है और न ही उन्हें उनके तथाकथित नियोक्ताओं से कोई लाभ मिलता है। शेष कार्य बल का चौथा-पांचवां हिस्सा कृषि से परे अनौपचारिक या अपंजीकृत क्षेत्र में है। ये भी बिना लिखित अनुबंध के काम करने वाले श्रमिक हैं। बहुत से लोग जो कहते हैं कि वे 'काम' कर रहे हैं, वे कई अंशकालिक नौकरियां कर सकते हैं। पूर्णकालिक नौकरी नहीं होने को 'बेरोजगार' माना जा सकता है लेकिन यह भ्रामक होगा। एक ऐसे देश में जहां 90 प्रतिशत कार्य बल के पास सुरक्षित नौकरियां नहीं हैं वहां काम मांगने वालों का नारा है 'मुझे नौकरी नहीं, काम चाहिए'। प्रतिबंधात्मक कड़े श्रम कानूनों या आर्थिक विकास पूंजी गहन श्रम बचत या श्रम विस्थापन के कारण औपचारिक क्षेत्र की रोजगार वृद्धि निराशाजनक है।

फिर श्रम बाजार की सही तस्वीर और उसके मिज़ाज के बारे में जानकारी प्राप्त करना कैसे संभव है? अप्रैल 2017 के बाद से सरकार मियादी श्रम बल सर्वेक्षण (पिरीआडिक लेबर फोर्स सर्वे- पीएलएफएस) नामक एक त्रैमासिक बयान प्रकाशित करती है। पीएलएफएस केवल शहरी क्षेत्रों के लिए तीन तिमाही संकेतकों, श्रमिक जनसंख्या अनुपात, श्रम बल भागीदारी दर (एलएफपीआर) तथा बेरोजगारी दर का अनुमान लगाता है। यह ग्रामीण एवं शहरी, दोनों क्षेत्रों में बेरोजगारी का वार्षिक अनुमान भी प्रदान करता है। जुलाई तिमाही के अंत तक की नवीनतम रिपोर्ट के प्रमुख निष्कर्ष हैं-पिछली पांच तिमाहियों में पुरुषों के लिए एलएफपीआर 73.5 प्रतिशत पर स्थिर था और महिलाओं के लिए 18.9 से बढ़कर 21.1 प्रतिशत था। दूसरी बात यह है कि बेरोजगारी दर पुरुषों के लिए 7.1 से गिरकर 5.9 प्रतिशत और महिलाओं के लिए 7.6 से 6.6 प्रतिशत हो गई है। ये सुधार उत्साहजनक हैं हालांकि महिलाओं के लिए एलएफपीआर अभी भी कम है। 21.1 प्रतिशत की दर वाली इस रिपोर्ट से मालूम होता है कि भारत की महिला एलएफपीआर सभी जी-20 देशों में सबसे कम है। लेकिन इस डेटा की तुलना इस हफ्ते न्यूज एजेंसी प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया द्वारा प्रकाशित एक अन्य खबर से करें जिसमें शिक्षा मंत्री के हवाले से कहा गया है कि 2022-23 के दौरान महिला एलएफपीआर बढ़कर 37 प्रतिशत हो गया है। यह पीएलएफएस अप्रैल से जुलाई के आंकड़ों (केवल शहरी श्रमिकों के लिए) में उद्धृत आंकड़ों की तुलना में 16 प्रतिशत अधिक है। इनमें से कुछ समस्याएं भारत की कम महिला एलएफपीआर मापने के मुद्दों के कारण हो सकती हैं या शायद जानकारी हासिल करने वाली प्रश्नावली दोषपूर्ण हो सकती है। जब घरेलू उद्यमों के लिए काम करने वाली महिलाओं से पूछा जाता है कि 'क्या आप काम कर रही हैं' तो वे नकारात्मक जवाब दे सकती हैं। लेकिन अगर पूछा जाए- 'क्या आप घरेलू उत्पाद (हस्तकला या कुटीर उद्योग) में योगदान दे रही हैं' तो उनका जवाब हां में हो सकता है। अंतरराष्ट्रीय श्रम कार्यालय ने भी कहा है कि महिलाओं के काम की वाणिज्यिक तथा आर्थिक मूल्य की सही तस्वीर प्राप्त करने के लिए भारतीय डेटा संग्रह में बदलाव करने की आवश्यकता है। कार्यप्रणाली में इस कमी के बावजूद पीएलएफएस में 21.1 और 37 प्रतिशत के बीच का अंतर समझने के लिहाज से बहुत बड़ा है। तो आखिरकार सही कौन है?

सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी (सीएमआईई) नामक निजी कंपनी द्वारा श्रम बाजार के इकट्ठा किए गए आंकड़े इस भ्रम को और बढ़ा रहे हैं। सीएमआईई की कार्यप्रणाली के बारे में बहुत चर्चा, बहस और आलोचना की गई है। यह कहना पर्याप्त है कि सीएमआईई के अनुमान, खासकर युवाओं के बीच बेरोजगारी की अधिक निराशाजनक तस्वीर पेश करते हैं। भारत के कुछ राज्यों में सीएमआईई ने युवा बेरोजगारी को 37 प्रतिशत तक बताया है।

डेटा का एक अन्य स्त्रोत रोजगार भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) से आता है जो विशेष रूप से औपचारिक क्षेत्र में रोजगार के बारे में जानकारी देता है। दावा किया जा रहा है कि ईपीएफओ नामांकन से रोजगार में अच्छी वृद्धि दिख रही है। लेकिन ईपीएफओ केवल उन फर्मों का डेटा कैप्चर करता है जो पीएफ नियमों का पालन करते हैं यानी जो 10 से अधिक कर्मचारियों को रोजगार देते हैं। लेकिन यदि किसी संगठन में श्रमिकों की संख्या 9 से 11 श्रमिकों तक हो जाती है तो ईपीएफओ 11 के नए पंजीकरण दिखाएगा लेकिन वास्तविक रोजगार वृद्धि केवल 2 नई नौकरियों की हुई थी। इसके अलावा अगर कोई कर्मचारी एक नौकरी छोड़कर दूसरी नौकरी ज्वाइन करता है तो ईपीएफओ केवल नए कर्मचारियों को रिकॉर्ड करता है किन्तु नौकरी छोड़ने वालों की संख्या नहीं घटाता है।

नौकरी डॉट कॉम जैसे जॉब पोर्टल और टीमलीज जैसी कंपनियों से भी डेटा इकट्ठा किया जाता है। लेकिन सही तस्वीर का अनुमान लगाना 'अंधे पुरुषों और हाथी' की कहानी की तरह है। यह सब इस बात पर निर्भर करता है कि श्रम शक्ति के किस हिस्से को 'टच' किया जा रहा है। कुछ कम होने से पहले 2018-19 से चार वर्षों में कृषि कार्यबल की हिस्सेदारी 42.5 से बढ़कर 46.5 प्रतिशत हो गई। यह चिंताजनक है क्योंकि कृषि में आजीविका अनिश्चित, कम भुगतान और कम उत्पादकता वाली है। निर्माण या होटल और रेस्तरां की तुलना में विनिर्माण में रोजगार का हिस्सा स्थिर या गिर रहा है अथवा और भी कम है। चूंकि रोजगार में वृद्धि अनिवार्य और तत्काल आवश्यकता है इसलिए हमें एक ऐसे सटीक 'थर्मामीटर' की आवश्यकता है जो अर्थव्यवस्था में रोजगार और बेरोजगारी का एक विश्वसनीय सूचक हो।

**(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं। सिंडिकेट: दी बिलियन प्रेस)**

## सार समाचार

### इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब की बैठक आयोजित

**गुना, देशबन्धु।** पीजी कॉलेज में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत नोडल अधिकारी अनिल कुमार शुक्ला ने इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब की बैठक आयोजित की। जिसमें सभी मेंटर श्रीमति सोनू जैन, संजीव कुमार कुशवाह, विकास कुमार जैन, अनुराग चौरसिया एवं उनके द्वारा क्लब में जोड़े गए सभी छात्र सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में निर्णय लिया गया कि शनिवार को होने वाली मशाल रैली में सभी सदस्य उपस्थित रहेंगे। कल जिला प्रशासन द्वारा एक मशाल रैली की शुरुआत स्थानीय जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय में की जाएगी, जो 10 नवंबर को जिले की सभी विधानसभाओं से होते हुए गुना विधानसभा के मतदान केंद्र में स्थापित होगी। यह मशाल 17 नवंबर को जलती रहेगी।

### अपहृत नाबालिग किशोरी को किया दस्तयाब

**गुना, देशबन्धु।** बमौरी पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र से अपहृत नाबालिग किशोरी को दस्तयाब कर परिजनों को सौंपा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विगत दिवस बमौरी थाने पर फरियादी पीड़ित किशोरी के चाचा द्वारा अपनी 15 वर्षीय नाबालिग भतीजी के 1-2 अक्टूबर की मध्य रात में घर पर किसी को भी बिना कुछ बताए कहीं चले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। जिसकी रिपोर्ट पर से बमौरी थाने में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 224/23 धारा 363 भादवि के तहत कायम कर विवेचना में लिया गया था। पुलिस द्वारा लगभग एक महीने बाद प्रकरण में अपहृत किशोरी को दस्तयाब किया है। दस्तयाबी पर पीडिता द्वारा दिये गये कथनों के आधार पर आरोपी रवि सहरिया निवासी ग्राम अकोदा थाना बमौरी के विरूद्ध प्रकरण में धारा 376, 376(3) भादवि एवं 3/4 पास्को एक्ट इजाफा की गई। बाद विधिवत कार्यवाही उपरांत पीडित किशोरी को उसके परिजनों को सौंप दिया गया है। बमौरी थाना पुलिस द्वारा प्रकरण के आरोपी रवि सहरिया की तलाश की जा रही है, जिसे शीघ्र गिरफ्तार किया जावेगा।

### स्कूलों की उपलब्धियों का करेगा सर्वे

**गुना, देशबन्धु।** भारत सरकार द्वारा देश के विद्यालयों में शैक्षणिक सुधार करने के लिए सर्वे कराया गया। इस क्रम में जिले के चयनित शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में स्टेट अचीवमेंट सर्वे किया गया। माध्यमिक विद्यालय पुरानी छावनी गुना में कक्षा 3 एवं कक्षा 6 के छात्रों पर सर्वे किया गया सर्वे में छात्रों के बौद्धिक कुशलता देखकर ओएमआर शीट पर उत्तर दिए गए अवसर पर डाइट द्वारा निर्धारित फील्ड इन्वेस्टिग्रेट उपस्थित रहे। प्रधान अध्यापक अनिल भार्गव ने बताया कि मध्य विद्यालय पुरानी छावनी गुना में सर्वे में कक्षा 3 एवं 6 के 60 छात्रों ने भाग लिया। सर्वे में छात्र छात्राओं से हिंदी एवं गणित के प्रश्नों के माध्यम से अपनी बौद्धिक क्षमता का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर फील्ड फील्ड इन्वेस्टिगर रवि वास्त्री तथा पूनम चिडार, ज्योति श्रीवास्तव, रानी बेगम भी उपस्थित रहे।

### अकोदा निवासी महिला ने पुलिस अधीक्षक से लगाई गुहार

# ससुराली बना रहे जेठ के साथ रहने का दबाव, पति नशे में करता है मारपीट



**गुना, देशबन्धु।** बमोरी थानांतर्गत ग्राम अकोदा की रहने वाली एक महिला को वामीघटा निवासी ससुरालियों द्वारा दहेज के लिए प्रताड़ित करने के साथ ही जेठ के साथ पत्नी की तरह रहने का दबाव बनाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में पीड़िता ने अपनी दूधमुंही बच्ची के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर अपने ससुरालियों की करतूतों की शिकायत की। पीड़िता के अनुसार उसका पति शराब पीकर आए दिन मारपीट करता है। वहीं ससुराल वाले दहेज लाने अन्यथा जेठ के साथ पत्नी की रहने का दबाव बनाते हैं। ससुरालियों की प्रताडऩा से परेशान होकर पीड़िता अपने दादा-दादी के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची। यहां उसने अपने ऊपर हो रहे हैं अत्याचारों को पुलिस अधिकारियों को बताया।

मामले के अनुसार ग्राम वामीघटा हाल निवासी अकोदा की रहने वाली मनीषा की शादी दो-तीन वर्ष पूर्व उसके दादा-दादी ने वामीघटा के श्याम बघेल से की थी। जिससे उसकी डेढ़ साल की बच्ची है। महिला के अनुसार उसके माता-पिता नहीं है। दादा-दादी ने उसकी शादी की थी और शादी में अपनी हैसीयत से ज्यादा दहेज दिया था। लेकिन शादी के बाद से ससुराल वाले महिला को प्रताड़ित करते आ रहे हैं। इस दौरान कभी उसे दहेज के लिए तो कभी जेठ के साथ पत्नी की रहने के लिए प्रताड़ित करते हैं। जब उसने अपने जेठ के साथ इस तरह रहने से मना कर दिया तो ससुरालियों ने उसके साथ जमकर मारपीट की। आए दिन ससुरालियों की प्रताडऩा से परेशान होकर वह अपने दादा-दादी के यहां अकोदा मार्च 2022 में आ गई। जिसके बाद उसने बमोरी थाने में इसकी शिकायत की। उक्त मामला फिलहाल कुटुम्ब न्यायालय में चल रहा है।

इस प्रकरण को वापस लेने के लिए आए दिन ससुराल वाले उसे फोन पर धमकियां दे रहे हैं। यहीं नहीं ससुरालियों ने अकोदा निवासी रामहेत एवं पूजा के द्वारा उसके साथ मारपीट भी करा दी। इस संबंध में शुक्रवार को अपनी दूधमुंही बच्ची के साथ एसपी ऑफिस पहुंची महिला ने आरोपी ससुरालियों पर कार्रवाई करने की मांग की। महिला के अनुसार वह ससुराल में रहना चाहती है लेकिन ससुराल वाले उसे रख नहीं रहे हैं। उसका पति शराब न पिएं और ससुराल वाले उससे दहेज तथा जेठ के साथ रहने का दबाव ना बनाएं। इसके लिए उसने एसपी से गुहार लगाई।

### बूथ कार्यकर्ता के आदेश का पालन करेंगे वरिष्ठ नेता

## कांग्रेस की समीक्षा बैठक में दिया बूथ प्रबंधन पर जोर



**गुना, देशबन्धु।** विधानसभा सीट जीतने का लक्ष्य निर्धारित कर चुकी कांग्रेस पार्टी संगठनात्मक गतिविधियों पर ध्यान दे रही है। खासकर नगरीय क्षेत्र में वार्डवार कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपकर बूथ जीतने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। निचले स्तर से ऊपरी स्तर तक चुनाव प्रबंधन के अनोखे फॉर्मूले के साथ चुनाव मैदान में उतरी कांग्रेस कार्यकर्ताओं से चर्चा करने के लिए पार्टी के कई वरिष्ठ नेता लक्ष्मीगंज स्थित चुनाव कार्यालय पहुंचे। कांग्रेस प्रत्याशी पंकज कनेरिया के चुनाव प्रचार की समीक्षा करते हुए ग्वालियर से आए कांग्रेस प्रभारी राघवेंद्र शर्मा, जिलाध्यक्ष मेहरबान सिंह सहित स्थानीय नेताओं और पदाधिकारियों ने वार्ड स्तर और बूथ स्तर पर काम करने वाले कार्यकर्ताओं से चुनावी माहौल और प्रबंधन पर बातचीत की।

बैठक का संचालन करते हुए सत्येंद्र जैन ने स्पष्ट किया कि प्रचार के लिए शेष रहे 15 दिन कार्यकर्ताओं के लिए अति महत्वपूर्ण है। इसलिए बूथ स्तर का कार्यकर्ता ही चुनाव का प्रबंधन करेगा। पार्टी के पदाधिकारी शहर के सभी 37 वार्डों में बैठक लेने अवश्य जाएंगे, जहां चाय और माला के जरिए स्वागत-सत्कार पर जोर नहीं दिया जाएगा। बल्कि पीने के लिए सिर्फ पानी उपलब्ध रहेगा और कार्यकर्ताओं के बीच बैठक पदाधिकारी तैयारियों की समीक्षा करेंगे कांग्रेस की चुनावी रणनीति में इस बार अहम बदलाव किया गया है, जिसके तहत बूथ स्तर का कार्यकर्ता एक टीम गठित करेगा, जो घर-घर जाकर कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में प्रचार करेंगे।

बैठक में प्रमुख रूप से मेहरबान सिंह, हरिशंकर विजयवर्गीय, नूरुल हसन नूर, विश्वनाथ तिवारी, राजेन्द्र तिवारी, महावीर पांड्या, सत्यप्रकाश विजयवर्गीय, निकलंक जैन, वरुण सूद, गोपाल शर्मा, रणवीर कुशवाह, शेखर वशिष्ठ, राजू बना, वीरेंद्र शर्मा, इकरार खान, हलीम गाजी, हर्ष मेर समस्त पार्षद मौजूद रहे।

इस अवसर पर कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में नामांकन वापस लेकर समर्थन देने वाले संगीत मोहन रजक, रमेश सेंडो, कन्हैयाराम अहिरवार का माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कांग्रेस नेताओं ने कहा कि बूथ स्तर की टीम को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। यह मानकर चलें कि बूथ स्तर का कार्यकर्ता अपने वार्ड का मुख्यमंत्री है। उसे लोगों से मिलना होगा, प्रचार करना होगा और उन्हें यह भरोसा दिलाना होगा कि कांग्रेस जनता के लिए यह चुनाव लड़ रही है। धरातल पर काम करने वाले बूथ कार्यकर्ता जैसा कहेंगे कांग्रेस का वरिष्ठ नेतृत्व उसी का पालन करेगा और आगे की रणनीति व समीकरण तय किए जाएंगे। इस बैठक में मौजूद शहरी क्षेत्र के सभी कार्यकर्ताओं से पदाधिकारियों ने सुझाव लिए और अब तक के प्रचार-प्रसार की समीक्षा भी हुई।

## ट्रक यूनियन विवाद में पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचा युवक



**गुना, देशबन्धु।** ट्रक यूनियन को लेकर हुए विवाद में तलवार से हमला करने के मामले में युवक ने कैंट पुलिस पर आरोपियों पर मामूली धाराओं में मामला दर्ज करने का आरोप लगाया है। अस्पताल में लंबे समय तक भर्ती रहने के बाद युवक पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचा। यहां उन्होंने आरोपियों पर धारा 307 का मामला दर्ज करने की मांग करते हुए आए दिन धमकी देने की शिकायत की। मामले के अनुसार बोहरा कॉलोनी निवासी हेदर अली का विवाद मोहम्मद इकबाल, मोहम्मत इरफान एवं उनके बच्चों से हो गया था। पूरा विवाद एकता ट्रक एसोसिएशन के लिस्ट में नंबर एवं वर्चस्व को लेकर हुआ था। फरियादी हेदर अली के अनुसार आरोपियों ने 23 अक्टूबर को हिलगना रोड पर उस पर तलवार से जानलेवा हमला कर दिया। जिसमें उसके हाथ में दो दर्जन से अधिक टांके आए हैं और लंबे समय तक वह जिला अस्तपाल में भर्ती रहा। आरोपीगणों द्वारा ट्रक यूनियन में दादागिरी कर बिना नंबर की गाडिय़ां चलाई जाती हैं।

युवक के अनुसार उक्त मामले में पुलिस ने मामूली धाराओं में आरोपियों पर मामला दर्ज किया है। आरोपियों पर धारा 307 लगवाने की मांग को लेकर वह पुलिस को कई बार आवेदन दे चुका है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं होती। एसपी को दिए आवेदन में फरियादी ने बताया कि घटना के बाद आरोपी उसे धमका रहे हैं यदि उसके साथ या उसके परिवार के साथ कोई घटना होती है तो आरोपीगण इसके जिम्मेदार होंगे। आवेदन में फरियादी ने आरोपियों पर धारा 307 के तहत मामला दर्ज कर सख्त कार्रवाई की मांग की।

## तेजी से बढ़ रहे डेंगू के मरीज, पड़ोसी राज्य में इलाज कराने को मजबूर ग्रामीण

**गुना, देशबन्धु।** जिले भर में डेंगू का प्रकोप में तेजी से बढ़ रहा है। शहर सहित सीमावर्ती अंचल में बड़ी संख्या में डेंगू के मरीज सामने आ रहे हैं। जो समुचित ईलाज नहीं मिलने के कारण पड़ोसी राज्यों में उपचार कराने जाने को मजबूर हैं। राजस्थान सीमा से लगे ग्राम बासाहेडा खुर्द में लगातार डेंगू के केस बढ़ रहे हैं। स्थानीय रहवासी यहां ईलाज की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण पड़ोसी राज्य राजस्थान में उपचार कराने जाने को मजबूर हैं। दरअसल गुना सहित प्रदेशभर में इन दिनों डेंगू के केस ज्यादा आ रहे हैं। डेंगू से कई मरीजों की भी मौत हो चुकी है। इसमें जिला मुख्यालय पर एक युवती सहित जिलेभर में कई लोग डेंगू के शिकार हो गए। जिलेभर में डेंगू का प्रकोप तेजी से फैल रहा है। जिले की तहसील कुंभराज के ग्राम बासाहेडा खुर्द में तो लोग डेंगू के खौफ में जी रहे हैं। डेंगू से पीड़ितों की यहां इलाज की कोई व्यवस्था नहीं है। इलाज के लिए अन्य राज्यों में जाना पड़ रहा है। विगत दिवस जिला प्रशासन के स्वास्थ्य विभाग ने यहां कैंप लगाकर औपचारिकता पूरी कर ली। ग्रामीणो ने बताया है ग्राम बांसाहेडा खुर्द में डेंगू के मामले बहुत आ रहे हैं। यहां पर इलाज की कोई व्यवस्था नहीं है। हमें गांव से 30 किलोमीटर दूर राजस्थान छबड़ा जाना पड़ता है। छाबड़ा के अस्पताल में जांच करवाते हैं वहां डेंगू मिलता है। इधर स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से सावधान रहने और डेंगू से बचाव के उपायों का पालन करने की सलाह दी है।

### कैंट पुलिस ने दबोचे 1 स्थाई वारंटी

**गुना, देशबन्धु।** शहर की कैंट थाना पुलिस द्वारा 1 स्थाई वारंटी को दबोचा है। जिसमें आरोपी की चैक बाउंस के प्रकरण में तलाश थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार केंट थाने में दर्ज कर भादवि एवं न्यायालय गुना के प्रकरण क्रमांक 44/22 में आरोपी हरिशंकर उर्फ दल्ला केवट निवासी सैय्यदपुरा केंट गुना के न्यायालयीन कार्यवाही से लगातार फरार रहने पर जिसकी गिरफ्तारी हेतु न्यायालय से स्थाई वारंट जारी किया गया था।

## राज्य शैक्षणिक उपलब्धि का हुआ सर्वे



**आष्टा, देशबन्धु।** एनसीईआरटी नई दिल्ली के निर्देश पर विकासखंड के चयनित शासकीय और अशासकीय विद्यालयों में राज्य शैक्षणिक उपलब्धि सर्वे 2023 का सफल आयोजन किया गया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी अजब सिंह राजपूत एवं सहयोगी दल में अनिल कुमार श्रीवास्तव विकासखंड स्त्रोत सह समन्वयक , विजय सिंह जायसवाल , रजनीकर महेश्वरी एवं ज्ञान सिंह मेवाडा जन शिक्षक द्वारा विद्यालयों का निरीक्षण किया गया, सभी जगह सर्वे सुचारू रूप से संचालित पाया गया ।

रेंडम आधार पर सैंपलिंग द्वारा बच्चों का चयन किया गया, सीईएस सर्वे में कक्षा 3, कक्षा 6 एवं कक्षा 9 के छात्र-छात्राओं द्वारा भाग लिया गया, कक्षा 3 का सर्वे 23 शालाओं में कक्षा 6 का सर्वे 22 शालाओं में एवं कक्षा 9 का सर्वे 27 शालाओं में संपन्न हुआ सभी चयनित शालाएं निर्धारित समय पर खुली। शाला प्रमुख एवं फील्ड इन्वेस्टिगेटर, प्रातः 7 बजे आवंटित स्कूलों में पहुंच गए थे, जिला निरीक्षण दल द्वारा भी शालाओं का निरीक्षण किया गया जिसमें जिला शिक्षा केंद्र से अभिषेक भार्गव एवं डाईट से अनिल कुमार उपाध्याय व्याख्याता थे मौजूद रहे ।

## स्वीप अभियान के तहत किया जा रहा जागरुक



**आष्टा, देशबन्धु।** मतदाता जागरुकता अभियान के तहत जिले भर में स्वीप गतिविधियां आयोजित की जा रही है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह एवं जिला पंचायत सीईओ आशीष तिवारी व अनुविभागीय अधिकारी आनंद सिंह राजावत के निर्देश पर विकासखंड आष्टा में स्वीप गतिविधियों के तहत विभिन्न मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है । मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। समस्त हाई स्कूल, हायर सेकेण्डरी स्कूलों में रंगोली प्रतियोगिता, मतदाता की शपथ दिलवाना,मानव श्रंखला, मेंहदी प्रतियोगिता अन्य गतिविधि द्वारा मतदाताओं को जागरुकता किया जा रहा है। माडल हायर सेकंडरी स्कूल में मतदाता की शपथ दिलाई गई, सीएम राइज हायर सेकंडरी स्कूल में मानव श्रृंखला बनवाई गई,मैना हायर सेकेण्डरी स्कूल में मेंहदी प्रतियोगिता आयोजित हुई। विकासखंड आष्टा में समस्त गतिविधियों के लिए समस्त प्राचार्य को विकास खंड शिक्षा अधिकारी अजब सिंह राजपूत द्वारा प्रेरित किया जा रहा है। मुख्य रूप से सीएम राइज प्राचार्य सितवत खान ,अनिल कुमार श्रीवास्तव समन्यक, विष्णु पंवार, विजय सिंह जायसवाल,धीरज सिंह राजपूत, जनशिक्षक राजनीकर महेश्वरी, ज्ञान सिंह मेवाडा , केदार सिंह मेवाड़ा, सम्राट कुमार ढोके एवम बच्चे उपस्थित रहे।

## भाजपा प्रत्याशी ने ग्रामीण क्षेत्रों में किया जनसंपर्क



**गुना, देशबन्धु।** पूर्व विधायक और गुना विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी पन्नालाल शाक्य ने शुक्रवार को ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंपर्क कर आने वाली 17 तारीख कमल खिलाकर भारतीय जनता पार्टी को प्रचंड बहुमत से जिताने का आग्रह किया। भाजपा जिला मिडिया प्रभारी विकास जैन ने बताया कि भाजपा प्रत्याशी पन्नालाल शाक्य ने अपने निर्धारित जनसंपर्क के तहत शुक्रवार को पगारा मंडल में जनसंपर्क के दौरान टोरिया, सरखंडी, किंदर, खुशालपुर, पगारा, बेहटा घाट, रोड़ी, कोठिया, पीतमपुर, कमलापुर, माहोर, करोद, विजय पूरा मंगवार, पीताखेड़ी, मोहरी, पिपरोदा, नैनशुहाया एवं खेजरा आदि ग्रामों में पहुंचकर सर्व समाज के बीच जनसंपर्क करते हुए भाजपा के लिए समर्थन मांगा। इसी के साथ ही नगर मंडल द्वारा बूढ़े बालाजी क्षेत्र के वार्ड 7, 8 और 12 में जनसंपर्क कर भाजपा प्रत्यासी पन्नालाल शाक्य को भरी मतों से जिताने का आग्रह किया। इस मौके पर नपाध्यक्ष सविता गुप्ता, गुना विधायक के परिजन, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विकास जैन, मंडल अध्यक्ष अर्जुन सिंह राजपूत, महाराज सिंह लोधा, अक्कू सलूजा, सम्भू सेन, जगदीश कुशवाह, विनोद लोधा शैंकी दुबे, अभिषेक गहलोत, ऋतिक ओझा, रोहित ओझा टिंकल जैन अंशुल श्रीवास्तव रवि राठौर आदि उपस्थित थे।

## शराबी पति ने पत्नी को पीटा, अस्पताल में आकर दी धमकी

**मुरैना, देशबन्धु।** शराबी पति ने अपनी पत्नी को जमकर पीटा जिससे उसकी तबीयत बिगड़ गई तथा परिजन एवं पड़ोसियों से अस्पताल लेकर पहुंचे। इसके पश्चात आरोपी पति अस्पताल पहुंचा और उसे धमकी दे डाली।

जानकारी के अनुसार मुरैना नगर निगम क्षेत्र के पीपरीपुरा निवासी 25 वर्षीय संदीप जाटव की शादी केलारस क्षेत्र के पचौखरा निवासी अंजना नामक युवती से शादी हुई थी। शादी के कुछ महीने बाद से संदीप अपनी पत्नी अंजना को परेशान करने लगा, क्योंकि संदीप शराब पीने का शौकीन था। संदीप आये दिन अंजना को मारता पीटता था, जिसको लेकर अंजना ने कई बार अपने परिजनों से और थाने में भी शिकायत की, लेकिन कोई हल नहीं निकला। बीती रात संदीप ने शराब पीकर घर पर अपनी पत्नी की मारपीट की और कहा की मायके से कुछ रुपए ले आ, नहीं तो शादी में मिली बाइक की चाबी दे दे, जिसे में उसको गिरवी रखकर पैसे ले लूं। अंजना ने बाइक की चाबी नहीं दी तो संदीप ने मारपीट कर दी। उसके बाद अंजना ने 100 डायल पर फोन कर सिविल लाइन थाना पुलिस बुला ली। पुलिस दोनों को थाने ले गई, जहाँ अंजना की तबीयत बिगडऩे लगी तो पुलिस ने अंजना को जिला अस्पताल में भर्ती करा दिया। उधर कुछ देर बाद संदीप को छोड़ दिया गया। शुक्रवार को संदीप जिला अस्पताल पहुंचा और वार्ड में भर्ती अपनी पत्नी के पास पहुंचा, उससे बाइक की चाबी छीनकर उसे धमकी दी। पीड़िता जिला अस्पताल पुलिस चौकी पहुंची और अपनी आप बीती बताई। पीड़िता का कहना है की पुलिस ने रात को पकड़ लिया था, लेकिन कुछ देर बाद छोड़ दिया। उसके बाद यहाँ आकर मुझसे बाइक की चाबी छीनकर ले गया और धमकी देकर गया है। पीड़िता का कहना है पुलिस कोई कार्यवाही नहीं कर रही है।

### अवैध शराब बना रहे आरोपी पुलिस को देखकर भागे

**मुरैना, देशबन्धु।** जिले की नूराबाद थाना पुलिस ने गुरुवार की रात पिलुआ डेम छापा मारकर भारी मात्रा में स्प्रिट जप्त की है, जिसकी कीमत पांच लाख रुपए बताई गई है। इस दौरान शराब का अवैध निर्माण कर रहे आरोपी मौके से बाहर निकले। थाना प्रभारी रामबाबू यादव ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि पीलुआ डेम पर कुछ शराब तस्कर अवैध शराब का निर्माण कर रहे हैं। उक्त सूचना पर पुलिस घटनास्थल की ओर रवाना हुई तो रास्ते में दो बाइक सवार मिले, जब उनकी तलाशी ली तो उनके कब्जे से एक अधीया एवं एक कट्टा बरामद किया। इस दौरान पुलिस के आने की सूचना पाकर अब शराब का निर्माण कर रहे तस्कर मौके से भाग निकले और सामान को वहीं छोड़ गए। पुलिस द्वारा घटनास्थल से 10 केन 35-35 लीटर एवं एक ड्रम 200 लीटर ओपी से भरा हुआ बरामद किया गया।

## केंद्रीय मंत्री तोमर की पत्नी ने संभाला चुनावी मैदान



**मुरैना/अम्बाह, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश में चुनावो में समय कम बचा है वहीं दिमनी विधानसभा क्षेत्र बढा होने के चलते अपने पति भाजपा प्रत्याशी केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर का साथ निभाने, कंधे से कंधा मिलाने अब जनसंपर्क की लगाम संभालने उनकी पत्नी श्रीमती किरन तोमर चुनावी मैदान में आ गई है, वह लगभग 10 दिन से ग्रामीण अंचलों में लगातार जनसंपर्क कर भाजपा सरकार की उपलब्धि बताकर मतदाताओं से वोट मांग रही हैं। पति के चुनाव प्रचार में मदद करने के लिए आगे आई किरन तोमर ने शुक्रवार को अपनी महिला टीम के साथ खजूरी, थरा, जलौनी गांव के घर घर जाकर वोट मांगा और जनता से अपने पति और पार्टी को वोट देने की बात कही। वही श्रीमती किरन तोमर प्रतिदिन मन्दिरों पर जाकर संतो का आशीर्वाद लेकर व मंदिर में भगवान को नमन कर लगाकर जनसंपर्क शुरू करती है। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं उनके साथ रहती है श्रीमती किरन तोमर ने कहा कि वह अपनी पार्टी व पति के लिए अपनी बहिनो के साथ चुनावी मैदान में उतर चुकी हैं और वह एक एक घर जाकर दस्तक दे रही हैं। सांसद नरेंद्र सिंह तोमर ने भी मुरैना जिले में आवश्यक विकास कार्यों को स्वीकृत कर विकास की धारा बहाई है अगर वह विधायक बनते हैं तो इस क्षेत्र के विकास को और तेज गति मिलेगी और यहां भी शहरों जैसा विकास होगा। उन्होंने इस दौरान ग्रामीण क्षेत्र की जनता को सरकार की उपलब्धियां से अवगत कराया और भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील की इस दौरान सांसद नरेंद्र सिंह तोमर की बहिन मंजू सिकरवार, कंचन चौहान, ममता तोमर, किशोरी गुप्ता,कृष्ण मोहनी परमार सहित अनेक महिलाएं मौजूद थी।

## भाजपा ने कांग्रेस को दिए गए बहुमत का किया अपमानः गुर्जर



**मुरैना, देशबन्धु।** वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में आप जनता ने कांग्रेस सरकार को बहुमत देकर सरकार बनाई, लेकिन भारतीय जनता पार्टी ने जोड़-तोड़ की राजनीति कर कांग्रेस सरकार को गिरा दिया और प्रदेश की जनता का अपमान किया। अब ऐसी भाजपा सरकार को सबक सिखाने का वक्त आ गया है। यह बात मुरैना विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी दिनेश गुर्जर ने ग्रामीण क्षेत्रों में नुक्कड़ सभाओं के दौरान आम जनता से कहीं और अपने प्रति समर्थन मांगा। गुर्जर ने शुक्रवार की सुबह प्रचार अभियान का श्री गणेश शहर के जीवाजीगंज स्थित अग्रसेन पार्क में स्थापित महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया तथा इसके पश्चात रामनगर चौराहा हनुमान जी मन्दिर के दर्शन करने के बाद पी.जी. कॉलेज से वार्ड 25 व 26 में अपने समर्थकों कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के साथ जनसंपर्क कर कहा कि कांग्रेस की सरकार बनेगी और आपका यह बेटा भाई आपकी सेवा के लिए तत्पर रहेगा। श्री गुर्जर ने दोपहर में ग्रामीण क्षेत्र का दौरा किया और लभनपुरा, वित्तौली, बैंडा, घुरैयापुरा, गिरगोनी, कृपाराम का पुरा, मदनबसई, माधोसिंह का पुरा आदि गांव में पहुंचकर नुक्कड़ सभा करते हुए कहा कि आपका बेटा एवं सेवक बनकर काम करूंगा। मेरे पास कोई ठेकेदार या दलाल नहीं है, आप मुझे एक बार आशीर्वाद दे और फिर देखे चाहे भोपाल का काम हो या दिल्ली का, यह बेटा आपके साथ खड़ा होगा।

# ताप्ती तीरे

## सार समाचार

### वारंटी को गिरफ्तार करने में पुलिस को मिली सफलता

**सारनी, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव को देखते हुए स्थाई वारंटी की धर पकड़ करने के कार्य में पुलिस जुटी हुई है। इसी में घोड़ाडोंगरी पुलिस को 1 वर्षो से घोड़ाडोगरी के इमलीखेड़ा मोहल्ले में रहने वाले युवक को पकड़ने में सफलता मिली है। सारनी थाना प्रभारी अरविंद कुमरे ने बताया कि न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी बैतूल के प्रकरण में धारा 138 एन.आई.ए.एक्ट का स्थाई वारंटी नितिन उर्फ निक्की पिता राधेश्याम मालवीय निवासी इमली मोहल्ला घोड़ाडोंगरी को गिरफ्तार कर चौकी प्रभारी घोड़ाडोंगरी उपनिरीक्षक नरेंद्र उईके,प्र.आर. रमेश टेकाम,आर.सुरेश उईके चौकी घोड़ाडोंगरी थाना सारनी स्टाफ द्वारा स्थायी वारंट तामिल किया गया। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ चौधरी द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए स्थाई वारंटियों के धरपकड की जा रही है।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**मुलताई, देशबन्धु।** मुलताई बोरदेही मार्ग पर महतपुर पंखा के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। बोरदेही पुलिस द्वारा मामले में मर्ग कायम कर जांच की जा रही है।ग्राम बघोडा निवासी श्यामराव पिता मारोती धोटे ने थाने में सूचना दी कि बीते 1 नवम्बर की शाम 7.30बजे ग्राम बघोडा निवासी अलकेश पिता भीमराव धोटे 25 साल को मुलताई बोरदेही मार्ग पर ग्राम महतपुर पंखा के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। जिससे उसे सिर में गंभीर चोट आने के कारण अलकेश की मौत हो गई।

### ताप्ती सरोवर में डूबने से 1 की मौत

**मुलताई, देशबन्धु।** नगर के ताप्ती सरोवर में गुरुवार देर शाम एक अज्ञात व्यक्ति अचानक से ताप्ती सरोवर में कूद गया, जिसके चलते उसकी मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों द्वारा बताया गया कि शुक्रवार शाम एक अज्ञात व्यक्ति सरोवर के किनारे बने गार्डन में बैठा हुआ था, जो कि अत्यधिक शराब के नशे में था। वह देर शाम अचानक ताप्ती सरोवर में कूद गया, सरोवर पर तैनात गोताखोर निकेश कुरवाडे एवं अन्य लोग तत्काल मौके पर पहुंचे और उसे सरोवर से बाहर निकाल कर सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया। लेकिन तब तक उसने दम तोड़ दिया। जिसे अस्पताल में डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। उसके पास कोई भी पहचान के दस्तावेज नहीं मिल पाए, मात्र एक मोबाइल फोन जो उसके पास था बरामद किया गया, लेकिन पानी में भीगने के कारण वह भी काम नहीं कर रहा था। डॉक्टर द्वारा पुलिस को तहरीर भेजने के उपरांत शव को पोस्टमार्टम कक्ष में रखवा दिया गया।

# सवा 12 लाख से अधिक मतदाता करेंगे 1581 केन्द्रों पर मतदान

▸ **जिला निर्वाचन अधिकारी ने दी जानकारी**

**बैतूल, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए 17 नवंबर को जिले की पांच विधानसभा सीटों के लिए 49 प्रत्याशियों के भाग्य का जिले के 12 लाख 25 हजार 907 मतदाता अपने अधिकारों का उपयोग करते हुए मतदान करेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर अमनबीर सिंह बैंस ने बताया कि जिले के पांच विधानसभा क्षेत्रों में एक हजार 581 मतदान केन्द्रों पर 12 लाख 23 हजार 506 मतदाता अपने अधिकारों का उपयोग करेंगे। इनके अलावा 2 हजार 424 सर्विस वोटर भी मतदान में भाग लेंगे।

**मुलताई विधानसभा क्रमांक 129:** मुतलाई विधानसभा क्षेत्र में 12 प्रत्याशी मैदान में है। इनमें बहुजन समाज पार्टी से इन्दलराव खातरकर, भारतीय जनता पार्टी से चंद्रशेखर देशमुख, इंडियन नेशनल कांग्रेस से सुखदेव पांसे, समाजवादी पार्टी से कृपालसिंह सिसोदिया, बहुजन मुक्ति पार्टी से जनार्दन जेडी पाटील, नेशनल वर्ल्ड लीडर पार्टी से मनीष धोटे, निर्दलीय चैतन्य पंवार, निर्दलीय दिनेश साहू, निर्दलीय पलाश कड़वे, निर्दलीय डॉ.मीना रमेश गव्हाड़े, निर्दलीय रूपाली खाड़े, निर्दलीय रितेश रमेनलाल कवड़े प्रत्याशी है। मुलताई के 296 पोलिंग स्टेशन पर 2 लाख 30 हजार 117 मतदाता मतदान करेंगे। इसके अलावा 636 सर्विस वोटर अतिरिक्त रूप में है। इनमें 1 लाख 17 हजार 862 पुरूष मतदाता और 1 लाख 12 हजार 249 महिला मतदाता है। 6 मतदाता थर्ड जेंडर वर्ग से वोट डालेंगे।

**आमला विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 130:** आमला विधानसभा क्षेत्र के 7 प्रत्याशी मैदान में है। इनमें इंडियन नेशनल कांग्रेस से मनोज मालवे, भारतीय जनता पार्टी से डॉ.योगेश पंडाग्रे, बहुजन मुक्ति पार्टी से रूपेश पंडोले, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी से रंजना बामने वकील, निर्दलीय जोशुआ गणेश, निर्दलीय सदाराम झरबड़े एवं हरिपाल बिहारे निर्दलीय प्रत्याशी है। आमला के 276 पोलिंग स्टेशन पर 2 लाख 15 हजार 601 मतदाता वोट डालेंगे। इसमें पुरूष 1 लाख 9 हजार 278 एवं महिला वर्ग से 1 लाख 6 हजार 321 और थर्ड जेंडर वर्ग से 2 मतदाता के अतिरिक्त 646 सर्विस वोटर मतदान करेंगे।

**बैतूल विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 131:** बैतूल विधानसभा क्षेत्र के 13 प्रत्याशी मैदान में है। इनमें इंडियन नेशनल कांग्रेस से निलय विनोद डागा, भारतीय जनता पार्टी से हेमंत विजय खंडेलवाल, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी से शिवपाल सिंह राजपूत, निर्दलीय अलस्या सोलंकी, निर्दलीय जोसुआ गणेश, निर्दलीय नारायण पंवार, निर्दलीय पवन कुमार, निर्दलीय प्रवीण वामनकर, निर्दलीय महेश शाह उईके, निर्दलीय राजू चरपे, निर्दलीय रोशन कुमार अतुलकर, निर्दलीय विजेन्द्र गोले, निर्दलीय हेमंत सरियाम प्रत्याशी है। बैतूल के 297 पोलिंग स्टेशन पर मतदान होंगा। इसमें 2 लाख 54 हजार 797 मतदाता वोट डालेंगे। जिनमें 1 लाख 29 हजार 142 पुरूष वर्ग से, 1 लाख 25 हजार 745 महिला वर्ग से एवं 10 मतदाता थर्ड जेंडर वर्ग के शामिल है। इसके अतिरिक्त 600 सर्विस वोटर अपने अधिकारों का उपयोग करेंगे।

**घोड़ाडोंगरी विधानसभा क्रमांक 132:** घोड़ाडोंगरी विधानसभा क्षेत्र के 9 प्रत्याशी मैदान में है। इनमें इंडियन नेशनल कांग्रेस से राहुल उईके, भारतीय जनता पार्टी से श्रीमती गंगा सज्जन सिंह उईके, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी से कौशल किशोर परतेती, क्रांति जन शक्ति पार्टी से भिकारीलाल युवनाते, निर्दलीय कल्लूसिंह कुमरे, निर्दलीय चुन्नीलाल धुर्वे, निर्दलीय सुभाष बारस्कर, निर्दलीय भूता सिंह इवने, निर्दलीय स्मिता राजा धुर्वे प्रत्याशी है।

**भैंसदेही विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 133:** भैंसदेही विधानसभा क्षेत्र के 8 प्रत्याशी मैदान में है। इनमें इंडियन नेशनल कांग्रेस से धरमू सिंग सिरसाम, भारतीय जनता पार्टी से महेन्द्र सिंह केशर सिंह चौहान, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी से अन्नुलाल दादा, प्रहार जन शक्ति पार्टी से राहुल सतीश चौहान, निर्दलीय चैतराम कास्देकर, निर्दलीय रामा रतन काकोडिया, निर्दलीय संदीप धुर्वे और हेमराज बारस्कर निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में है।

# रेत का अवैध परिवहन करने पर ट्रैक्टर-ट्रॉली जप्त



**सारनी, देशबन्धु।** वन क्षेत्र की नदियों से अवैध तरीके से रेत का अवैध खनन और परिवहन किए जाने पर रानीपुर पुलिस ने खमालपुर नदी से शुक्रवार सुबह 5:30 बजे बैतूल के कुकी तिवारी का ट्रैक्टर रेत सहित जप्त करने का कार्य किया। आरोपी वाहन चालक अरविंद पंद्रम एवं आरोपी कुकी तिवारी निवासी बैतूल के विरुद्ध अपराध धारा 379 आईपीसी 53 क खनिज गोड़ निया नियम 109 भादवि का मामला पंजीकृत कर विवेचना में लिया गया है। रानीपुर थाना प्रभारी अवधेश तिवारी ने बताया कि एक माह से अधिक समय से अवैध तरीके से रेत खनन और परिवहन किए जाने की सूचना मुखबीरों के माध्यम से मिल रही थी। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ चौधरी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमला जोशी के नेतृत्व में एवं सारनी एसडीओपी रोशन कुमार जैन के निर्देशन में थाना प्रभारी अवधेश तिवारी एवं स्टाफ द्वारा शुक्रवार सुबह 5:30 बजे खमालपुर नदी के पुल के नीचे से रेत उत्खनन कर रहे ट्रैक्टर ट्राली को सड़क से पकड़र ट्रैक्टर ट्राली में मय रेत जप्त की गई।ट्रैक्टर चालक और मालिक पर कार्रवाई करने में थाना प्रभारी अवधेश तिवारी,एएस आई दीपक मालवीय, प्रधान आरक्षक तरुण पटेल मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस कार्रवाई से अवैध उत्खनन करने वालों लोगों में हड़कंप मच गया है।

# आचार संहिता का हवाला देकर बिजली कर्मचारी के बैग से उड़ाए 39 हजार

**मुलताई, देशबन्धु।** आचार संहिता का हवाला देकर कोल्हया मालेगांव पेट्रोल पंप के पास गुरुवार दोपहर बिजली कंपनी के घाटबिरोली कार्यालय में पदस्थ लिपिक का बैग चेक कर बैग में बिजली बिल के रखे 39 हजार 710 रुपए उड़ाए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस द्वारा बिजली कर्मचारी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है।मप्र मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी के घाटबिरोली केंद्र में पदस्थ में लिपिक रुपराम पिता तीमाजी रावन्धेकर निवासी गायत्री नगर मुलताई ने थाने में रिपोर्ट करते हुए बताया कि गुरुवार कीदोपहर सवा 3 बजे बिजली कार्यालय घाटबिरोली से बिजली बिल जमा करने का कार्य कर बैग लेकर वापस मुलताई आ रहे थे तभीनेशनलहाइवे 47 पर कोल्हया पेट्रोल पंप एवं मालेगाव स्टोन क्रेशर के बीच पीछे सेआदमी बाइक से आया और कहा कि मैं तुम्हे कब से आवाज दे रहा हूं तुम रुके नही है। आचार संहिता लगी हुई है।तब लिपिक रावन्धेकर ने कहा कि मैं बिजली कम्पनी में लिपिक हूँ,तो अज्ञात आरोपी ने उसे कहा कि तुम्हारे पास हवाला का पैसा हैऔर उनके पास रखा बैग चेक किया। जिसके बाद उक्त व्यक्ति ने पीछे आ रहे अन्य दो लोगो का भी बैग चेक किया। उक्त अज्ञात व्यक्ति ने उसके बैग में रखे बिजली बिल के 39 हजार 710 रुपए धोखाधड़ी कर निकाल लिए। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 420,419 भादवि के तहत केस दर्ज किया है।

# पूर्व मुख्यमंत्री की वीडियो एडिट कर फेक न्यूज़ चलाने के मामले में भाजपा नेता पर मामला दर्ज

**मुलताई, देशबन्धु।** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के वीडियो को फर्जी तरीके से एडिट करके सोशल मीडिया पर चलाने के मामले में कांग्रेस सोशल मीडिया प्रभारी की शिकायत पर भाजपा नेता महेंद्र कासलेकर के खिलाफ पुलिस ने विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है। चुनाव आचार संहिता लगने के बाद आचार संहिता के उल्लंघन का पहला मामला मुलताई थाने में दर्ज हुआ है। कांग्रेस नेता एवं सोशल मीडिया प्रभारी अखिलेश फुलवार ने भाजपा नेता महेंद्र की शिकायत की थी कि महेंद्र कासलेकर द्वारा फेसबुक पर कमलनाथ का एक एडिट और फर्जी वीडियो चलाया जा रहा है, जिसमें लाड़ली बहन योजना को बंद करने की बात कही जा रही है। जिस पर पुलिस ने महेंद्र के खिलाफ 66 डी आईटी एक्ट और 188 भादवि के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

**क्या है मामला:** कांग्रेस के आईटी सेल के प्रभारी और विधानसभा समन्वयक अखिलेश फुलवार की ओर से शुक्रवार भाजपा नेता महेंद्र कासलेकर के खिलाफ एक शिकायती आवेदन मुलताई पुलिस को दिया गया। इस आवेदन में उन्होंने बताया है कि महेंद्र काशलेकर द्वारा अपनी फेसबुक आईडी से प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ का एक फेक वीडियो चलाया जा रहा है, जिसमें लाड़ली बहना योजना को बंद करने की बात कही जा रही है और चुनाव को प्रभावित करने के उद्देश्य से यह पोस्ट चलाने की शिकायत की गई है। अखिलेश फुलवार ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया है कि सोशल मीडिया फेसबुक पर महेंद्र द्वारा एक वीडियो पोस्ट किया गया है जो की पूर्णता गलत एवं एडिट है। जिसमें मध्य प्रदेश सरकार द्वारा लाड़ली बहना योजना को बंद करने एवं लाड़ली बहन योजना में पात्र हितग्राहियों को नारी सम्मान योजना में अपात्र किया जाने का आवाज बदलकर आगामी चुनाव को प्रभावित करने के उद्देश्य से भ्रामक संदेश फैलाया जा रहा है। शिकायत में बताया गया है कि यह व्यक्ति ग्राम सांवरी का निवासी और भाजपा का कार्यकर्ता है।

### इनका कहना है

इस संबंध में एसडीओपी कार्यालय में शिकायत की गई थी एसडीओपी के आदेश से शिकायत पर कार्रवाई करते हुए एफआईआर दर्ज की गई है।

**प्रज्ञा शर्मा, थाना प्रभारी मुलताई**

# नगर कांग्रेस अध्यक्ष रघुवंशी ने ली भाजपा की सदस्यता



**सिरोंज, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को सिरोंज लटेरी क्षेत्र में बड़ा झटका लगा है। लटेरी नगर कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र रघुवंशी ने गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली। वह विधानसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी गगनेन्द्र रघुवंशी के चचेरे भाई और लटेरी नगर परिषद में वार्ड एक में सबसे ज्यादा वोटों से जीत हासिल करने वाले पार्षद है। गुरुवार को भाजपा के जिला महामंत्री बलबीर रघुवंशी, नगर परिषद में विधायक प्रतिनिधि संजय भंडारी के साथ मुख्यमंत्री निवास पहुंचे और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के समक्ष भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। मुख्यमंत्री ने जितेंद्र रघुवंशी का सम्मान कर उन्हें भाजपा संगठन को मजबूत करने और स्थानीय भाजपा प्रत्याशी को विजय बनाने के लिए उनके पक्ष में काम करने की बात कही। इस दौरान रघुवंशी के साथ लटेरी क्षेत्र के अनेक कार्यकर्ताओं ने भी भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। जितेंद रघुवंशी मूलत: लटेरी क्षेत्र के परवरिया गांव के निवासी है। इनके पिता रतन सिंह रघुवंशी पूर्व में मंडी समिति के अध्यक्ष रहे हैं।

हमने कांग्रेस प्रत्याशी गगनेंद्र रघुवंशी से बात की तो उन्होंने बताया कि जितेंद्र रघुवंशी मेरे कुटुंब के हैं और मेरे और उनके बीच करीब 6 पीढ़ी का अंतर है। इस कारण मेरे उनसे कोई निकट के व्यक्तिगत व राजनीतिक संबंध भी नहीं है। कांग्रेस के लोगों ने राजनीतिक फायदा उठाने के लिए यह अफवाह फैलाई है उनके भारतीय जनता पार्टी या कहीं भी जाने से मेरे चुनाव पर कोई असर नहीं पड़ता। भाजपा बेवजह अफवाहें फैला रही है।

# मतदाता जागरुकता: पत्रकारों और अधिकारियों के बीच हुआ क्रिकेट



**भेरून्दा/नसरूल्लागंज, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन 2023 स्वीप प्लान अंतर्गत नगर भेरूंदा के सीएम राइज स्कूल ग्राउंड पर मतदान के प्रचार प्रसार को लेकर पत्रकारों एवं अधिकारियों कर्मचारी के बीच एक मैत्री मैच का आयोजन किया गया। खिलाड़ियों एवं पत्रकारों को शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं सीहोर जिला सहायक कलेक्टर एवं जिला स्वीप प्लान प्रभारी अर्पित गुप्ता द्वारा भी क्रिकेट खेला गया। यह क्रिकेट मैच खेलने का एक उद्देश्य था।स्वीप प्लान के अन्तर्गत मतदान का प्रचार प्रसार करना।वहीं इस क्रिकेट मेच मे शामिल हुए सीहोर जिला सहायक कलेक्टर स्वीप प्लान प्रभारी अर्पित गुप्ता एसडीएम एम.एस. रघुवंशी ,तहसीलदार सोरभ शर्मा,एसडीओपी दीपक कपूर ,जनपद पंचायत सीईओ प्रबल अरजरिया, नगर परिषद सीएमओ प्रफुल्ल गठरे , स्वीप प्लान प्रभारी मो.शफीक खान द्वारा स्वीप प्लान अंतर्गत मतदान को लेकर जमकर प्रचार प्रसार किया जा रहा है।वही के क्रिकेट समापन पर एसडीओपी दीपक कपूर द्वारा सभी को मतदान की शपथ दिलाई गई वहीं कहा गया कि सभी लोग मतदान अवश्य करें ।और दूसरों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करें। मतदान बहुत जरूरी है । मतदान आपका हक है और आपकी जिम्मेदारी भी देश के प्रति।

# प्रेक्षक ने तहसील में अभ्यर्थियों की ली बैठक, व्यय लेखा की दी जानकारी



**मुलताई, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव के दौरान राजनीतिक दलों सहित निर्दलीय अभ्यर्थियों द्वारा किए जाने वाले खर्च के संबध में व्यय लेखा रजिस्टर का संधारण करने और उसका तीन बार परीक्षण कराए जाने के संबध में नगर के तहसील कार्यालय में गुरुवार शाम जनरल ऑब्जर्वर हरिथा वी कुमार की उपस्थित में एक्सपेंडिचर ऑब्जर्वर नेम सिंह द्वारा बैठक लेकर जानकारी दी गई। इस संबध में रिटर्निंग अधिकारी मुलताई एसडीएम तृप्ति पटैरया द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया गया कि विधानसभा निर्वाचन 2023 के सभी अभ्यर्थियों व उनके निर्वाचन व्यय अभिकर्ता को व्यय लेखा रजिस्टर संधारण हेतु दिनांक गुरुवार शाम 5.30 बजे से रिटर्निंग आफिसर मुलताई के कार्यालय में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। चुनाव प्रचार अवधि में अभ्यर्थियों के व्यय लेखा रजिस्टर का तीन बार परीक्षण कार्य लेखा दल द्वारा व्यय प्रेक्षक के निर्देशन में सहायक व्यय प्रेक्षक के मार्गदर्शन में किया जाना है। प्रथम परीक्षण 6 नवंबर, द्वितीय परीक्षण 9 नवंबर एवं तृतीय परीक्षण 14 नवंबर को प्रात: 10 बजे से शाम 5 बजे तक निरीक्षण रोस्टर निर्धारित किया गया है। इस दौरान सहायक एक्सपेंडिचर ऑब्जर्वर पीयूष कुमार, सहायक रिटर्निंग अधिकारी अनामिका सिंह, मास्टर ट्रेनर जितेंद्र खन्ना, रवि पवार, अभ्यर्थी और उनके व्यय अभिकर्ता उपस्थित रहे। शुक्रवार पुलिस ऑब्जर्वर शिवहरी मीणा भी मुलताई पहुंचे और उन्होंने पुलिस अधिकारियो के साथ शांति पूर्ण चुनाव संपन्न कराने हेतु सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उनके साथ मुलताई एसडीओपी सुरेश पाल सिंह, थाना प्रभारी प्रज्ञा शर्मा एवं पुलिस स्टाफ मुख्य रूप से उपस्थित रहा।

सिटी पुलिस थाने में बैठक लेकर तैयारियों पर की चर्चा

# चुनाव को लेकर डीआईजी और एसपी ने किया निरीक्षण, अधिकारियों को दिए निर्देश



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** आगामी 17 नवंबर को संपन्न होने जा रहे विधानसभा चुनाव को लेकर प्रशासनिक सरगर्मियां बढ़ गई है। मतदान शांतिपूर्ण ढंग से हो इसके लिए शुक्रवार को डीआईजी मोनिका शुक्ला और पुलिस अधीक्षक दीपक शुक्ला ने गंजबासोदा विधानसभा क्षेत्र का निरीक्षण किया। बैठक लेकर पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। स्थानीय सिटी थाने में हुई बैठक में गंजबासौदा के एसडीओपी मनोज, देहात थाना प्रभारी हरिकिशन लोहिया एवं सिटी थाना प्रभारी संजीव चौकसे एवं समस्त पुलिस स्टाफ उपस्थित रहा। बैठक के दौरान डीआईजी मोनिका शुक्ला ने बताया की आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर तैयारी की जा रही है। साथ ही उन्होंने बताया की हमे किन किन संवेदनशील स्थानों पर फोर्स लगाना है जिससे शांति पूर्वक चुनाव संपन्न हो सके। इसी के लिए बैठक का आयोजन किया गया। एसपी दीपक शुक्ला ने कहा कि आदर्श आचार संहिताका पालन सभी को करना चाहिए और पुलिस बल भी लगातार अपना प्रयास कर रहा है जिससे कि आदर्श आचार संहिता का पालन सुचारू रूप से हो सके। बैठक के बाद अधिकारियों ने संवेदनशील क्षेत्र का निरीक्षण भी किया।

### रंगोली बनाकर किया मतदान के लिए जागरूक



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** भारतीय विद्यार्थी परिषद की स्थानीय इकाई द्वारा मतदाता जागरूकता के तहत शासकीय संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय में 350 फीट की रंगोली बनाकर शत प्रतिशत मतदान को लेकर सभी विद्यार्थीयों को प्रेरित किया। रंगोली के माध्यम से मतदाता जागरूकता आकर्षण का केंद्र बिंदु बना रहा। महाविद्यालय समस्त स्टाफ और सभी ने बहुत प्रशंसा की। जिला संयोजक शुभेन्द्र सिंह राजपूत ने बताया कि विद्यार्थी परिषद मतदान को लेकर नये नये प्रयोग और अभियान के माध्यम से पूरे जिले में नये युवाओं को शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित करेगी। कार्यक्रम में विभाग संयोजक विवेक विश्वकर्मा, नगर मंत्री सौमित्र तिवारी, अक्षत श्रीवास्तव मिनी रघुवंशी दीपा रघुवंशी भाग्यश्री लोधी, प्राची कुशवाह अंजली साहू, सृष्टि तिवारी, सैली विश्वकर्मा समीक्षा साक्षी वैशाली मयंक अमन आदि उपस्थित रहे।

# भाजपा प्रत्याशी उमाकांत शर्मा ने मुख्य बाज़ार में किया जनसंपर्क





**सिरोंज, देशबन्धु।** भाजपा प्रत्याशी उमाकान्त शर्मा ने शुक्रवार को नगर के मुख्य बाजार में व्यापारियों एवं आम नागरिकों से जनसंपर्क कर भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। अपने जनसंपर्क के दौरान कही उन्होंने दीवाली के लिए सड़क पर दुकान लगाने वालों से दीपक खरीदे तो कही चिरपरिचित अंदाज में सब्जी वालों से भी सड़क पर बैठकर बातचीत की। कठाली बाजार से कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा प्रत्याशी उमाकान्त शर्मा बाजार में जन समर्थन मांगने के लिए निकले। उन्होंने दुकान दुकान पहुंचकर व्यापारियों से आशीर्वाद मांगा। जनसम्पर्क के दौरान व्यापारीयों ने पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया। कोर्ट दरवाजे तक निकले इस महा जनसंपर्क में भाजपा के वरिष्ठ नेता माइक से भाजपा सरकार की उपलब्धियों ओर योजनाओं को भी बताते हुए चल रहे थे।

**पूर्व मंत्री के बेटियों ने घर-घर पहुंचकर मांगे वोट:** चुनाव प्रचार के दौरान वार्ड 18 एवं 19 में पूर्व मंत्री लक्ष्मीकांत शर्मा की बेटियों ने भी महिला कार्यकर्ताओं के साथ घर घर पहुंचकर भाजपा प्रत्याशी उमाकांत शर्मा के लिए वोट की अपील की। इस दौरान उन्होंने लक्ष्मीकांत शर्मा द्वारा क्षेत्र के विकास में दिए योगदान से भी महिलाओं को अवगत कराया।

## सार समाचार

### पुलिस ने की आदतन अपराधियों की धरपकड़

**इटारसी, देशबन्धु।** विस चुनाव की आचार संहिता को लेकर गुरूवार को जिले भर में पुलिस द्वारा गश्त की गई। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को अवैध कामों में लिप्त असामाजिक तत्वों को चिन्हित करते हुए उनके विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करते हुए काम्बिंग गश्त के निर्देश दिए गए थे। गश्त के दौरान सिटी पुलिस ने भी संदिग्ध बदमाशों के खिलाफ मुहिम चलाकर आदतन अपराधियों पर कार्रवाई की। टीआई गौरव सिंह बुंदेला के निर्देश पर बीट प्रभारियों ने अपने क्षेत्र में बदमाशों की धरपकड़ की।

### विद्युत लोको शेड से निकाली सतर्कता जागरूकता साईकल रैली



**इटारसी, देशबन्धु।** भोपाल मण्डल पर भ्रष्टाचार का विरोध करें, राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें, थीम पर मनाये जा रहे सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत विद्युत लोको शेड इटारसी द्वारा सतर्कता जागरूकता साइकिल रैली निकाली गई। इस रैली में शेड के कर्मचारियों द्वारा सतर्कता से संबंधित स्लोगन अपनी साइकिल पर लगाए गए थे। साईकल रैली के माध्यम से सभी को अपने कामों को पूर्ण ईमानदारी, सत्यनिष्ठा और पारदर्शिता के साथ करने, भ्रष्टाचार का विरोध करने, राष्ट्र के प्रति समर्पित रहने के प्रति जागरूक किया गया।

### आगजनी की 2 अलग-अलग घटनाओं में लाखों का नुकसान



**इटारसी, देशबन्धु।** गुरूवार रात दो अलग-अलग आगजनी की घटनाओं में दो परिवारों की गृहस्थी जलकर तबाह हो गई। पुलिस दोनों मामलों में जांच कर रही है। पीड़ित परिवारों ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। आगजनी की घटनाएं नयागांव और रेलवे कालोनी नयायार्ड में हुई हैं। एसडीएम नीता कोरी ने बताया कि आवेदन पर पटवारी सर्वे कराया जाएगा, जरूरत के हिसाब से राजस्व पुस्तक परिपत्र के प्रावधान में प्रभावित परिवारों को मुआवजा दिया जा सकता है।

### शार्ट सर्किट से लगी आग, गेहूं जला



इधर गुरूवार रात को ग्राम नयागांव में चंद्रशेखर यादव के मकान में शार्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। आगजनी में मकान में बोवनी के लिए रखा करीब 50 क्विंटल गेहूं जलकर खाक हो गया। मकान में गायों के लिए रखा भूसा, कंडा एवं किसान उपकरण भी जल गए। पीड़ित परिवार ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। यादव ने बताया कि रात में अचानक मकान में आग लग गई, भूसा-कंडे होने से आग भड़क गई।

# 208 मतदान केंद्रों पर केवल महिलाएं एवं 281 केंद्रों पर 2 महिला और 2 पुरुष कराएंगे मतदान

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** जिले में आगामी विधानसभा निर्वाचन में कुल 6160 कर्मचारी मतदान संपन्न कराएंगे। जिले के चारों विधानसभा में निर्धारित कुल 1187 मतदान केंद्रों पर 1306 मतदान दल नियोजित किए गए हैं, जिनमें 698 मतदान केंद्रों पर पुरुष, 208 केंद्रों पर केवल महिलाएं एवं 281 मतदान केंद्रों पर दो पुरुष और दो महिलाएं मतदान कराएंगे। साथ ही 119 मतदान दल रिजर्व रखे गए हैं। शुक्रवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित एनआईसी में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नीरज कुमार सिंह एवं निर्वाचन प्रेक्षकों की उपस्थिति में ईएमएस पोर्टल के माध्यम से कर्मचारियों का द्वितीय रेंडमाईजेशन किया गया। इस रेंडमाइजेशन के द्वारा विधानसभा निर्वाचन हेतु अधिकारियों ,कर्मचारियों एवं माइक्रो ऑब्जर्वर के रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया पूर्ण हुई। जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी मनीष गुणवान द्वारा पोर्टल पर रेंडमाइजेशन किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी नीरज कुमार सिंह ने बताया कि इस प्रक्रिया से प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए कर्मचारियों को मतदान केंद्र आवंटित किए गए हैं। इससे पूर्व भी ईवीएम का रेंडमाईजेशन सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के सामने कराया जा चुका है। उन्होंने बताया कि निर्वाचन





आयोग के निर्देशों के अनुपालन में मतदान प्रक्रिया को पूर्ण रूप से पारदर्शी एवं निष्पक्षता से कराने के लिए रेंडमाइजेशन किया गया है। उन्होंने बताया कि रेंडमाइजेशन की इस प्रक्रिया से मतदान दलों का गठन किया गया है तथा उन्हें विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र आवंटित किये गए हैं। विधानसभा निर्वाचन में सभी विधानसभा क्षेत्रों में ऑल वुमेन मैनेज पोलिंग बूथ भी बनाए गए हैं। जहां केवल महिला मतदान कर्मियों की ड्यूटी रहेगी। चुनाव आयोग के निर्देशानुसार ये सभी महिला मतदान कर्मी संबंधित विधानसभा क्षेत्र से ही रहेंगी। विधानसभा का चुनाव कराने गठित मतदान दलों में शामिल अधिकारियों -कर्मचारियों की द्वितीय रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षकों की मौजूदगी में संपन्न हुई। होशंगाबाद और सिवनीमालवा विधानसभा के केंद्रीय सामान्य प्रेक्षक उदय नारायण दास और सोहागपुर और पिपरिया के प्रेक्षक सुहास एस मौजूद रहें। प्रेक्षकों द्वारा जिला प्रशासन द्वारा संपन्न कराई गई रेंडमाईजेशन की कार्यवाही पर संतोष व्यक्त किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ एसएस रावत, उप जिला निर्वाचन अधिकारी देवेंद्र कुमार सिंह, उपसंचालक कृषि जेआर हेडाऊ सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। डीआईओ ने बताया कि सिवनीमालवा विधानसभा के 318 मतदान केंद्रों के लिए 350 मतदान दल, होशंगाबाद विधानसभा के 238 मतदान केंद्रों के लिए 262 मतदान दल, सोहागपुर के 314 मतदान केदो के लिए 345 मतदान दल एवं पिपरिया के 317 मतदान केंद्रों के लिए 349 मतदान दलों को केंद्र आवंटित किए गए। 346 क्रिटिकल मतदान केंद्रों के लिए केंद्रवार माइक्रो ऑब्जर्वर भी नियोजित किए गए हैं।

## हत्या के मामले में आजीवन कारावास और आर्म्स एक्ट में 7 साल की सजा

**इटारसी, देशबन्धु।** तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश सुशीला वर्मा के न्यायालय से हत्या के एक मामले में आरोपी विक्रम पुत्र किशोर चौहान को आजीवन कारावास के अलावा आर्म्स एक्ट में 7 साल के कारावास एवं 1500 रुपये का अर्थदंड लगाया है।

जानकारी के अनुसार आरोपी ने शराब पीने को लेकर हुए विवाद में हत्याकांड को अंजाम दिया था। पुलिस के अनुसार 2 जून 2018 को दोपहर करीब 2:15 बजे न्यास कालोनी झुग्गी में मो. फिरोज उर्फ चाटी पुत्र अजीज मोहम्मद पर धारदार चाकू से जानलेवा हमला कर उसकी हत्या कर दी थी। मृतक के भाई शेख इजराइल ने बताया कि आरोपी उसके मोहल्ले में रहता था। घटना के दिन वह अचानक मेरे पास आया, इसके बाद फिरोज की जानकारी मांगी, वह कह रहा था कि आज फिरोज को ठिकाने लगाने आया हूं।

थोड़ी देर में जब उसे फिरोज मिला तो उसने सामने से चाकू से वार किया, फिरोज की जांघ, पैर एवं अन्य हिस्सों पर चाकू मारकर उसे खून से लहुलुहान कर दिया, जब स्वजन बचाने दौड़े तो विक्रम यहां से भाग गया। इलाज के दौरान फिरोज की मौत हो गई थी। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी करने वाले अतिरिक्त जिला लोक अभियोजक भूरे सिंह भदौरिया, राजीव शुक्ला एवं सत्यनारायण चौधरी ने संयुक्त रूप से बताया कि विक्रम चौहान वर्तमान में न्यायालय से जमानत पर बाहर था। फैसला आने के बाद न्यायालय ने उसे जिला जेल नर्मदापुरम भेजने का आदेश दिया है।

## देशी पिस्टल लेकर दहशत फैला रहा था गुंडा, पुलिस ने पकड़ा

**इटारसी, देशबन्धु।** शिवपुर पुलिस ने पुलिस अधीक्षक डॉ. गुरकरन सिंह के निर्देश पर गुरूवार रात खेत्र में काम्बिंग गश्त चलाई। अभियान के दौरान ग्राम चापड़ा ग्रहण में एक व्यक्ति द्वारा हाथ में देशी पिस्टल लहराते हुए लोगो को डराने धमकाने की सूचना पर बदमाश को घेराबंदी कर पकड़ा गया।

थाना प्रभारी विवेक यादव ने बताया कि नदी के दूसरी तरफ चापड़ा ग्रहण शिवपुर रोड पर युवक को पकड़ा । तलाशी में उसके पास से देशी पिस्टल एवं मैग्जीन बरामद की गई। जांच में आरोपित का नाम अतुल उर्फ राहुल जाट पिता राम विलास जाट निवासी चापड़ा ग्रहण है। जांच में आरोपित के पास पिस्टल के लाइसेंस संबंधी दस्तावेज नहीं होने पर पुलिस ने 15 हजार रुपये कीमती देशी पिस्टल मय मैगजीन बरामद की। इस कार्रवाई में सहायक उप निरीक्षक शंकर सिंह मीणा, प्रधान आरक्षक राजेश परते, महेंद्र गुर्जर, अमर तंवर, नरेंद्र राजपूत , आरक्षक गौरीशंकर विश्वकर्मा, सुनील जाट की भूमिका रही।



## वेसेरेमसं की महिला शाखा का गठन, मेहरा बनीं अध्यक्ष

**इटारसी, देशबन्धु।** वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ द्वारा मुख्य शाखा में महिला कार्यकारिणी का गठन किया गया है। इस अवसर पर कई महिला रेलकर्मियों को संगठन की सदस्यता दिलाई गई। महिला विंग का गठन किया गया।

सौरभ पांडेय ने बताया कि जोनल महामंत्री अशोक शर्मा, मंडल अध्यक्ष राजेश पांडेय के निर्देश पर कार्यकारिणी का गठन किया गया है। महिला शाखा अध्यक्ष पद पर दीपा मेहरा मुख्य पार्सल पर्यवेक्षक, कार्यकारी अध्यक्ष मीनू शर्मा बुकिंग क्लर्क, सचिव पद पर अदिति जेम्स स्टेशन मास्टर, कोषाध्यक्ष टीना केवट, उपाध्यक्ष शिल्पा मेहरा हेल्पर, निधि कौरव स्टेशन मास्टर, नेहा ठाकुर, पार्सल क्लर्क, श्रीन बोरासी हेल्पर, नेहा चौकसे को बनाया गया। सह सचिव पद पर पूजा त्रिवेदी पार्सल क्लर्क, रामा मिश्रा ,स्टेशन मैनेजर, सह सचिव आरती पटेल, रानू मालवीय, दुर्गा राजोरिया, संगठन सचिव नैंसी रायकवार पार्सल क्लर्क को बनाया गया। नवनियुक्त महिला पदाधिकारियों का सम्मान किया गया। सभी को मजदूर संघ के साथ कंधे से कंधे मिलाकर मजदूर संघ के साथ चलने का विश्वास दिलाया गया।

इस अवसर पर मण्डल कोषाध्यक्ष भागीरथ मीणा, ब्रांच सचिव योगेश चौरे, संजय केचे, अमरेश कुमार, राजेश गौर, सौरभ पाण्डेय, विकास सिंह, सौरभ गुप्ता, मुकेश रायकवार, भूपेंद्र कुल्हरे, विकास कश्यप, हरी प्रसाद अहिरवार, शेख इरशाद, महेंद्र कुशवाहा आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

## प्रेक्षक नेसेक्टर अधिकारियों की ली बैठक

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** आगामी विधानसभा निर्वाचन की तैयारियों को दृष्टिगत रखते हुए केंद्रीय सामान्य प्रेक्षक उदय नारायण दास ने रजिस्ट्रीकरण कार्यालय के रेवा कक्ष में विधानसभा क्षेत्र होशंगाबाद के सेक्टर ऑफिसर्स की बैठक ली। उक्त बैठक में सभी के परिचय पश्चात प्रेक्षक द्वारा सभी सेक्टर ऑफिसर्स को आयोग के निर्देशों का सावधानी से पालन किये जाने के लिए निर्देशित किया गया। इसके साथ ही सेक्टर ऑफिसर्स द्वारा किये गये मतदान केन्द्रों के भ्रमण की जानकारी भी ली। इसके अतिरिक्त उन्होंने सभी सेक्टर ऑफिसर्स से एएमएफ की जानकारी प्राप्त की गई एवं सभी को अपने मतदान केन्द्रों की मैपिंग तैयार करने के लिए निर्देश दिये गए। बताया गया की सभी को मतदान केन्द्रों के मध्य में उपस्थित रहना चाहिए जिससे से किसी भी मतदान केन्द्र पर समय पर पहुंच सकें। उक्त बैठक में विधानसभा क्षेत्र 137 होशंगाबाद के सभी 22 सेक्टर अधिकारियों के अतिरिक्त रिजर्व अधिकारी, रिटर्निंग अधिकारी होशंगाबाद आशीष पांडये, सहायक रिटर्निंग अधिकारी देवशंकर धुर्वे, नायब तहसीलदार कीर्ति प्रधान, निर्वाचन शाखा प्रभारी अमित श्रीवास्तव एवं गणेशराम मेहरा, अंकित शर्मा एवं प्रोग्रामर जितेन्द्र यादव उपस्थित रहें।

**कार्यालय संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल जोन क्रं.-2 भोपाल**

**आम सूचना**

हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी अरविंद विहार बागमुगलिया भोपाल में स्थित भवन क्रं. एच.आई.जी. 1 मंडल द्वारा श्री प्रमोद कुमार सिंह आत्मज श्री द्वारिका प्रसाद सिंह के नाम आदेश क्रं. 5553 दिनांक 25.07.2023 जारी है एवं विक्रय पत्र पंजीयन कार्यालय में दिनांक 19.04.1995 को पंजीकृत है। इनके द्वारा डॉ. राखी सिंह पत्नी डॉ. कमल सिंह के नाम विक्रय पत्र पंजीयन कार्यालय में दिनांक 22.09.2023 को पंजीकृत कराया गया है। श्री प्रमोद कुमार सिंह आत्मज श्री द्वारिका प्रसाद सिंह एवं डॉ. राखी सिंह पत्नी डॉ. कमल सिंह द्वारा आवेदन पत्र, शपथ पत्र, मंडल द्वारा निर्धारित आवेदन पत्र परिचय पत्र एवं विक्रय पत्र की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुये उक्त भवन डॉ. राखी सिंह पत्नी डॉ. कमल सिंह के नाम से हस्तांतरण करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है, जो कि इस कार्यालय में विचाराधीन है।

यदि किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी एवं संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित दिनांक से 15 दिवस के अंदर आपत्ति सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**संपदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल जोन क्रं.-2 भोपाल**

**कार्यालय संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल जोन क्रं.-2 भोपाल**

**आम सूचना**

हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी एमराल्ड पार्क सिटी बागसेवनिया भोपाल में स्थित भवन क्रं. एच.आई.जी. 19 सुपर डिलक्स टाईप सी, मंडल द्वारा श्री राजेश कुमार पटेरिया आत्मज स्व.श्री हरी कृष्ण पटेरिया एवं श्रीमती सीमा पटेरिया पत्नी श्री राजेश कुमार पटेरिया के नाम आवंटन आदेश क्रं. 1235-40 दिनांक 20.04.2012 जारी है एवं विक्रय पत्र पंजीयन कार्यालय में दिनांक 09.04.2008 को पंजीकृत है। इनके द्वारा श्री भाग गोबिंदराम कर्ण आत्मज स्व.श्री जी.एल. कर्ण के नाम विक्रय पत्र पंजीयन कार्यालय में दिनांक 19.10.2023 को पंजीकृत कराया गया है। श्री राजेश कुमार पटेरिया आत्मज स्व.श्री हरी कृष्ण पटेरिया, श्रीमती सीमा पटेरिया पत्नी श्री राजेश कुमार पटेरिया एवं श्री भाग गोबिंदराम कर्ण आत्म्ज स्व.श्री जी.एल. कर्ण द्वारा आवेदन पत्र, शपथ पत्र, मंडल द्वारा निर्धारित आवेदन पत्र परिचय पत्र एवं विक्रय पत्र की छाया प्रति प्रस्तुत करते हुए उक्त भवन श्री भाग गोबिंदराम कर्ण आत्मज स्व.श्री जी.एल. कर्ण के नाम हस्तांतरण करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है, जो इस कार्यालय में विचाराधीन है। यदि किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी एवं संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित दिनांक से 15 दिवस के अंदर आपत्ति सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**संपदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल जोन क्रं.-2 भोपाल**

**कार्यालय संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल जोन क्रं.-2 भोपाल**

**आम सूचना**

हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी अरविंद विहार बागमुगलिया भोपाल में स्थित भूखण्ड क्रं. एच. 3/118, मंडल द्वारा श्री विवेक सिंह भदौरिया आत्मज श्री मुन्ना सिंह भदौरिया के नाम हस्तांतरण आदेश क्रं.-3032-37 दिनांक 05.10.2011 जारी है एवं विक्रय पत्र पंजीयन कार्यालय में दिनांक 04.07.2011 को पंजीकृत है। इनके द्वारा अपने नाम के साथ श्रीमती अर्चना सिंह भदौरिया पत्नी श्री विवेक सिंह भदौरिया के संयुक्त नाम से विक्रय पत्र पंजीयन कार्यालय में दिनांक 04.01.2021 को पंजीकृत कराया गया है। संपत्ति स्वामी श्री विवेक सिंह भदौरिया आत्मज श्री मुन्ना सिंह भदौरिया एवं संपत्ति स्वामी की पत्नी जिनका नाम संपत्ति में शामिल किया गया श्रीमती अर्चना सिंह भदौरिया पत्नी श्री विवेक सिंह भदौरिया द्वारा आवेदन पत्र, शपथ पत्र, मंडल द्वारा निर्धारित आवेदन पत्र, परिचय पत्र एवं विक्रय पत्र की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुये उक्त भूखण्ड को संयुक्त नाम श्री विवेक सिंह भदौरिया आत्मज श्री मुन्ना सिंह भदौरिया एवं श्रीमती अर्चना सिंह भदौरिया पत्नी श्री विवेक सिंह भदौरिया के नाम करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है, जो कि इस कार्यालय में विचाराधीन है। यदि किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी एवं संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित दिनांक से 15 दिवस के अंदर आपत्ति सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**संपदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल जोन क्रं.-2 भोपाल**

फार्मेंट सी-2

**( राजनीतिक दलों के लिए वेबसाईट, समाचार पत्रों/ टी.वी. में प्रकाशन हेतु )**

दल द्वारा खड़े किए गए अभ्यर्थियों के आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में घोषणा

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 (पब्लिक इंटरेस्ट फांउडेशन एवं अन्य बनाम भारत संघ एवं अन्य) में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितम्बर, 2018 के निर्णय के अनुसार)

राजनैतिक दल का नामः- **इंडियन नेशनल कांग्रेस**

* निर्वाचन का नामः- **विधान सभा आम निर्वाचन हटा 57**

राज्य/संघ शासित क्षेत्र का नामः- **मध्यप्रदेश**

| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| क्रम सं. | अभ्यर्थी का नाम | निर्वाचन क्षेत्र का नाम | लंबित आपराधिक मामले | | आपराधिक मामलों के लिए दोषसिद्धि के विषय के संबंध में विवरण | |
| | प्रदीप खटीक | हटा 57 | न्यायालय का नाम, मामले की सं. एवं मामलों की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धाराएं और अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण | न्यायालय का नाम एवं आदेश (शों) की तारीख | अपराध (धों) और अधिरोपित किए गए दण्ड का विवरण |
| 1 | प्रदीप खटीक | हटा 57 | श्रीमती राखी देवलिया न्यायिक दंडाधिकारी दमोह 384/2013 RCT 701180/2013 | IPC 143,147,149 186,353,332, 294 323, 506 B राजनैतिक | 20.07.2013 म.प्र. शासन द्वारा मामला वापिस लेने के कारण माननीय न्यायालय द्वारा मामला समाप्त | नहीं |
| 2 | प्रदीप खटीक | हटा 57 | श्रीमान शैलेन्द्र उईके न्यायिक दंडाधिकारी हटा RCT/ 1266/ 2015 | 188 IPC राजनैतिक | 19.04.2018 माननीय न्यायालय द्वारा आरोप दोष मुक्त | नहीं |
| 3 | प्रदीप खटीक | हटा 57 | 359/2022 | 354, 354 क IPC राजनैतिक निर्वाचन 2022 के समय झूठी एफआईआर | पुलिस विवेचना में आरोप झूठे पाए गए जिसके पश्चात 11.07.2023 को खारिजी, 50,33/23 | |

* राज्य सभा के निर्वाचन और विधान सभा सदस्यों द्वारा, विधान परिषद के निर्वाचन के मामलों में, निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।

टिप्पणीः- (i)उपयुक्त सूचना प्रत्येक राज्य/संघ शासित क्षेत्र के लिए राज्य-वार प्रकाशित की जायेगी।

**न्यायालय अपर कलेक्टर जिला बैतूल (म.प्र.)**

प्र.क्रं. 0051/ब-121/वर्ष 2023-24
मौजा टिकारी तहसील बैतूल

कैप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड,
पंजीकृत कार्यालय 502 टावर ए पेनिनुसुला बिजनेस पार्क,
सेनापति बापट मार्ग लोवर परेल मुम्बई-400013
शाखा कार्यालय-नियत विजडम स्कूल एसबीआई बैंक के पीछे,
गोरखपुर जबलपुर
(द्वारा- प्राधिकृत अधिकारी श्री अंकुश विश्वकर्मा).............आवेदक

**विरुद्ध**

1. कान्हा टेंट हाउस, 2. शशिकांत मांडरे, 3. श्रद्धारानी मांडरे पत्नी शशिकांत मांडरे सभी निवासी देशबन्धु वार्ड टिकारी बैतूल म.प्र...... अनावेदकगण

**पक्षकारों की उपस्थित हेतु सूचना**

इस न्यायालय में विचाराधीन उपरोक्त प्रकरण में अनावेदकणों की उपस्थिति के लिए आगामी सुनवाई तिथि 20.11.2023 नियत की गई है। अतएवं अनावेदकगण नियत पेशी तारीख 20.11.2023 को स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित रहकर अपना पक्ष समर्थन करना सुनिश्चित करें। नियत तिथि पर उक्त अनावेदकगणों के उपस्थित न होने की दशा में उनके विरुद्ध एक पक्षीय कार्यवाही करते हुए प्रकरण में आगामी कार्यवाही की जाएगी। आज दिनांक 25.10.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया।

**अपर कलेक्टर**
**बैतूल**

**कार्यालय संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल जोन क्रं.-2 भोपाल**

**आम सूचना**

हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी अरविंद विहार बागमुगलिया भोपाल में स्थित भूखण्ड क्रं. एच.1/9 मंडल द्वारा श्रीमती मीना सतभैया पति श्री अखलेश सतभैया के नाम हस्तांतरण आदेश क्रं. 1542-47 दिनांक 24.06.2008 जारी है एवं विक्रय पत्र पंजीयन कार्यालय में दिनांक 17.12.2007 को पंजीकृत है। इनके द्वारा श्री नारायण सिहं परमार आत्मज स्व.श्री हीरालाल परमार के नाम विक्रय पत्र पंजीयन कार्यालय में दिनांक 30.03.2019 को पंजीकृत कराया गया है। श्री नारायण सिंह परमार आत्मज स्व.श्री हीरालाल परमार द्वारा निवेदन किया गया है कि मुझे यह ज्ञात नहीं था कि हाउसिंग बोर्ड से भूखण्ड को अपने नाम हस्तांतरण करवाने के लिये विक्रेता श्रीमती मीना सतभैया पति श्री अखलेश सतभैया की सहमति लगती है। श्रीमती मीना सतभैया पति श्री अखलेश सतभैया का पता नहीं लग पा रहा है। इसलिये मेरे नाम पंजीकृत विक्रय पत्र के आधार पर भूखण्ड एच. 1/9 अरविंद विहार बागमुगलिया भोपाल को हस्तांतरण करने की कृपा करें। आवेदक द्वारा आवेदन पत्र, शपथ पत्र, मंडल द्वारा निर्धारित आवेदन पत्र, परिचय पत्र एवं विक्रय पत्र की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुये उक्त भूखण्ड श्री नारायण सिंह परमार आत्मज स्व.श्री हीरालाल परमार के नाम हस्तांतरण करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है, जो कि इस कार्यालय में विचाराधीन है। यदि किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी एवं संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित दिनांक से 15 दिवस के अंदर आपत्ति सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**संपदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल जोन क्रं.-2 भोपाल**

सतना में मीडिया से बोले शिवराज

# विंध्य ने कांग्रेस को सब दिया लेकिन कांग्रेस ने कुछ नहीं



**भोपाल, देशबन्धु।** विंध्य ने कांग्रेस को सब दिया, लेकिन कांग्रेस ने विंध्य को कुछ नहीं दिया। कांग्रेस में केवल परिवारों की चिंता होती आई है कार्यकर्ताओं की नहीं। सतना में ग्लोबल स्किल पार्क बनाया जाएगा। अभी एक ग्लोबल स्किल पार्क बना है भोपाल में, सिंगापुर के सहयोग से बनाया गया है, जिसमें विश्व स्तरीय ट्रेनिंग बच्चों को दी जाती है।

यह बात मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सतना में मीडिया से चर्चा करते हुए कही। श्री चौहान ने कहा कि कमलनाथ जी बताएं अपने सवा साल का कार्यकाल में विंध्य के लिए क्या दिया। कितने बार विंध्य के दौरे किए..क्या क्या दिया विंध्य को जो यहां के लोगों का विकास कर सके। हम हिसाब देने को तैयार हैं विंध्य का जो विकास हुआ है भारतीय जनता पार्टी की सरकार में हुआ है।

### बिखरी हुई कांग्रेस प्रदेश का भला नहीं कर सकती

श्री चौहान ने कहा कि बिखरी हुई कांग्रेस कभी देश और प्रदेश का भला नहीं कर सकती। सोनिया गांधी बेटा और बेटी को ही स्थापित करने में जुटी हैं। इसी परंपरा को कमलनाथ जी निभा रहे हैं, वह अपने बेटे को स्थापित करने में जुटे हैं। उनके बेटे ने तो टिकट भी घोषित करते हैं। पहले छिंदवाड़ा की टिकट बेटा अनाउंस करेगा और बाद में फिर कांग्रेस अनाउंस करेगी। दिग्विजय जी अपने बेटे को स्थापित करने में जुटे हैं और पर्दे के पीछे इंडी गठबंधन तो बिखर ही गया है कांग्रेस भी बिखेर रही है और अब सफाई देनी पड़ रही है हम साथ-साथ हैं।

### दिग्विजय सिंह की चक्की ने कमलनाथ को पीस दिया

श्री चौहान ने कहा कि कांग्रेस के नेता तो जय वीरू की जोड़ी बता रहे हैं। अब यह जोड़ी जय वीरू की जोड़ी नहीं है एक फिल्म आई थी मेरे अपने जिसमें श्याम और छेनू की जोड़ी दोनों अपने-अपने मोहल्ले में कब्जे के लिए लड़ते थे। ऐसा ही कांग्रेस में हो रहा है। अभी कमलनाथ की चक्की कितनी चलेगी मुझे पता नहीं फिलहाल दिग्विजय सिंह की चक्की ने कमलनाथ को पीस दिया।

पूर्व केन्द्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा-

# कांग्रेस अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही है



**भोपाल, देशबन्धु।** वरिष्ठ नेता और पूर्व केन्द्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा 20 वर्षों से सत्ता से बाहर रहने के कारण कांग्रेस नेता आपस में कुर्ता फाड़ राजनीति कर रहे हैं, वहीं कांग्रेस अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही है। जबकि भाजपा मध्यप्रदेश में अपनी विकास यात्रा के कीर्तिमान के कारण जनता का विश्वास प्राप्त कर रही है। श्री प्रसाद ने ये बात मीडिया से बातचीत में कही।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व में कितना सद्भाव और सहमति का अभाव है। यह बड़ा विषय है जो हम जनता को बताएंगे कि यह कांग्रेस पार्टी है जो जनता के भलाई और विकास की झूठी बातें करती है। केन्द्रीय मंत्री ने विपक्षी दलों के इंडी गठबंधन को अवसरवादी गठबंधन बताते हुए कहा कि अभी लोकसभा चुनाव की घोषणा भी नहीं हुई कि अभी से गठबंधन बिखर गया है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश चुनाव में आम आदमी पार्टी, समाजवादी पार्टी भी कूद गई है, वहीं कमलनाथ कहते है कि इनका कोई वजूद ही नहीं है, इन्हें क्या हिस्सा दें, यहां कांग्रेस और भाजपा की सीधी लड़ाई है। श्री प्रसाद ने कहा कि विपक्षियों का गठबंधन अवसरवादियों का ठगबंधन है।

श्री प्रसाद ने कहा कि राहुल गांधी जातिगत जनगणना की बात करते हैं। पहले कोई सावरकर के नाम पर उन्हें चिट्ठी पकड़ा गया था, अब नीतिश कुमार उन्हें जातिगत जनगणना की चिट पकड़ाई, जिसे राहुल गांधी सिर्फ पढ़ने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सिर्फ पिछड़ों की बात करती है, जबकि भाजपा के 80 सांसद पिछड़ा वर्ग से है। पिछड़ा वर्ग से सबसे ज्यादा विधायक भाजपा के हैं। अनुसूचित जाति के विधायक सबसे अधिक भाजपा के है।

### कमलनाथ छिंदवाड़ा में चुनाव हार रहे हैं

श्री प्रसाद ने कहा कि छिंदवाड़ा से यदि कमलनाथ हार जाएं तो कोई आश्चर्य नहीं होगा। उन्होंने कहा कि छिंदवाड़ा में मैंने जो स्थिति देखी उसको देखकर यह कहा जा सकता है, कांग्रेस में हताशा भरी लड़ाई देखने को मिल रही है। उन्होंने कहा कि हम विकास के नाम और अपने काम पर चुनाव लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश आस्था, अध्यात्म और संस्कार की जननी है। यहां भाजपा विकास के मुद्दे पर पुन: सरकार बनाएगी।

सुरजेवाला ने लगाया बड़ा आरोप

# सरकार के संरक्षण में हुआ पटवारी परीक्षा घोटाला



**भोपाल, देशबन्धु।** कांग्रेस महासचिव और प्रदेश प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला ने आज शिवराज सरकार पर बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि पटवारी परीक्षा घोटाला सरकार के संरक्षण में हुआ है।

श्री सुरजेवाला ने आरोप लगाया कि जब यह मामला सामने चुका था, परीक्षाओं के पहले ही सरकार को इस मामले की जानकारी हो गई थी, इसके बाद भी परीक्षाएं क्यों कराई गईं। उन्होंने आज पत्रकार वार्ता में कहा कि कांग्रेस की सरकार आने के बाद पटवारी भर्ती घोटाले की जांच कराई जाएगी और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। कांग्रेस महासचिव सुरजेवाला ने कहा कि इसका खुलासा इसी साल 4 अप्रैल को ही हो गया था, जब ग्वालियर पुलिस ने एफआईआर भी दर्ज कर ली थी लेकिन फिर भी 15 मार्च से 25 अप्रैल तक परीक्षा कराई गई।

उन्होंने कहा कि इस बात का खुलासा इसी साल 4 अप्रैल को ही हो गया था, जब ग्वालियर पुलिस ने एफआईआर भी दर्ज कर ली थी उस गैंग के लोगों ने बताया था कि कैसे वो परीक्षा में सॉल्वर बैठाते है ,लेकिन फिर भी 15 मार्च से 25 अप्रैल तक परीक्षा कराई गई, क्योंकि सॉल्वर गैंग को शिवराज सरकार का संरक्षण प्राप्त था। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस ने आरोपियों से कुछ से लैपटाप, बायोमेट्रिक मशीन सहित अन्य सामाग्री जप्त की थी। सुरजेवाला ने आरोप लगाया कि सरकार के संरक्षण में यह पूरा घोटाला हुआ था, इसलिए प्रदेश स्तर पर व्यापक जांच नहीं कराई गई।

श्री सुरजेवाला ने सवाल किया कि जब 4 अप्रैल को एफआईआर हो गई तो 15 मार्च से शुरू हुई पटवारी भर्ती परीक्षा 25 अप्रैल तक कैसे होती रही, इस भर्ती परीक्षा को रद्द क्यों नहीं किया गया, शिवराज सिंह चौहान क्यों युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करते रहे? इसका जवाब आज युवा पूछ रहा है। सुरजेवाला ने नर्सिंग घोटाले का उल्लेख भी इस दौरान किया और कहा कि इस परीक्षा की जब मेरिट लिस्ट जब सामने आई तो इसमें 10 से से 7 भाजपा विधायक के कॉलेज के थे और एक भाजपा के मंत्री के बेटे के कॉलेज का था, ये सब क्या है ? उन्होंने इस मामले में शिवराज सरकार से जवाब मांगा है। कांग्रेस नेता ने कहा कि मप्र में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद हम इन सभी घोटालों की जांच कराएंगे और उसमें मुख्यमंत्री श्री चौहान की भूमिका की भी जांच कराएंगे और जो भी कोई दोषी होगा उसके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी फिर चाहे वह कोई भी क्यों न हो।

## शाह आज ग्वालियर, शिवपुरी और श्योपुर में करेंगे सभाएं



**भोपाल, देशबन्धु।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह 4 नवंबर को मध्यप्रदेश के ग्वालियर, शिवपुरी और श्योपुर जिले में चुनाव प्रचार पर रहेंगे। इस दौरान श्री शाह पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में 4 जनसभाओं एवं 2 रोड शो करेंगे। केंद्रीय मंत्री श्री शाह 4 नवंबर को दोपहर 12 बजे ग्वालियर पहुंचेंगे। हेलीकॉप्टर द्वारा करैरा पहुंचकर दोपहर 12.40 बजे कृषि उपज मंडी प्रांगण में भाजपा प्रत्याशी रमेश खटीक के समर्थन में विशाल आमसभा को संबोधित करेंगे। श्री शाह दोपहर 1.35 बजे करैरा विधानसभा के सिरसौद में, दोपहर 1.45 बजे मानपुर, दोपहर 2 बजे भौंती में रथसभाएं, दोपहर 2.15 बजे पगारा में स्वागत, दोपहर 2.30 बजे ढाला में स्वागत, दोपहर 2.40 बजे बदरवाद में रथसभाओं को संबोधित करेंगे। श्री शाह दोपहर 2.55 बजे पिछोर नगर के स्टेडियम में भाजपा प्रत्याशी प्रीतम सिंह लोधी के समर्थन में विशाल आमसभा को संबोधित करेंगे। शाम 4.15 बजे हजारेश्वर मेला ग्राउंड, श्योपुर में पार्टी प्रत्याशी दुर्गालाल विजय के समर्थन में आयोजित विशाल आमसभा को संबोधित करेंगे। श्री शाह शाम 7.30 बजे इंटक ग्राउंड हजीरा, ग्वालियर में भाजपा प्रत्याशी प्रद्युम्न सिंह तोमर के समर्थन में विशाल आमसभा को संबोधित करेंगे। श्री शाह रात्रि विश्राम ग्वालियर में करेंगे।

## वाईएसआर तेलंगाना पार्टी विस चुनाव नहीं लड़ेगी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वाईएसआरटीपी अध्यक्ष वाईएस शर्मिला ने शुक्रवार को कहा कि वाईएसआर तेलंगाना पार्टी राज्य में 30 नवम्बर को होने वाला विधानसभा चुनाव नहीं लड़ेगी और विपक्षी कांग्रेस का समर्थन करेगी। अविभाजित आंध्र प्रदेश के दिवंगत मुख्यमंत्री वाईएस राजशेखर रेड्डी की बेटी शर्मिला ने मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव के नेतृत्व वाले बीआरएस के भ्रष्ट और जनविरोधी शासन को समाप्म करने के लिए कांग्रेस को समर्थन देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि जब राज्य में सत्ता परिवर्तन की संभावना हो तो वह सरकार विरोधी वोटों को बांटकर बाधा नहीं बनना चाहेंगी।

# कांग्रेस ने बागियों को दिखवाया बाहर का रास्ता

**भोपाल, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशियों के खिलाफ निर्दलीय या अन्य पार्टियों के टिकट पर मैदान में उतरने वाले बागियों को बाहर का रास्ता दिखा दिया है, पार्टी ने पूर्व सांसद प्रेमचंद गुड्डू और पूर्व विधायक यादवेन्द्र सिंह सहित 39 नेताओं को 6 साल के लिए पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित कर दिया है। पार्टी उपाध्यक्ष, महामंत्री और पूर्व विधायक के नाम बागियों की सूची में शामिल हैं। यह कार्यवाही उन पर की गई है, जिन्होंने पार्टी की समझाईश के बाद भी अपना नामांकन वापस नहीं लिया।

पहले कांग्रेस से टिकट के लिए खुद को कट्टर कांग्रेस बताने वाले इन कांग्रेस नेताओं ने पार्टी प्रत्याशियों की सूची सामने आते ही पहले तो पुरजोर विरोध जताया था, लेकिन जब पार्टी ने उनकी नहीं सुनीं तो वे बगावत पर उतर आए। कुछ ने निर्दलीय चुनाव मैदान में उतर आए तो कुछ ने दूसरी पार्टियों का चुनाव-चिन्ह लेकर कांग्रेस के प्रत्याशी के लिए चुनौती देने लगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के साथ कांग्रेस महासचिव और प्रदेश प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला सहित अन्य नेताओं ने पहले इन नेताओं को समझाईश दी, जिनमें ज्यादातर नेताओं ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की सलाह पर अपना नाम वापस ले लिया, लेकिन जिन्होंने नाम वापसी की अंतिम तारीख तक अपना नामांकन वापस नहीं लिया, उनके खिलाफ पार्टी ने कड़ा रुख अपनाया।

### पूर्व सांसद-विधायक सहित 39 नेता 6 साल के लिए निष्कासित

पूर्व मुख्यमंत्री और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ के निर्देश पर संगठन ने शुक्रवार को निष्कासन की यह कार्रवाई की गई। कांग्रेस द्वारा आलोट से पूर्व सांसद प्रेमचंद गुड्डू, नागोद से पूर्व विधायक यादवेन्द्र सिंह, महू से अंतरसिंह दरबार, श्योपुर से दुर्गेश नंदिनी, सुमावली से कुलदीप सिंह सिकरवार, पोहरी से प्रद्युमन वर्मा, गुना से हरिओम खटीक, जतारा से आर.आर.बंसल(वंशकार), निवाड़ी, रजनीश पटेरिया, खरगापुर से अजय सिंह यादव, खरगापुर से प्यारेलाल सोनी, महाराजपुर से अजय दौलत तिवारी, चंदला, पुष्पेन्द्र अहिरवार, छतरपुर, दीलमणि सिंह, मलहरा से डॉ. करण सिंह लोधी, हटा से अमोल चौधरी, हटा से भगवानदास चौधरी, पवई से रजनी यादव, सेमरिया से दिवाकर द्विवेदी, देवतालाब से सीमा जयवीर सिंह, पुष्पराजगढ़ से नर्मदा सिंह, मुड़वारा से संतोष शुक्ला, बरगी से जयकांत सिंह, सीहोरा से डॉ.संजीव वरकड़े, डिंडोरी से रूदेश परस्ते, बालाघाट से अजय विशाल बिसेन, गोटेगांव से शेखर चौधरी, आमला से सदाराम झारबड़े, शमशाबाद से राजकुमारी केवट, भोपाल उत्तर से आमिर अकील, भोपाल उत्तर से नासीर इस्लाम, सुसनेर से जीतू(जीतेन्द्र) पाटीदार, कालापीपल से चतुर्भुज तोमर, पानसेमल से रमेश चौहान, जोबट से सुरपाल अजनार, धरमपुरी से राजूबाई चौहान, धार से कुलदीप सिंह बुंदेला, बड़नगर से राजेन्द्र सिंह सोलंकी, मल्हारगढ़ से श्यामलाल जोकचंद और बहोरीबंद से शंकर महतो को कांग्रेस ने 6 साल के लिए निष्कासित किया है।

## पूर्व मंत्री जीत पटवारी के भाई नाना पटवारी गिरफ्तार

**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश के पूर्व मंत्री जीत पटवारी के भाई नाना पटवारी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। विगत 2017 में हुए किसान आंदोलन के समय उन्हें आरोपी बनाया गया था। इस मामले में लंबे समय तक फरार होने के बाद उनके खिलाफ स्थाई वारंट जारी हो गया था। आज सुबह उनकी गिरफ्तारी की गई।

पूर्व मंत्री जीतू पटवारी प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष हैं, और वह राऊ विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी हैं। जीतू पटवारी के भाई नाना पटवारी सहित अन्य लोगों पर आरोप है कि उन्होंने किसान आंदोलन के दौरान इंदौर के राजेंद्र नगर पुलिस थाना क्षेत्र में प्रशासनिक अधिकारियों पर हमला किया था। जिसके बाद पुलिस ने इस मामले में नाना पटवारी सहित अन्य लोगों पर मुकदमा दर्ज किया था। लगातार फरार रहने के कारण कुछ दिन बाद न्यायालय ने आरोपी के खिलाफ स्थाई वारंट जारी कर दिया था। पुलिस लम्बे समय से उनकी तलाश कर रही थी। आखिरकार पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर ही लिया है। आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया और यहां से इसे जेल भेज दिया गया। इसके साथ ही श्री पटवारी को राजनीतिक मुश्किलें बढ़ सकती हैं।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**कांग्रेस ने लड़ने और घोटालों....** का बजट 13 गुना बढ़ा है और ट्राइबल वेलफेयर का बजट 57 गुना बढ़ा है। स्वास्थ्य का बजट 26 गुना बढ़ा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत मध्यप्रदेश में 83931 कि.मी. सड़कें 7 साल में बनी है। प्रदेश के 34 स्टेशनों का जीर्णोद्धार करके उन्हें विश्व स्तरीय बनाया जा रहा है। प्रदेश में 3 वंदे भारत ट्रेनें चलाई जा रही हैं। विंध्य एक्सप्रेस वे और नर्मदा प्रगति पथ बनाया जा रहा है। प्रदेश में 14 नए मेडिकल कॉलेज खोले गए हैं और 100 करोड़ की लागत से संत रविदास जी का स्मारक बनाया जा रहा है। लाडली लक्ष्मी योजना और लाडली बहना योजना के तहत बहनों की चिंता सरकार कर रही है। लाडली बहना योजना के अंतर्गत बहनों को 1250 रुपये प्रतिमाह दिये जा रहे हैं।

**दिल्ली दरवार में पैसा....** और ऐसे कई घोटाले कांग्रेस की सरकारों ने किए, जिसके चलते भारत की छवि एक भ्रष्टाचारी देश की बन गई थी। उन्होंने कहा कि चाहे कमलनाथ हों, भूपेश बघेल हों या अशोक गहलोत हों, ये लोग नेता या मुख्यमंत्री नहीं, कलेक्टर हैं। किसी जिले के नहीं, बल्कि ये अपने-अपने प्रदेशों से पैसा कलेक्ट करके दिल्ली दरबार को अर्पित करते हैं। आपके हक के पैसों पर डाका डालकर ये उसे दिल्ली पहुंचाते हैं। श्री नड्डा ने कहा कि मध्यप्रदेश में भी 15 महीनों की कमलनाथ सरकार घोटालों की सरकार थी। ये वही कमलनाथ हैं, जिन्होंने लाखों प्रधानमंत्री आवास वापस कर दिए थे। ये वही कमलनाथ हैं, जिन्होंने जलजीवन मिशन में कोई काम नहीं किया और 248 करोड़ रुपये केंद्र सरकार को वापस कर दिए थे।

**किसान आंदोलन में दर्ज....** ने यहां संतरे पर भी टेक्स लगाया रखा है, इतना टैक्स लेने के बाद भी प्रदेश की अर्थव्यवस्था को इस सरकार ने चौपट बनाकर रखा है। भाजपा सरकार ने कोरोना में ऑक्सीजन घोटाला किया, इन्होंने प्रदेश में भर्ती घोटाला करने का काम किया, माफिया राज देने का काम किया। शिवराज सिंह चौहान ने 22 हजार घोषणाएं की लेकिन धरातल पर कुछ भी नहीं नजर आता है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि17 तारीख को होने वाले मतदान मैं आप सच्चाई का बटन दबाइएगा, क्योंकि यह बटन प्रदेश के भविष्य का बटन है, महिलाओं के भविष्य, उनकी सुरक्षा और सम्मान का बटन है, यह बटन आप सभी नौजवानों के भविष्य का बटन है।

# सेमरिया : मुकाबला हाथी और पंजे का

• रीवा-सतना से नरेंद्र कुमार मौर्य





**रीवा, देशबन्धु।** रीवा में इस बार चौंकाने वाले नतीजे होंगे। कई जगह मतदाता मुखर हैं और जनप्रतिनिधियों के कामकाज का पोस्टमार्टम कर रहे हैं। सबसे पहले हम सेमरिया विधानसभा सीट का जायजा लेते हैं, जहां त्रिकोणीय मुकाबला दिख रहा है। भाजपा ने अपने एक बार फिर विधायक के पी त्रिपाठी को ही प्रत्याशी बनाया है। यह राजनीति का कमाल ही है कि उनके खिलाफ भाजपा छोड़कर आये एक दिग्गज नेता अभय मिश्र कांग्रेसी उम्मीदवार हैं। इन दोनों के ही ख़िलाफ़ बसपा का चिर परिचित चेहरा पंकज पटेल हैं।

हिनौता गांव में जब हम बड़े से बरामदे वाली छोटी दुकान में पहुंचे तो वहाँ पांच-छह ग्रामीण मौजूद थे। देशबन्धु का नाम सुनते ही उन्होंने बात करने में देर नहीं की। नारायण सिंह बेबाकी से बोले कि यहाँ कांग्रेस का जोर है। जनता बदलाव चाहती है। पिछले विधायक के प्रति लोगों में गुस्सा है। मुकाबला अभय मिश्रा और पंकज पटेल के बीच है। भाजपा इस बार तीसरे नम्बर पर जायेगी।

एक सरकारी पल्लेदार ने अपना नाम बताने में मजबूरी जाहिर की लेकिन खुलकर बोले कि अभय मिश्रा नहीं होते तो बसपा जीत जाती, लेकिन उनके आने से बसपा की राह मुश्किल हो गई है। उन्होंने कहा कि सेमरिया में बदलाव होगा। लोग केंद्र में मोदी जी को और प्रदेश में कांग्रेस की सरकार चाहते हैं।

उधर गांव के ही रामनरेश गुप्ता कहते हैं कि महंगाई इतनी बढ़ गई है कि लाड़ली बहना के नाम पर जो पैसा मिलता है वो तो चाय शक्कर में ही चला जाता है। जीरा खरीदते समय बहना का दिमाग खराब हो जाता है। बिजली भी बहुत महंगी हो गई है।

गौरतलब है कि 2003 में जब उमा भारती प्रदेश की मुख्यमंत्री थीं तब सेमरिया विधानसभा सीट अस्तित्व में आई थी। 2008 में पहला चुनाव हुआ और भाजपा के अभय मिश्रा विधायक बने। तब बसपा दूसरे नंबर पर थी। 2013 में अभय मिश्रा की पत्नी नीलम मिश्रा भाजपा के टिकट पर चुनी गई। 2018 में भाजपा के ही के पी त्रिपाठी विजयी हुए। वे इस बार फिर उम्मीदवार हैं, लेकिन यह पहली बार है कि भाजपा की राह कांटों भरी है।

राजनीति के खिलाड़ी किसी भी दल से खेलने को तैयार हो जाते हैं। अभय मिश्रा भाजपा से कांग्रेस में चले गए। और अक्टूबर की शुरुआत में वे फिर यह कहते हुए भाजपा में लौट आए कि उनसे गलती हो गई थी। भाजपा तो उनका घर है, लेकिन जब भाजपा ने उन्हें टिकट नहीं दी तो वे फिर कांग्रेस में लौट आये और कांग्रेस ने उन्हें उम्मीदवार बनाने में देर नहीं की। वे क्षेत्र के कद्दावर नेता है और संपन्न भी हैं। लोग बताते हैं कि उनके कांग्रेस प्रत्याशी बनने से पुराने कांग्रेसी नाराज़ ज़रूर हुए थे, लेकिन अभय मिश्रा ने उन्हें मना लिया। हिनौता गांव के लोग रीवा के सांसद जनार्दन प्रसाद मिश्रा से भी नाराज़ हैं।

उधर शाहपुर गांव के विद्याधर द्विवेदी कहते हैं कि भाजपा का काम अच्छा है। विधायक ने 17 करोड़ रुपए के काम करवाये हैं। उनकी क्षेत्र में अच्छी स्थिति है। लाडली बहना के योजना का भी असर है। लेकिन उनकी बात का इसी गांव के सचिन मिश्रा विरोध करते हैं। वे कहते हैं कि शाहपुर की जनता भी सत्ता परिवर्तन चाहती है।

एक चाय की दुकान में बैठे वयोवृद्ध बुद्धसेन दाहिया पहले तो बहुत देर तक चुप रहते हैं। बार-बार पूछने पर भी कुछ नहीं कहते। बाद में धीरे से कहते है कि हम तो पंकज को ही वोट देंगे। चाहे वो जीते या हारे। वे कहते हैं कि जनता भी हाथी का ही सोच रही है। रामनरेश पटेल उनकी बात का समर्थन करते हैं। वे कहते हैं यहाँ हाथी और पंजे का ही मुकाबला है। उन्होंने बताया यहाँ एक आदिवासी की हत्या हो गई थी। तब कोई नहीं आया, लेकिन पंकज आये थे। जनता इस बार बदलाव चाहती है। तभी वहाँ एक और क्योवृद्ध सज्जन काशीप्रसाद भी आ गए। वे कहने लगे कि ऐसा भी होता है कि वोट कोई के पड़े और जीते कोई और। पर्ची से चुनाव करावें, फिर देखें।

बीड़ा गांव के सुरेंद्रमणि द्विवेदी ने बताया कि क्षेत्र में परिवर्तन की लहर है। उनके अनुसार लड़ाई कांग्रेस और भाजपा में हैं। वैसे बसपा के पंकज पटेल भी हैं। उन्होंने बताया कि कांग्रेस से किसानों को लाभ है। सरकार पांच रुपए किलो गोबर खरीदेगी और उसकी खाद बनाएगी। गांव के वीरेन्द्र सिंह मीणा ने एक दिलचस्प बात कही कि साल में तो पेड़ भी पत्ते छोड़ देते हैं लेकिन भाजपा तो 18 साल से कुछ भी नहीं छोड़ पा रही।

पुरवा बसावन मामा गांव के बैजनाथ जी कहते हैं कि अभी माहौल कांग्रेस का है लेकिन जीतेंगे त्रिपाठी ही। अभी भाजपा प्रत्याशी चुप हैं। उनका प्रचार शुरू नहीं हुआ है लेकिन जब वे सक्रिय होंगे तो आगे निकल जाएंगे। उधर एक युवा छोटू कहते है कि यहां बसपा का जोर है। एक फोन करो तो पंकज पटेल तुरंत आ जाते है। मथुरा काका फांसी लगाकर मर गए थे तब पंकज तुरंत आ गए थे। उन्होंने कहा कि बसपा-कांग्रेस में मुकाबला है। भाजपा इस बार मुश्किल में रहेगी।

सेमरिया कस्बे में पुष्पेन्द्र विश्वकर्मा कहते हैं कि यहाँ सड़क और बिजली की सहूलत अभय मिश्रा की देन है। केपी त्रिपाठी का विरोध है। भाजपा सरकार से लोग थक गए हैं। तभी अहसान ख़ान ने चुटकी ली भाजपा जीत भी सकती है। आखिर एक हजार रुपये देना भी तो काम है। मुहम्मद अंसार कहते हैं कि कांग्रेस-बसपा में ही मुकाबला है। संतु यादव भी कहते हैं कि अभी माहौल कांग्रेस का ही ज़्यादा है। सेमरिया में केपी त्रिपाठी ने कोई काम नहीं करवाये। रामसिया प्रसाद ने कहा कि भ्रष्टाचार बहुत है। त्रिपाठी ग़लत लोगों से जुड़े हैं। इससे उन्हें नुक़सान होगा। राजन द्विवेदी ने भी कहा कि क्षेत्र में आप जहां भी जायेंगे, ज़्तयादातर लोग कांग्रेस का ही नाम लेंगे।

# सतना : कड़े मुकाबले में फँसे भाजपा सांसद



**सतना, देशबन्धु।** पिछले रविवार भाजपा सांसद और अब विधानसभा चुनाव में उम्मीदवार गणेश सिंह ने पत्रकार वार्ता आयोजित की। पत्रकारों ने सोचा कुछ खास बात होगी। लेकिन श्री सिंह सिर्फ पत्रकारों से रूबरू होना चाहते थे। देर होते देख भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एसएन सिंह ने बात शुरू कर दी। वे रटे-रटाये अंदाज में भाजपा की उपलब्धि गिनाने लगे। इस बीच गणेश सिंह भी आ गए। पत्रकार प्रवक्ता से सवाल पूछना चाहते थे, लेकिन उन्हें दरकिनार कर माइक गणेश सिंह को सौंप दिया गया। वे भी अपने काम ब्यौरा देने लगे। इस दौरान वे तनाव मे ही नज़र आये। ऊपर से वे कितने ही शांत दिखने की कोशिश करें, लेकिन उनकी पेशानी पर शिकन दिख ही जाती है। पत्रकारों से सिर्फ मुलाकात करने वाली बात ही जाहिर कर देती है कि वे कड़े मुकाबले में फंसे हैं। इस संवाददाता ने राष्ट्रीय प्रवक्ता से जब सत्ता विरोधी हवा को लेकर सवाल पूछा तो वे कुछ नहीं बोले, सिवाय इसके कि उन्हें मोदी के करिश्मे और शिवराज की मेहनत पर भरोसा है।

भाजपा की दिक्कत बागी रत्नाकर चतुर्वेदी शिवा ने भी बढ़ा दी है जो बसपा से उम्मीदवार हैं। मज़े की बात यह है कि उनके चाचा भाजपा में हैं और पिता बेटे का प्रचार कर रहे हैं। उनका परिवार बसपा और भाजपा में बंट गया है। कांग्रेस ने मौजूदा विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा को फिर मौका दिया है। वे इस बार भी भाजपा को कड़ी टक्कर दे रहे हैं। महुआ बस्ती के शुभ कल्याण सिंह कहते हैं कि सांसद से जनता नाराज़ है। उनकी जगह शिवा खड़े होते तो मुकाबला कड़ा होता। सांसद ने 20 साल में कुछ नहीं किया इसलिए लोग उन्हें पसंद नहीं कर रहे। अभी तो सिद्धार्थ आगे दिख रहे हैं।

लेकिन अशोक साहू कहते है कि शिवा को लोग कम जानते हैं। सिद्धार्थ अपने पिता सुखलाल की वजह से जीते थे। अब उनके पिता नहीं हैं, देखो इस बार क्या होता है। उल्लेखनीय है कि सुखलाल कुशवाहा बसपा के कद्दावर नेता रहे हैं। उन्होंने 1996 के लोकसभा चुनाव में दो पूर्व मुख्यमंत्रियों अर्जुन सिंह और वीरेन्द्र सखलेचा को पराजित किया था। यह भी कयास लगाए जा रहे हैं कि यदि पिछली बार की तरह बसपा का वोट कांग्रेस को नहीं गया तो मुश्किल हो सकती है। क्योंकि शिवा पूरा जोर लगा रहे हैं लेकिन भाजपा सरकार और सांसद के प्रति लोगों की नाराज़गी सिद्धार्थ कुशवाहा के लिए ढाल की तरह काम कर रही है।

शुभ कल्याण सिंह की बात बदखर वार्ड 12 के वाल्मीकि शुक्ला भी दोहराते हैं और कहते हैं कि इस बार जनता हिसाब बराबर कर देगी। राम सिंह बुंदेला कहते हैं कि भाजपा सरकार से लोग थक गए हैं। इतना भ्रष्टाचार है फि बिना लेन-देन के कोई काम नहीं होता। उन्होंने कहा मुख्य मुकाबला कांग्रेस-भाजपा में ही है। शिवा अगर भाजपा से खड़े होते तो बात कुछ और होती। ट्रांसपोर्ट नगर के सुरेन्द्र गुप्ता ने बताया कि भाजपा मुकाबले में है। यह ज़रूर है कि लोगों में नाराज़गी है, लेकिन सांसद को विधानसभा चुनाव में उतार कर भाजपा ने नाराज़गी कम करने की कोशिश की है। अब देखो इसका कितना असर होता है।

उधर मणिकांत शुक्ला यहाँ त्रिकोणीय मुकाबला बताते हैं। उनका मानना है कि शिवा कमज़ोर नहीं हैं। वे भाजपा और कांग्रेस दोनों का नुकसान करेंगे। वे बाजी पलटने की क्षमता रखते है। उन्होंने बताया कि ट्रांसपोर्ट नगर में मिले जुले वोट हैं। मुस्लिम भी अच्छी संख्या में हैं उनके वोट कांग्रेस में जाएंगे। लेकिन यहाँ से भाजपा को भी अच्छे वाले वोट मिलेंगे। व्यापारी राजकिशोर अग्रवाल को भी सतना में त्रिकोणीय मुकाबला नज़र आता है। वे कहते हैं तीनों में कांटे की टक्कर है। कह नहीं सकते आखिर में कौन बाजी मारेगा।

माधवगढ़ के दादन तोमर साफ कहते हैं कि जनता परिवर्तन चाहती है। किले के पास ही तोमर की पान की दुकान है। उन्होंने बताया कि सरकार ने यह किला लीज़ पर दे दिया है। सामने इस तरफ सड़क बन रही है। सरकार उनकी दुकान को हटाना चाहती है। अब मैं कहाँ जाऊँ। हमारे पास पक्के कागज हैं। हमने नपाई के लिए आवेदन किया है, लेकिन नौ महीने बाद भी पटवारी ने नपाई नहीं की। सड़क किनारे ठेले पर चाय-बिस्कुट की दुकान करने वाले सुधीर जायसवाल ने कहा कि हम उसे वोट देंगे जो भ्रष्टाचार खत्म करेगा। एक तिरछी मुस्कान के साथ वे कहते हैं जिन्होंने बहुत मज़े मारे, अब वे मुश्किल में हैं। उन्होंने जनता को खूब चूना लगाया। अब जनता भी उन्हें चूना लगाने को तैयार बैठी है।

सुधीर जायसवाल ने बताया कि वे रात दस बजे तक दुकान चलाते हैं। उसके बाद अपना यूट्यूब चैनल चलाते हैं। उनके चैनल का नाम है 'सोच कर देखें'। उन्होंने बताया अभी शहर और समाज की बात करते हैं। फिर राजनीति की ही करेंगे। अभी शुरुआत है इसलिए वे सब कुछ स्वयं ही करते हैं। बात करते हुए वे बहुत उत्साहित थे। एक दूसरे दुकानदार सुधीर द्विवेदी कहते हैं कि भाजपा सांसद बहुत मुश्किल में हैं। उन्हें पार्टी में भी और क्षेत्र में भी विरोध का सामना करना पड़ रहा है। वे इससे कैसे निपटते हैं इस पर ही पूरा खेल टिका है।

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा श्री सिद्धि विनायक प्रिंटर्स, प्लाट नं. 26 बी देशबन्धु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल म.प्र. 462011 से मुद्रित एवं प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** फोन 0755-4222971, ई-मेल deshbandhubpl1@yahoo.co.in प्रेस पंजीयन-प.स. 45096/85 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।